# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

08 अप्रैल 2025

मंगलवार





मधेपुरा में पारिवारिक विवाद में दो बेटियों के साथ मां ने खाया जहर, तीनों की मौत 2




# हैवानियत की हदें पार... कन्या पूजन को गई छह साल की मासूम की रेप के बाद हत्या

## भरोसे व रिश्ते का कत्ल

- दुर्ग शहर के मोहन नगर थाना क्षेत्र के ओम नगर का मामला
- सगा चाचा निकला वहशी और हत्यारा, बच्ची के प्राइवेट पार्ट के पास के हिस्से को सिगरेट से दागा और लाइटर से जलाया

**एजेंसी/भिलाई**

## समाज का एक घिनौना चेहरा यह भी है... अपनों के बीच में कौन है वहशी पहचानना मुश्किल



दुर्ग के मोहन नगर थाना क्षेत्र के ओम नगर में रविवार को हुए मासूम की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। घटना का मुख्य कोई और नहीं बल्कि बच्ची का सगा चाचा निकला। 6 साल की मासूम बच्ची से उसके ही सगे चाचा सोमेश यादव ने दुष्कर्म किया और उसके बाद हत्या कर शव को कार में छिपा दिया। सगे चाचा ने बच्ची से हैवानियत की सारी हदें पार कर दी। बच्ची के प्राइवेट पार्ट के पास सिगरेट से दागा और लाइटर से जलाया। दुर्ग पुलिस ने सोमवार शाम को पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर-6 में इस पूरे मामले का खुलासा किया है।

बता दें रविवार सुबह रविवार सुबह 9 बजे बच्ची पास के मंदिर में अन्य बच्चियों के साथ कन्या भोज के लिए गई थी। जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। दिनभर तलाश के बावजूद मासूम का पता नहीं चला। परिजन लगातार बच्ची की तलाश कर रहे थे। इस बीच किसी ने बताया कि बच्ची की लाश कार की डिक्की में है। परिजन मौके पर पहुंचकर लाश को डिक्की से बाहर निकाला। बच्ची का शव बुरी हालत में कार के अंदर सीट के नीचे पड़ी थी, उसके पूरे शरीर पर चोट के निशान थे, चमड़ी उधड़ी हुई थी। पुलिस के साथ परिजन बच्ची को लेकर दुर्ग जिला अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने शुरूआती जांच में बच्ची की मौत इलेक्ट्रिक शॉक लगने से होना बताया। इसके बाद ओम नगर क्षेत्र में तनाव बढ़ गया। देर रात लोगों ने संदेही के घर पर आग लगा दी। उसके परिजनों को जान बचाकर भागना पड़ा। हालांकि पुलिस के खुलासे में बात कुछ और ही निकली।

### दिनभर बच्ची की खोजबीन का नाटक करता रहा चाचा

एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि रविवार की सुबह बच्ची की दादी घर पर भजन लगाकर चली गई। इस दौरान घर पर कोई नहीं था। इस बीच बच्ची पहुंची तो चाचा अकेला घर पर था। इसके बाद चाचा ने बच्ची को बहलाया और ऊपर के कमरे में ले गया। दुष्कर्म करने के बाद बच्ची को बेहोशी की हालत में घर के पास खड़ी कार में बंद कर दिया। इतना करने के बाद आरोपी दिनभर बच्ची की खोजबीन का नाटक करता रहा। इस घटना ने लोगों को झकझोर दिया है। साथ ही सवाल उठने लगा है कि क्या मासूमों के साथ दुष्कर्म की घटना से जुड़े कानून में बदलाव अब समय की मांग है?

## बनारस में युवती के साथ 7 दिन तक 23 युवकों ने किया रेप

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी से युवती से दरिंदगी की खबर सामने आई है। यहां एक युवती के साथ सात दिनों तक 23 युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बाकी अन्य आरोपियों की तलाश पुलिस कर रही है। वाराणसी के पांडेयपुर की रहने वाली युवती 29 मार्च को बॉयफ्रेंड के साथ घर निकली थी, लेकिन वह लौटी नहीं। युवती अपने बॉयफ्रेंड के साथ अक्सर जाती थी, इसलिए परिजनों को लगा लौट आएगी, लेकिन जब 4 अप्रैल तक युवती नहीं लौटी तो परिजनों को चिंता हुई। पिता ने लालपुर-पांडेयुर थाने में इसकी सूचना दी और गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। 4 अप्रैल को ही युवती मिल गई। शनिवार को पिता ने फिर पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर मिलने पर 12 नामजद और 11 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में पिता ने बताया कि उसकी बेटी के साथ कई युवकों ने हुक्काबार, होटल और अन्य जगहों पर सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने युवती का मेडिकल कराने के साथ हुकुलगंज और लल्लापुर के 6 युवकों को गिरफ्तार किया है। इसमें युवती का बॉयफ्रेंड और हुक्काबार संचालक भी शामिल है। वहीं, युवती ने पुलिस को बताया कि उसे नशीला पदार्थ देकर हुक्काबार, अलग-अलग होटल, लॉज में सामूहिक दुष्कर्म किया गया। बताया जा रहा है कि 4 अप्रैल को गुमशुदगी दर्ज होने के बाद युवक खुद युवती को पांडेयपुर में छोड़ गए थे। इसके बाद युवती परिजनों के साथ 4 अप्रैल को ही थाने पहुंची।

## खबरें फटाफट

### वक्फ मामले में सुप्रीम कोर्ट का तत्काल सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। सोमवार को दायर की गई याचिका को लेकर भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने तत्काल सुनवाई से इनकार किया। हालांकि पीठ ने ये बात जरूर कही कि जब ईमेल भेजकर तत्काल लिस्टिंग कराने की व्यवस्था है तो फिर मौलिक उल्लेख क्यों किया जा रहा है। पीठ ने कहा है कि उचित समय पर याचिका पर सुनवाई की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और ए एम सिंघवी ने पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई का आग्रह किया। पीठ ने कहा कि ईमेल के जरिए जब भेजने की व्यवस्था है तो तत्काल सुनवाई का कोई औचित्य नहीं। जिसके बाद सीजेआई ने फिर अपनी बात दोहराई कि हर रोज सभी मामले दोपहर में पेश किए जाते हैं, जिसके बाद अदालत उन्हें सूचीबद्ध करने पर निर्णय लेती है। सुप्रीम कोर्ट में अलग-अलग कुल 11 याचिका दायर की जा चुकी है। कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद, हैदराबाद से सांसद और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी, आप विधायक अमानतुल्ला खान, जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी व अन्य ने याचिका दायर की है।

## राहुल गांधी ने पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन को किया संबोधित

# जातीय जनगणना कराने से हमें दुनिया की कोई शक्ति नहीं रोक सकती: राहुल

- बोले- इस देश में अगर आप दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग, ईबीसी, और महिला हो तो आप सेकेंड क्लास सिटीजन हैं

**केटी न्यूज/पटना**

पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में संविधान सुरक्षा सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि अगर आप संविधान को पकड़ते हैं तो सच्चाई की विचारधारा को पकड़ते हैं। लेकिन क्या इसमें सावरकर जी की विचारधारा है? नहीं है। क्योंकि वो सच्चाई का सामना नहीं कर सके। यह बात मुझे कहनी होगी, भले ही किसी को बुरा लगे। उन्होंने कहा कि इस देश में अगर आप दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग, ईबीसी, और महिला हो तो आप सेकेंड क्लास सिटीजन हो। यह मैं ऐसे ही नहीं पढ़ लिखकर बोल रहा हूं। राहुल गांधी ने कहा कि मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संसद में कहा कि आपने जो 50 प्रतिशत आरक्षण की झूठी दीवार बना रखी है, उसे आप नहीं तोड़ पाएंगे। उस दीवार को हम तोड़ेंगे। देश में महज 10 से 15 लोग हैं। इन लोगों ने पूरे कॉरपोरेट सेक्टर को पकड़ के रखा है। अंबानी और अदाणी ने कब्जा कर रखा है। जीएसटी आप देते हैं लेकिन कर्जा माफ उनका होता है। यह गलत है। हम 21वीं सदी में जी रहे हैं। यह डाटा की सदी है। तेलंगाना में हमारे पास पूरा का डाटा हमारे हाथों में है। इस डाटा के जरिए हम पूरी राजनीति की बदल सकते हैं। जातीय जनगणना के जरिए हम आपको सबकुछ दिला सकते हैं।

मोहन भागवत जी कहते है कि जातीय जनगणना नहीं होनी चाहिए। लेकिन, हमलोग सामाजिक एक्स-रे यानी जातीय जनगणना के पक्ष में हैं। इससे एक चीज की सच्चाई का पता चलता है। यह एक क्रांतिकारी कदम है। इसलिए आरएसएस और भाजपा इसे रोकना चाहती है, लेकिन, दुनिया की कोई शक्ति इसे करने से नहीं रोक सकती है। राहुल गांधी ने बिहार में कांग्रेस पार्टी का रोल बताते हुए कहा कि गरीब, कमजोर, ईबीसी, ओबीसी, दलित और सामान्य लोगों को जोड़कर इज्जत देकर आगे बढ़ाना ही कांग्रेस पार्टी का काम है। कांग्रेस को पहले जो काम करना चाहिए था, जिस मजबूती से काम करना चाहिए था। वह हमने नहीं किया। हम अपनी गलती से समझे हैं। और, हम बिना रुके पूरी शक्ति के साथ बिहार के कमजोर और गरीब लोगों को लेकर एकसाथ आगे बढ़ेंगे। कुछ दिन पहले हमने अपने जिला अध्यक्षों का चुनाव किया। मैं यह नहीं कहूंगा कि यह एक बड़ा कदम है। लेकिन, यह जरूरी कदम है।

### कांग्रेस की पलायन रोको, नौकरी दो पदयात्रा में हुए शामिल



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी बिहार के बेगूसराय कांग्रेस की 'पलायन रोको, नौकरी दो' पदयात्रा में शामिल हुए। सफेद टी-शर्ट पहने राहुल गांधी के साथ कन्हैया कुमार और कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष राजेश कुमार सहित कई पार्टी नेता भी उनके साथ मौजूद थे। कांग्रेस और उसकी छात्र एवं युवा शाखा के बड़ी संख्या में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी पदयात्रा में भाग लिया। उन्होंने पार्टी के झंडे और तख्तियां लेकर रक्षा बलों में खाली पदों को तत्काल भरने की मांग की।

### राहुल के कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में मारपीट

एक दिन के बिहार दौर पर गए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। दरअसल पटना के सदाकत आश्रम में उस समय बवाल हुआ जब राहुल गांधी पार्टी दफ्तर पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान गुटबाजी खुलकर सामने आ गई और देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मौके पर मौजूद कांग्रेस के कुछ कार्यकताओं ने एक अन्य कार्यकर्ता की जमकर पिटाई कर दी, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। घटना के संबंध में कार्यकताओं का कहना है कि कार्यक्रम शुरू हो चुका था। राहुल गांधी संबोधन कर रहे थे। तभी अखिलेश सिंह और उनके समर्थक आकर खड़े हो गये। टुन्ना सिंह ने कहा कि आपलोग साइड हो जाईये। इसी बात पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह के कट्टर समर्थक रवि रंजन भारद्वाज उर्फ नेता ने आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए उनपर तंज कसा। इसी बात को लेकर दोनों में वहीं झड़प हो गई। मामला बिगड़ता देख अखिलेश सिंह सदाकत आश्रम से बाहर निकलने लगे। बाहर निकलने के दौरान दोनों तरफ से कार्यकर्ता फिर नारेबाजी करने लगे। इसी बात को लेकर एक बार फिर दोनों तरफ से झड़प हो गई और फिर वहां मौजूद अन्य कार्यकर्ताओं ने रवि रंजन भारद्वाज उर्फ नेता जी को पीट दिया। अखिलेश का खास शख्स मार खाता रहा और वह देखते रहे।

## पटना में नहाने के दौरान गंगा में डूबने से तीन युवकों की मौत

### दो की बची जान... मृतकों में दो सगे भाई जबकि एक पड़ोसी



**केटी न्यूज/पटना**

राजधानी पटना में नहाने के दौरान पांच युवक गंगा नदी में डूब गए। हालांकि 2 लोगों को गोताखोरों ने बाहर निकाल लिया लेकिन बाकी तीनों को नहीं बचाया जा सका। ये सभी एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं, जो शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए थे। घटना जिले के मोकामा प्रखंड के हाथीदह थाना क्षेत्र के दरियापुर की है।

बताया जाता है कि परिवार में किसी की शादी थी। इसी बीच ये सभी पांचों युवक गंगा नदी में नहाने गए थे। जहां गहराई का अंदाजा नहीं रहा और एक के बाद एक सभी डूबने लगे। हालांकि स्थानीय गोताखोरों ने किसी तरह से दो युवकों को बचा लिया लेकिन तीन युवकों की डूबने से मौत हो गई। तीनों के शव को नदी से बाहर निकाल लिया गया है। सभी मृतक एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। मृतकों की पहचान मोहम्मद मेराज, मोहम्मद इब्राहिम और मोहम्मद अमीर के रूप में हुई है। ये सभी बिहार से बाहर रहकर काम करते थे। ईद के मौके पर अपने घर आए थे। इसी बीच शादी समारोह में शामिल होने के लिए रुक गए थे। अब इस हादसे में तीनों की मौत हो गई।

वहीं, घटना के संबंध में हाथीदह थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने 3 लोगों की मौत की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि तीन युवकों की डूबने से मौत हो गई है। हालांकि दो लोगों को स्थानीय गोताखोरों की मदद से बचा लिया गया है। फिलहाल सभी को अस्पताल भेजकर छानबीन शुरू कर दी गई है। इस बड़े हादसे के बाद दरियापुर गांव में शादी की खुशियां मातम में बदल गयीं। ग्रामीणों ने जानकारी दी कि सोमवार को मोहम्मद रजी की बारात दरियापुर से बेगूसराय के डुमरी गांव जाने वाली थी। तीनों युवक छुट्टी लेकर शादी समारोह में शामिल होने आये थे, लेकिन उन्हें क्या मालूम काल उनका इंतजार कर रहा है। मुहल्ले के तीन दोस्तों की मौत की सूचना मिलते ही शादी वाले घर में माहौल गमगीन हो गया। परिजनों के रोने बिलखने से शादी की खुशियां मातम में बदल गयी। दो मृतक रिश्ते में भाई थे, जबकि तीसरा पड़ोसी था।

## एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम 50 रु. बढ़े

### महंगाई का झटका

**एजेंसी/नई दिल्ली**

आम आदमी को महंगाई का तगड़ा झटका लगा है। मोदी सरकार ने एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि की है। एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में 50 रुपये की वृद्धि हुई है। यह वृद्धि उज्जवला गैस सिलेंडर पर भी लागू होगी। पहले उज्जवला गैस सिलेंडर 503 रुपये में मिला करते थे, जो अब 553 रुपये में मिलेंगे। वहीं आम एलपीजी सिलेंडर के दाम 803 रुपये की जगह 853 रुपये हो गए हैं। सरकार की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार, मंगलवार 8 अप्रैल 2025 से गैस सिलेंडर की कीमतों में 50 रुपये की वृद्धि की जा रही है। यह वृद्धि उज्ज्वला योजना और नॉन उज्ज्वला योजना यानी सभी उपभोक्ताओं पर लागू होगी। अब नई कीमतों के अनुसार उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर के लिए 50 रुपये अधिक चुकाने होंगे।

### पेट्रोल-डीजल पर बढ़ाई गई एक्साइज ड्यूटी

केंद्र सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर दो रुपये एक्साइज ड्यूटी बढ़ाने का फैसला किया है। हालांकि इसका कोई असर आम ग्राहकों की जेब पर नहीं दिखाई देगा।भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की तरफ से जानकारी दी गई है कि पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी बढ़ाने का फैसले से आम लोगों पर कोई असर नहीं बढ़ेगा।

## सीएम योगी आदित्यनाथ को 10 अप्रैल को जान से मारने की मिली धमकी

**एजेंसी/लखनऊ**

शाहजहांपुर के पुलिस अधीक्षक कार्यालय के जन शिकायत प्रकोष्ठ में आए पत्र में सीएम योगी आदित्यनाथ को दस अप्रैल को जान से मारने की धमकी दी गई है। मामले में सदर थाने के उपनिरीक्षक ने मुकदमा दर्ज कराया है। 25 मार्च को एसपी को संबोधित पत्र रजिस्ट्री डाक के माध्यम से जन शिकायत प्रकोष्ठ को प्राप्त हुआ था। पत्र में लिखा है कि रिश्तेदार मुख्तार अंसारी व अतीक अहमद को पुलिस एनकाउंटर में मरवा दिया व दोनों नेताओं के लड़कों को जेल भेज दिया। चुनौती देते हैं कि इसी दस अप्रैल को सीएम योगी आदित्यनाथ को जान से मारेंगे। जनपद के पुलिस अधीक्षक में दम है तो रोक लें। इतना ही नहीं, यह भी लिखा कि पहले से चैलेंज करता हूं कि अपने सीएम को बचा सकते हो तो बचा लो। दस अप्रैल को उनकी जिंदगी का आखिरी दिन होगा।






## पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बर्खास्त किए गए टीचर्स से की मुलाकात, बोलीं...

# एजुकेशन सिस्टम को बर्बाद करने की चल रही है साजिश

**एजेंसी/कोलकाता**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में बर्खास्त किए गए टीचर्स से मुलाकात की। ममता बनर्जी ने कहा कि यह न समझें कि हमने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को स्वीकार कर लिया है। हम पत्थर दिल नहीं हैं और ऐसा कहने के लिए मुझे जेल भी हो सकती है, लेकिन मुझे परवाह नहीं है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, सुप्रीम कोर्ट को साफ करना चाहिए कि कौन योग्य है और कौन नहीं। हमें लिस्ट दीजिए। भारतीय जनता पार्टी शासित मध्य प्रदेश में व्यापम मामले में इतने लोग मारे गए। उन्हें आज तक न्याय नहीं मिला। नीट में कई आरोप सामने आए। सुप्रीम कोर्ट ने परीक्षा रद्द नहीं की। बंगाल को क्यों निशाना बनाया जा रहा है? हम जानना चाहते हैं। आप बंगाल की प्रतिभा से डरे हुए हैं। सीएम बनर्जी ने कहा, एजुकेशन सिस्टम को बर्बाद करने की साजिश चल रही है। 9वीं, 10वीं, 11वीं, 12वीं क्लास के टीचर हाईयर एजुकेशन के लिए एंट्री गेट हैं। कई टीचर्स गोल्ड मेडल विजेता हैं। उन्होंने अपनी जिंदगी में बेहतरीन नतीजे हासिल किए हैं और आप उन्हें चोर कह रहे हैं। आप उन्हें अक्षम कह रहे हैं, आपको यह अधिकार किसने दिया? कौन यह खेल खेल रहा है। उन्होंने कहा कि हम कोई रास्ता निकालेंगे और आपके साथ खड़े होंगे। दो महीने तक कष्ट सहें, आपको 20 साल तक कष्ट नहीं सहना पड़ेगा और मैं उन दो महीनों का भी मुआवजा दूंगी। आपको भीख नहीं मांगनी पड़ेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूली नौकरियों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से बंधी हूं, लेकिन स्थिति को सावधानी और निष्पक्षता से संभालने के लिए सक्रिय कदम उठा रही हूं। ममता बनर्जी ने कहा कि मेरा नाम ऐसी चीज में घसीटा जा रहा है जिसके बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने पिछले हफ्ते पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग द्वारा 2016 में भर्ती किए गए 25,000 से ज्यादा टीचर्स और स्कूल कर्मचारियों की नियुक्तियों को रद्द कर दिया था।

### गेहूं काटने के दौरान पति से हुआ था झगड़ा, गुस्से में आकर पत्नी ने उठाया कदम

# मधेपुरा में पारिवारिक विवाद में दो बेटियों के साथ मां ने खाया जहर, तीनों की मौत



**केटी न्यूज/मधेपुरा**

मधेपुरा में पारिवारिक विवाद के चलते महिला ने अपनी दो मासूम बेटियों संग जहर खाकर आत्महत्या कर ली। घटना मुरलीगंज थाना क्षेत्र के बेलोडीह गांव के वार्ड संख्या-4 की है। मृतकों की पहचान राजेश राम की पत्नी चंदन देवी (26) और उसकी बेटी रागिनी कुमारी (5) और निधि कुमारी (3) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतका के ससुराल वाले काफी गरीब हैं। दूसरे के खेतों में मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। पति-पत्नी किसी दूसरे के खेत में गेहूं काटने के लिए गए थे। खेत में ही दोनों के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद चंदन देवी घर चली गई। पहले अपनी दोनों बेटियों को जहर खिलाया, फिर खुद भी जहर खा लिया। कुछ देर बाद जब पति मजदूरी कर घर आया, तो उसे पूरे मामले की जानकारी मिली। ग्रामीण डॉक्टर के पास तीनों को ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतका के पिता प्रमोद राम ने बताया कि 2019 में चंदन और राजेश की शादी हुई थी। शादी के कुछ साल बाद से ही दोनों में झगड़ा होना शुरू हो गया था। आए दिन दोनों छोटी-छोटी बातों पर लड़ते रहते थे। एक बार विवाद ज्यादा बढ़ने पर अपनी बेटी को अपने साथ लेकर चला गया। उसकी दोनों बेटी को उसके पति के हवाले करके। लेकिन कुछ दिन बाद मुखिया और राजेश के आग्रह करने पर चंदन वापस ससुराल आ गई थी। मुखिया ने आश्वासन दिया था कि अब दोनों के बीच झगड़ा नहीं होगा। मुखिया कि बात पर भरोसा करके और अपनी दोनों नातिन का मुंह देखकर मैंने उसे आने दिया था। किसी को आशंका नहीं था कि यह विवाद इतना गंभीर रूप ले सकता है।

**सास-ससुर भी करते थे झगड़ा:** पुलिस के अनुसार सास-ससुर भी अक्सर झगड़ा करते थे। घटना की सूचना मिलते ही मुरलीगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पति को हिरासत में ले लिया है। सास और ननद फरार है। मुरलीगंज थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है, लेकिन पुलिस अपने स्तर से छानबीन कर रही है।


## अवैध संबंध को लेकर बच्चों के सामने पत्नी की हत्या

बगहा में रविवार रात अवैध संबंध के शक में पति ने पत्नी की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी। महिला के चेहरे पर कुल्हाड़ी से कई बार वार किए गए हैं। पत्नी की हत्या के बाद आरोपी पति रातभर लाश के पास बैठा रहा। स्थानीय लोगों के मुताबिक, आरोपी ने लोगों से सुबह पुलिस थाने में सरेंडर करने की बात कही थी, लेकिन फरार हो गया। मृतका की पहचान पूजा देवी (30) के रूप में हुई है। उसकी शादी 2005 में भगन राम (33) से हुई थी। दंपत्ति के तीन छोटे बच्चे हैं। उनके नाम सोनू कुमार (10), सुनीता कुमारी (8) और रितेश (6) है। पुलिस आरोपी भगन राम की तलाश में जुटी है। घटना पश्चिम चंपारण के धनहा थाना क्षेत्र अंतर्गत देवीपुर गांव की है। बेटी सुनीता ने बताया कि पापा 12 बजे घर आए थे। हम लोग खाना खाकर सो गए थे। पापा ने घर का लाइट बंद कर पहले मां का मुंह दबाया। फिर मां को कुल्हाड़ी से कई बार मारे। इसके बाद सुबह घर से भाग गए।' फिलहाल महिला के मायके वाले तीनों बच्चों को अपने साथ ले गए हैं। बताया जा रहा है कि आरोपी किसी काम से बाहर निकला हुआ था। रविवार को अचानक वह घर लौटा। इसी दौरान उसने अपनी पत्नी को किसी अन्य व्यक्ति के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। पहले दोनों में लड़ाई हुई, फिर गुस्से में भगन ने कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर पूजा देवी की हत्या कर दी।इस दौरान तीनों बच्चे घर में सो रहे थे। हालांकि, लड़ाई के दौरान सुनीता जाग गई थी। उसने अपने पिता को मां को मारते हुए देख लिया। स्थानीय लोगों का कहना है, 'हत्या के बाद आरोपी पति रात भर घर में लाश के पास बैठा रहा और सुबह करीब 5 बजे घर से निकला। उसने गांव वालों से कहा कि वह थाने जाकर सरेंडर करेगा, लेकिन वह थाने नहीं पहुंचा और लापता हो गया।

## वैशाली में रिश्वत लेते डेटा एंट्री ऑपरेटर रंगेहाथ गिरफ्तार

**केटी न्यूज/वैशाली**

वैशाली में विजिलेंस की टीम ने रिश्वत लेते एक डाटा एंट्री ऑपरेटर को गिरफ्तार किया है। बिदुपुर अंचल कार्यालय में तैनात ऑपरेटर आदित्य कुमार के पास से 12 हजार रुपए बरामद किए गए हैं। मामला मथुरा पंचायत के पूर्व सरपंच शैलेंद्र सिंह से जुड़ा है। सिंह ने दो जगह की जमीन का दाखिल-खारिज कराने के लिए आवेदन किया था। आदित्य कुमार ने इस काम के लिए 20 हजार रुपए की मांग की। बातचीत के बाद 15 हजार रुपए पर सहमति बनी। इसमें से 12 हजार रुपए पहले और 3 हजार रुपए बाद में देने की बात हुई। आरोपी को रंगे हाथ किया अरेस्टशैलेंद्र सिंह ने रिश्वत देने से मना कर विजिलेंस में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद विजिलेंस ने कार्रवाई की योजना बनाई। धावा दल में विजिलेंस डीएसपी विंध्याचल प्रसाद राजन प्रसाद, सत्येंद्र कुमार और इंस्पेक्टर मुरारी प्रसाद शामिल थे। टीम ने आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। निगरानी के अधिकारी विंधाचल प्रसाद ने कहा कि शैलेंद्र कुमार सिंह ने एक आवेदन दिया था। उनका दो जगह जमीन था। उसी के म्युटेशन के लिए डेटा एंट्री ऑपरेटर ने 12 हजार रूपए मांगे थे। मां के नाम पर जमीन था। वो पैसा देना नहीं चाहते थे।




## जंगल में जमीन के नीचे से मिला नक्सलियों के हथियारों का जखीरा, बड़ी साजिश हुई नाकाम

**केटी न्यूज/लखीसराय**

लखीसराय के मनियारा जंगल में पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने एक बड़ी नक्सली साजिश को नाकाम कर हथियारों का भारी जखीरा बरामद किया है। पीरीबाजार थाना क्षेत्र के कठोतिया, मनियारा और हदहदिया के जंगलों में चलाए गए विशेष सर्च ऑपरेशन के दौरान हुई। सुरक्षा बलों को इनपुट मिला था कि नक्सली किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहे हैं और इसके लिए जंगल में हथियार छुपाए गए हैं। इसी सूचना के आधार पर पुलिस और एसएसबी की टीम ने पूरे क्षेत्र में गहन तलाशी अभियान चलाया। जिसमें बाद यह सफलता मिली।

**जमीन के नीचे छिपा था मौत का सामान :** जानकारी के मुताबिक, तलाशी के दौरान टीम को जमीन के नीचे छिपाकर रखे गए घातक हथियार और विस्फोटक सामग्री मिली। बरामद सामानों में एक मास्केट, आठ जिंदा कारतूस, 13 नॉन इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, साथ ही नौ लेवी बुक, इंसास और एलएमजी की मैगजीन शामिल हैं। पुलिस का मानना है कि नक्सली इन हथियारों का इस्तेमाल सुरक्षा बलों या आम नागरिकों पर हमले के लिए कर सकते थे। सुरक्षा बलों ने अत्यंत सतर्कता और सावधानी से इन हथियारों को बरामद किया, जिससे किसी भी तरह का हादसा टल गया। पहले ही हथियार पकड़े गए।

**मौके से भाग गए नक्सली, पर की जा चुकी है पहचान :** इस ऑपरेशन के दौरान कोई भी नक्सली मौके पर नहीं पकड़ा गया। सभी जंगल के भीतर से फरार हो गए। हालांकि एसपी अजय कुमार ने बताया कि नक्सलियों की पहचान कर ली गई है। एसपी ने कहा कि इस ऑपरेशन से स्पष्ट है कि नक्सली एक बार फिर इलाके में अपने नेटवर्क को सक्रिय करने की कोशिश कर रहे थे, नक्सलियों के खिलाफ अभियान अब और तेज होगा। शांति, सुरक्षा और विकास को नुकसान पहुंचाने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सघन निगरानी और गश्त बढ़ा दी गई है।

## ग्रामीण इलाकों में 103 नए पुलों का होगा निर्माण

**पटना।** बिहार में ग्रामीण सड़क संपर्क को सुदृढ़ करने की दिशा में केंद्र सरकार ने एक बड़ी पहल करते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्ष 2024-25 के लिए 367.94 करोड़ की नई योजनाओं को मंजूरी दी है। इन योजनाओं के अंतर्गत राज्य में पांच नई सड़कों के साथ 103 पुलों का निर्माण किया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों को मजबूत और टिकाऊ सड़क नेटवर्क से जोड़ा जा सकेगा। इन परियोजनाओं के तहत कुल 33.65 किलोमीटर लंबी सड़कों और 3891.17 मीटर लंबे पुलों का निर्माण किया जाएगा। स्वीकृत राशि में से 214 करोड़ रुपये केंद्र सरकार की ओर से की गई है।




## गोपालगंज में 110 शिक्षकों पर गिरी गाज, विभाग ने लिया एक्शन

**गोपालगंज।** गोपालगंज के कुचायकोट प्रखंड के शिक्षकों को ई-शिक्षा कोष ऐप पर अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करने का भारी खामियाजा भुगतना पड़ा है। दरअसल, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अशोक कुमार सिंह ने सोमवार को 110 शिक्षकों पर कड़ा एक्शन लेते हुए उनकी एक दिन की वेतन रोक कर दी और 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण की मांग की। यदि शिक्षकों ने निर्धारित समय में स्पष्टीकरण नहीं दिया, तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए वरीय अधिकारियों से अनुशंसा की जाएगी। विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने और शिक्षकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए हाजिरी रजिस्टर के साथ-साथ ई-शिक्षा कोष ऐप पर भी उपस्थिति दर्ज करने का निर्देश है।

## 3.50 करोड़ के विवाद में बिल्डर को किया था अगवा

- दिल्ली से पटना लौटने के बाद बिल्डर को एयरपोर्ट से बाहर निकलने के बाद ही जबरन गाड़ी में बैठा लिया गया था



**केटी न्यूज/पटना**

पटना पुलिस ने बिल्डर श्रीकांत को किडनैप करने के मामले में 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के साथ बिल्डर के भाई का साढ़े 3 करोड़ रुपए को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद में वारदात को अंजाम दिया गया था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बब्लू गिरी, मनीष कुमार, विकास आनंद के तौर पर हुई है। अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। श्रीकांत दिल्ली से पटना लौटे थे। एयरपोर्ट से बाहर निकलने के बाद ही उन्हें जबरन गाड़ी में बैठा लिया गया। विरोध करने पर मारपीट भी की गई। पुलिस को इसकी सूचना मिली। इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला। दोपहर 2 बजे के करीब चितकोहरा पुल के पास से ब्लैक कलर की कार बरामद कर लिया।

**गाड़ी में बिठाकर शहर में घुमा रहे थे :** हवाई अड्डा थानेदार संतोष कुमार शर्मा ने बताया बिल्डर की भांजी रिंकी ने आवेदन दिया था। दो बड़ी गाड़ी और 2 बाइक से किडनैपर आए थे। श्रीकांत को किडनैपर गाड़ी में बिठाकर शहर का चक्कर लगा रहे थे। रुपए वापस करने का दबाव बना रहे थे। कंकड़बाग के आंसू कॉलोनी में आरोपी विकास के घर पर पूरी रात कैद करके रखा। मनीष कुमार और श्रीकांत के भाई अरुण कुमार प्रोडक्शन कंपनी चलाते थे। शॉर्ट फिल्म बनाते थे। इसी में दोनों के बीच पैसे का लेन देन हुआ था। इसमें श्रीकांत गारंटर थे। अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कितने रुपए का विवाद चल रहा था। लगातार अलग अलग अमाउंट बताया जा रहा है। सेंट्रल एसपी स्वीटी सहरावत ने बताया कि बिल्डर हनुमाननगर के रहने वाले हैं। दिल्ली में रियल एस्टेट का काम करते हैं। उनके भाई भी दिल्ली में रहते हैं और फिल्म से जुड़े हैं।

### उद्योग विभाग ने छह माह का नि:शुल्क हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया

# मधुबनी पेंटिंग से टिकुली कला तक सूबे की 18 पारंपरिक कलाओं का होगा संरक्षण और संवर्धन

**केटी न्यूज/पटना**

सूबे की समृद्ध कला और संस्कृति को संरक्षित और बढ़ावा देने के उद्देश्य से उद्योग विभाग ने छह माह का निःशुल्क हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया है। इस कार्यक्रम के तहत मधुबनी पेंटिंग, टिकुली कला, सिक्की शिल्प समेत 18 पारंपरिक कलाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उपेंद्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान के इस प्रयास से न केवल राज्य की सांस्कृतिक विरासत को संजोया जा रहा है बल्कि शिल्पकारों को आत्मनिर्भर बनाने का भी सुनहरा अवसर दिया जा रहा है।



**बेसिक से एडवांस तक मिलेगा प्रशिक्षण :** यह प्रशिक्षण कार्यक्रम छह माह का है, जिसमें पहले तीन महीने बेसिक और अगले तीन महीने का एडवांस प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को 1000 रुपये से लेकर 2500 रुपये तक का वजीफा भी मिलेगा, जिससे वे अपनी जरूरतों को पूरा कर सकें। इसके अलावा पटना नगर निगम क्षेत्र से बाहर से आने वाले प्रशिक्षुओं के लिए हॉस्टल और वित्तीय सहायता की भी व्यवस्था की गई है। महिलाओं के लिए छात्रावास और वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी गयी है, वहीं, पुरुष प्रशिक्षुओं को 1500 रुपये प्रति माह खाने के लिए और 2000 रुपये प्रति माह आवास एवं भोजन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिहार की प्रसिद्ध हस्तशिल्प कलाओं की ट्रेनिंग दी जा रही है, जिनमें मिथिला की विश्व प्रसिद्ध चित्रकला, जो अपनी रंग-बिरंगी और पारंपरिक डिजाइनों के लिए जानी जाती है। मधुबनी पेंटिंग, कांच पर सुनहरी चमक और जीवंत रंगों से बनी अनोखी कलाकृति टिकुली पेंटिंग, सिक्की कला में सूखी घास से तैयार की जाने वाली आकर्षक कलाकृतियां और पत्थर नक्काशी में शिलाओं पर की जाने वाली जटिल और सुंदर नक्काशी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



# सकारात्मक मनोभाव से प्रयास करने पर संभव है हर समस्या का समाधानः जिलाधिकारी

♦ केन्द्रीय विद्यालय, बक्सर को आवंटित नए भवन का जिलाधिकारी ने किया उद्घाटन



**केटी न्यूज/बक्सर**

जीवन में समस्याएं आती है, उससे भागने के बजाय हमे डटकर सामना करना चाहिए। साकारात्मक मनोभाव से प्रयास करने पर हर समस्या का समाधान संभव है। सोमवार को उक्त बातें जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने कही। अवसर था केन्द्रीय विद्यालय के नये भवन के उद्घाटन समारोह का। इसके पूर्व जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर केन्द्रीय विद्यालय के नये भवन का उद्घाटन किया। जबकि, केन्द्रीय विद्यालय की छात्राओं ने बुलबुल घेरा से जिलाधिकारी का जोरदार स्वागत किया। मौके पर केन्द्रीय विद्यालय की प्राचार्या मीनाक्षी निर्मल एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार पांडेय भी मौजूद थे।

उद्घाटन के बाद जिलाधिकारी ने विद्यालय के कक्षाओं का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि छात्र छात्राओं के हित में प्रशासन के विभिन्न इकाइयों के बीच समन्वय स्थापित कर इस केन्द्रीय विद्यालय को नया भवन उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने छात्र छात्राओं को बताया कि जीवन में समस्याएं आती रहती है। समस्या से कभी भी घबराना नहीं चाहिए बल्कि समस्या से डटकर सामाना करना चाहिए। सकारात्मक मनोभाव से प्रयास किया जाय तो हर समस्या का समाधान संभव है।

**केन्द्रीय विद्यालय का पूरे देश में गौरवशाली इतिहास रहा है :** जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं को कठिन परिश्रम कर अपने माता-पिता, जिले एवं राज्य का मान बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि केन्द्रीय विद्यालय का पूरे देश में गौरवशाली इतिहास रहा है। छात्रों को इस बात को ध्यान में रखना चाहिए तथा अपने कठिन परिश्रम व मेधा से इस गौरव को और आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों से भी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की बात कही और कहा कि जीवन में शिक्षा का बड़ा महत्व होता है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप भाग्यशाली है कि आप केन्द्रीय विद्यालय के छात्र है।

**लाइब्रेरी एवं कंप्यूटर लैब विकसित किया जा रहा है :** जिलाधिकारी ने बताया कि केन्द्रीय विद्यालय में लाइब्रेरी एवं कंप्यूटर लैब विकसित किया जा रहा है। बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रथम तल की रेलिंग के ऊपर अतिरिक्त रॉड लगाई गई हैं। प्रार्थना सभा के आयोजन के लिए स्टेज का निर्माण कराया गया है। पीने के स्वच्छ पानी के लिए 50 लीटर क्षमता वाला आरओ वाटर फिल्टर लगाई गई है। बालकों एवं एक बालिकाओं के लिए अलग-अलग शौचालय बनाए गए हैं। इसके अतिरिक्त खेल मैदान में मिट्टी की भराई एवं समतलीकरण का कार्य किया जा रहा है। विद्यालय परिसर में अनधिकृत प्रवेश को रोकने के लिए भवन की पिछली दीवारों पर कंटीले तार लगाए गए हैं।

### विद्यालय को संसाधनों की कमी नहीं होने दी जाएगी

इस मौके पर छात्राओं के रंगारंग कार्यक्रम की जिलाधिकारी समेत सभी लोगों ने सराहना की। वहीं, जिला शिक्षा पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार पांडेय ने कहा कि विद्यालय को संसाधनों की कमी नहीं होने दी जाएगी। शिक्षा विभाग इसके लिए तत्पर है। बता दें कि जिलाधिकारी के पहल पर एमपी हाई स्कूल के अहिल्या भवन के आठ कमरों को केन्द्रीय विद्यालय के वर्ग छह से 10 तक की कक्षाओं के संचालन के लिए आवंटित किया गया हैं। भवन में लगभग 250 विद्यार्थियों के साथ केन्द्रीय विद्यालय, बक्सर की माध्यमिक कक्षाएं संचालित की जाएंगी।

## खबरें फटाफट

### 22 लीटर महुआ के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नावानगर।** जिले के नावानगर थाना क्षेत्र के रुपसागर गांव से 22 लीटर महुआ शराब के साथ एक तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसको पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार तस्कर पहचान स्थानीय गांव निवासी तुलसी सिंह के रूप में की गई है। नावानगर थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि रुपसागर गांव में शराब बिक्री हो रही है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चिन्हित स्थान पर छापेमारी किया। जहां से तुलसी सिंह को 25 ली. महुआ के साथ धर दबोचा। जिसके बाद तस्कर पर पुलिस ने नामजद एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया।

### नहीं हो रही है नालियों की सफाई

**डुमरांव।** नगर के वार्ड 18 स्थित कमल नगर मोहल्ले के नाली में लंबे समय से गंदे पानी का जमाव हो गया है। इस नाली के पानी का मुख्य निकास अवरूद्ध होने से नाली का पानी अब परेशानी सबब बन गया है। कई जगहों पर नाली ओवर फ्लो हो रही है। नप द्वारा सफाई नहीं कराए जाने से माहेल्लेवासियों का आक्रोश गहराते जा रहा है।

## विक्रिम इंग्लिश गांव में हत्या से मची सनसनी, जांच को पहुंचे एसडीपीओ

# इलेक्ट्रिक शॉक देकर नवविवाहिता के प्लांड मर्डर में 5 नामजद, सास गिरफ्तार

♦ मृतका की विधवा मां ने दर्ज कराई एफआईआर, मामले की जांच करने पहुंचे डुमरांव एसडीपीओ

**केटी न्यूज/नावानगर**



एक नवविवाहिता की इलेक्ट्रिक शॉक देकर ससुराल वालों ने सुनियोजित तरीके से हत्या कर दी है। इसकी जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के साथ ही मृतका के सास को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपित फरार हो गए है।

घटना सिकरौल थाना क्षेत्र के विक्रम इंग्लिश गांव की है। मृतका की पहचान 25 वर्षीय रितू कुमारी के रूप में हुई है। उसका मायका रोहतास जिले के गोड़ारी थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव है। इस मामले में उसकी मां सुनैना कुंवर ने सिकरौल थाने में लिखित आवेदन दे पति, ससुर, सास, देवर व ननद पर दहेज खातिर अपनी बेटी की सुनियोजित हत्या करने की आरोप लगाई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित सास को गिरफ्तार कर लिया है।

इसकी जानकारी मिलते ही डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी व सिकरौल थानाध्यक्ष सदल बल मौके पर पहुंचे तथा मामल की जांच पड़ताल में जुट गए। एसडीपीओ ने भी इसे प्रथम द्दष्टया साजिश के तहत हत्या बताया है।

मिली जानकारी के अनुसार एक साल पूर्व ही रितू की शादी विक्रम इंग्लिश गांव निवासी हरेराम सिंह के पुत्र मिथिलेश कुमार सिंह से हिन्दू रीति-रिवाज से हुई थी। इस दौरान रितू के मायके वालों ने अपनी क्षमता के अनुसार दहेज भी दिया था, लेकिन शादी के कुछ दिन बाद से ही ससुराल में उसे दहेज के लिए प्रताड़ना मिलने लगी थी। जिसकी जानकारी उसने अपनी मां को फोन पर दी थी।

इस दौरान उसकी विधवा मां तथा मायके के अन्य लोग कई बार ससुराल वालों से अपनी माली हालत का हवाला दे रितू को परेशान नहीं करने की गुहार लगा रहे थे, लेकिन उनकी प्रताड़ना जारी रही। उसकी मां ने पुलिस को दिए आवेदन में जिक्र किया है कि इसी के तहत ससुराल वालों ने जानबूझकर इलेक्ट्रिक शॉर्ट लगा उसकी हत्या कर दिए तथा इसके बाद बताए कि आपकी बेटी करंट लगने से मर गई है। मृतका की मां की माने तो पूर्व में भी ससुराल वालों ने उसकी हत्या की साजिश रची थी। जब हमलोग आए तो घर के सभी पुरूष सदस्य फरार हो गए थे, जिससे उनकी मंशा का पता चल रहा है। वहीं, स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच व फरार आरोपितों की धर पकड़ में जुट गई है।

वहीं, इस घटना को ले विक्रम इंग्लिश तथा आस पास के गांवों में कई तरह की चचाएं हो रही है। लोगों का कहना है कि शादी के एक साल के अंदर ही बहू की हत्या जघन्य अपराध है तथा ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी

“ सिकरौल थाना क्षेत्र के विक्रम इंग्लिश गांव में एक नवविवाहिता की हत्या किए जाने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही तत्काल विक्रम इंग्लिशगांव पहुंच मामले की जांच की गई। प्रथम द्दष्टया यह प्लांड वे में हत्या किया जाना प्रतीत हो रहा है। मामले मृतका की मां के बयान पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। अन्य की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर पुलिस छापेमारी कर रही है।

**– अफाक अख्तर अंसारी, एसडीपीओ, डुमरांव**

### ट्रेन से गिर एक युवक की मौत, नहीं हुई पहचान

**डुमरांव।** दानापुर डीडीयू रेलखंड के स्थानीय रेलवे स्टेशन के पास टेज्न से गिर एक 45 वर्षीय युवक की मौत हो गई है। घटना बीती रात डुमरांव पश्चिमी रेलवे क्रासिंग से लगभग 2 किमी पश्चिम की है। जानकारी मिलते ही डुमरांव थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम करा शव को सुरक्षित रखवा दिया है। समाचार लिखे जाने तक उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई थी। डुमरांव थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत ने इस संबंध में बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा नियमों के मुताबिक 72 घंटे के लिए उसे सुरक्षित रखवाया है। वहीं, उसकी तस्वीर को भी सोसल मीडिया व साइबर सेनानी ग्रुप में डाल पहचान की अपील की गई है।

## एक नजर

### बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ शिवमंदिर स्थित तालाब में उतराया मिला युवक का शव, मचा कोहराम

**ब्रह्मपुर।** ब्रह्मपुर के बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ शिव मंदिर के पीछे स्थित शिव गंगा सरोवर में एक युवक का शव उतराया मिला। मामला रविवार देर शाम की है। इसकी जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम कराया। युवक की पहचान स्थानीय गांव निवासी स्व. गूंगा तुरहा के 24 वर्षीय पुत्र लोटन तुरहा के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार उसके पिता का निधन पूर्व में हो चुका था तथा मां भी मानसिक विक्षिप्त है। इसके अलावे उसके परिवार में कोई और नहीं था। ग्रामीणों का कहना है कि मृतक नशे का आदि था। अनुमान लगाया जा रहा है कि वह नशे की हालत में ही तलाब में गिर गया होगा, जिससे उसकी मौत हो गई होगी। हालांकि, वह तालाब में कब गिरा था, इसकी जानकारी किसी को नहीं मिल सकी। रविवार की शाम तालाब में उतराए शव पर लोगों की नजर पड़ी, तब इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। ब्रह्मपुर पुलिस ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि शव का पोस्टमाटम कराया गया है।



### फरार प्रेमी युगल को ढूंढते डुमरांव पहुंची लुधियाना पुलिस, नहीं मिली सफलता

**डुमरांव।** जिले के डुमरांव थानाक्षेत्र का एक युवक पंजाब के लुधियाना शहर से एक युवती को लेकर फरार हो गया है। यह घटना बीते 29 मार्च की है। उक्त प्रेमी जोड़े को खोजते हुए लुधियाना के ढंढारी कला पुलिस चौकी की पुलिस टीम डुमरांव आई, लेकिन पंजाब पुलिस को सफलता नहीं मिल सकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डुमरांव थानाक्षेत्र के निमेज टोला निवासी संतोष वर्मा अपने परिवार के साथ लुधियाना रहते है। उनका बेटा राजू वर्मा उर्फ तेजू वर्मा पर ही एक युवती को प्रेम प्रसंग में भगा लाने का आरोप लगाया जा रहा है। जिसके बाद उसे खोजते लुधियाना पुलिस डुमरांव पहुंची। वहीं, पुलिस सूत्रों का कहना है कि डुमरांव के अलावे लुधियाना की पुलिस टीम उक्त लड़के का लोकेशन ट्रैक करते सिमरी और वासुदेवा थाना भी गई, लेकिन कहीं भी उनका सुराग नहीं मिला। इसके बाद पंजाब पुलिस विक्रमगंज के लिए रवाना हो गई। समाचार लिखे जाने तक प्रेमी जोड़ा पंजाब पुलिस के हाथ नहीं आया था। वहीं, डुमरांव में भी उसका कुछ पता नहीं चल सका है।

## चेकपोस्ट पर पकड़ी गई लाखों की विदेशी शराब एवं बियर, ट्रक जब्त



**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर के वीर कुंवर सिंह चेक पोस्ट पर रविवार की देर रात लगभग 2.30 बजे उत्पाद पुलिस ने शराब लदी एक ट्रक को पकड़ा है। ट्रक पर लाखों रूपए मूल्य के विदेशी शराब व बियर की पेटियां बरामद हुई है। जबकि अंधेरे का फायदा उठा ट्रक चालक सह तस्कर भागने में सफल रहा। पुलिस ट्रक के नंबर के आधार पर तस्करों की पहचान में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार रविवार की रात वीर कुंवर सिंह सेतु पर उत्पाद विभाग की टीम चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी बीच यूपी की तरफ से आ रही ट्रक का चालक चेकपोस्ट के कुछ पहले ही अपनी ट्रक खड़ी कर फरार हो गया। ट्रक को खड़ा होते देख तुरंत उत्पाद विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तबतक चालक अंधेरे का फायदा उठा भागने में सफल रहा। इसके बाद उत्पाद टीम ने उक्त ट्रक की तलाशी ली तो उसमें 146 पेटी में कुल 2376 ली. बीयर व 18 पेटी में कुल 162 ली. विदेशी शराब बरामद हुआ। जिसके बाद उत्पाद टीम उक्त ट्रक के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर तस्कर की पहचान कर रही है।

## राजपुर में दो बाइक की आमने सामने टक्कर, तीन लोग घायल

♦ नलोगों ने सीएचसी में कराया भर्ती, डॉक्टरों ने किया रेफर

**केटी न्यूज/राजपुर/बक्सर**

राजपुर थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार में सोमवार की दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों ने राजपुर सीएचसी में इलाज कराया। जहां एक व्यक्ति की गंभीर चोट होने से चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार, राजपुर के हेठुआ गांव निवासी बादशाह राम 35 वर्ष अपनी 13 वर्षीय बेटी शुभम कुमारी के साथ बाइक से किसी कार्यवश गांव से राजपुर बाजार आए थे। जैसे ही वे बाजार के समीप पहुंचे, सामने से तेज गति आ रही एक अन्य बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनो बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना को देख वहा स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ लग गई। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में सभी घायलों को राजपुर सीएचसी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बादशाह राम की स्थिति गंभीर होने पर उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सीएचसी के चिकित्सा प्रभारी डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि शुभम कुमारी की स्थिति खतरे से बाहर है, जबकि बादशाह राम की हालत चिंताजनक है।

वहीं, लोगों का कहना है कि बाजार में पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। बाजार क्षेत्र में भीड़भाड़ के बावजूद वाहन चालकों द्वारा गति सीमा का उल्लंघन किया जाता है, जिससे दुर्घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। स्थानीय प्रशासन से मांग की जा रही है कि बाजार क्षेत्र में ट्रैफिक नियंत्रण हेतु सख्त कदम उठाए जाएं।











### जिले के 10 छात्रों का चयनित, बेहतर प्रदर्शन करने पर मिलेगा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मौका

# मुख्यमंत्री खेल ज्ञानोत्सव 2025 प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए बक्सर जिले की टीम चयनित

**केटी न्यूज/बक्सर**



मुख्यमंत्री खेल ज्ञानोत्सव 2025 के प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए बक्सर जिले की टीम चयनित कर ली गई है। इस ऑफ लाइन क्वीज खेल प्रतियोगिता के लिए जिले के विभिन्न स्कूलों से चयनित कुल 10 सदस्यों वाली टीम प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में शिरकत करेगी। वहां, बेहतर करने वाले खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा।

बताते चले कि 16 अप्रैल 2025 को श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल पटना में इस खेल प्रतियोगिता का आयोजन निश्चित किया गया है। जिसमें प्रमंडल के 6 जिले अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे। कुल 44 चयनित प्रतियोगी विद्यार्थियों में बक्सर से 10 छात्रों का चयन होना जिले के बेहतर शैक्षणिक माहौल का प्रमाण भी है। चयनित प्रतियोगी विद्यार्थियों में जीबीओ बसवर, ब्रह्मपुर से दो विद्यार्थी, डा. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय रामपुर केसठ से छह विद्यार्थी और डीएवी पब्लिक स्कूल से दो विद्यार्थी का चयन हुआ है। यानी डुमरांव अनुमंडल से कुल आठ और बक्सर से दो विद्यार्थी चयनित हुए हैं। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा मो. शारिक अशरफ ने जिले का नाम अपनी मेहनत से आगे बढ़ाने के लिए चयनित प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रोत्साहित किया।

बताते चले की इस ऑफलाइन क्वीज खेल प्रतियोगिता में पटना, नालंदा, भोजपुर, आरा, रोहतास और कैमूर से प्रतिभागी ऑनलाइन खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए सर्वश्रेष्ठ अंक के साथ खेल के द्वितीय चरण प्रमंडल स्तर पर भाग लेने के योग्य बने हैं। इसके विजेता राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। संभाग प्रभारी डॉ. तेज बहादुर सिंह ने संबंधित विद्यालय प्रधानाध्यापक को इसकी सूचना और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की, नोडल शिक्षक डॉ. मनीष कुमार शशि ने विद्यार्थियों के मेहनत की प्रशंसा, . करते हुए और आगे बढ़ाने की शुभकामना दी।

# कोपवां जाने के लिए वर्षों से हो रही सुगम रोड की मांग, नहीं हुई पूरी

♦ 10 हजार की अबादी वाला गांव है कोपवां, जहां काली मां की पूजन को दूर-दूर से आते हैं श्रद्धालु

**केटी न्यूज/डुमरांव**



स्थानीय प्रखंड का छह पंचायत राजपुर विधान सभा में शामिल हो जाने के कारण इसके विकास की गति धीमी पड़ गई है। इसके मुख्य रोड की स्थिति तो जर्जर है ही बल्कि कई अन्य मुलभूत समस्याओं से भी यें गांव जूझ रहे है।

प्रखंड का कोपवां गांव जो राजपुर विधानसभा में पड़ गया है, उपेक्षा का दंश झेल रहा है। गांव में जाने के लिये जो मुख्य सड़क है, काफी जर्जर हो चुका है। एनएच-120 से के मुसहरवा डेरा मोड़ जो अब कोपवां मोड़ बन गया है, यहां से गांव की दूरी लगभग डेढ़ किमी है, जो पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। गड्ढों में तब्दील इस रोड में कब वाहन पलट जाए कहना मुश्किल है। कई बार ऐसी घटनाएं घटित हो चुकी हैं।

10 हजार की अबादी को समेटे हुए इस गांव के लोगों को प्रखंड, अनुमंडल, रेलवे स्टेशन सहित अन्य जरूरी कार्य के लिये डुमरांव आना-जाना लगा रहता है। वहीं, गांव में काली मां का मंदिर है, जो अपनी मान्यताओं के लिए पूरे जिले में विख्यात है। यहां दर्शन व पूजन के लिए दूर-दूर से हर दिन सैकड़ों श्रद्धालु भी आते हैं। जिन्हें जर्जर पथ के कारण मंदिर तक जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

सड़क के जर्जर होने के कारण लगभग दस हजार ग्रामीणों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। एनएच-120 से गांव की दूरी लगभग डेढ़ किलोमीटर के आसपास है। ऐसे में कोई निजी वाहन से आते हैं, तो कोई वाहन पकड़ने के लिये मुशहरवाडेरा या यों कहे कोपवां मोड़ तक आना पड़ता है। ऐसे में सड़क के जर्जर होने के कारण कई बार वाहन पलट गऐ हैं, और ग्रामीणों को अस्पताल जाना पड़ गया है।

ग्रामीण सनमुन सिंह, संजय सिंह, श्रीभगवान सिंह, छोटू सिंह, सुरेन्द्र रजक, शविजी सिंह, मोहित यादव सहित अन्य का कहना है कि गांव में जाने के लिये सड़क निर्माण के लिये डीएम, एसडीओ, बीडीओ को मौखिक और लिखित रूप में आवेदन दिया गया है, बावजूद अभीतक कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे लोग काफी निराश हैं। वहीं इनका कहना है कि हमलोगों का गांव राजपुर विधान सभा में पड़ता है, ऐसे में रोड बनाने के लिये विधायक विश्वनाथ राम से भी कहा गया है। उन्होंने मौखिक रूप से चालू वित्तीय वर्ष अप्रैल, मई में रोड बनवाने का आश्वासन दिया है। इस संबंध में जब विधायक विश्वनाथ राम से बात की गई तो उन्होंने कहा कि लोगों को आश्वासन दिया गया है, इसे सूची में शामिल किया गया है कि नहीं इसकी जानकारी लेते हुए त्वरित कार्रवाई किया जाएगा, जिससे लोगों की परेशानी दूर हो सके।

## एक नजर

### डुमरांव शहर से गुजरने वाली जर्जर हो चुकी मुख्य सड़क को बनाने की नहीं हो रही पहल



**डुमरांव।** नगर के बीचोबीच से गुजरने वाली सड़क की स्थिति काफी दयनीय बनी हुई है। नगरवासियों को यह उम्मीद थी की बरसात से पहले इस रोड बना दिया जाएगा। एनएचएआई ने पिछले दिनों इसका आश्वासन भी दिया था, लेकिन अभीतक इस पर कोई पहल नहीं हो पायी है। नगरवासी आने वाले बरसात को लेकर रोड पर होने वाले जलजमाव को लेकर काफी सशंकित हैं। रोड को बनाने को लेकर यहां के नौजवानों ने धरना-प्रदर्शन भी कईबार कर चुके हैं, लेकिन प्रशासन की तरफ से इस पर कोई कार्रवाई नहीं किया गया है। यह रोड नगर परिषद के अधीन रहता तो कब का बन गया रहता, लेकिन एनएच के होने के कारण इसके हाथ बंधे हुए हैं। हालांकि नप चेयरमैन सुनीता गुप्ता ने बताया की इसे नप को हैंडओवर कर दिया जाता तो इसे अपने स्तर से बनवाने का काम लगाया जाता। मालूम हो कि डुमरांव स्टेशन और उसके पश्चिमी गुमटी तक यह रोड गुजरती है, जो पुरानाभोजपुर होकर बक्सर और नयाभोजपुर होकर आरा की तरफ निकल जाती है। ऐसे में इस रोड से यात्रियों से लेकर भारी मालवाहक वाहनों का रेला लगा रहता है। बता दें कि यह रोड यूपी, बिहार और बंगाल से जुड़ा हुआ है। यूपी से आने वाले वाहन बक्सर के पास वीर कुंवर सिंह सेतू को पार कर बिहार की सीमा में प्रवेश करते हैं, जो डुमरांव होते हुए अन्य राज्यों के लिये निलते हैं। रोड की जर्जर स्थिति के कारण बरसात के दिनों में पानी से भर जाता है, जिससे पता नहीं चलता है कि कहां पर गढ्ढा है। ऐसे में कईबार ऐसा हुआ है कि बड़े और छोटे वाहन गड्ढे में फंस जाते है और जाम की स्थिति बन जाती है। कईबार गड्ढों में वहान पलट गए हैं, जिससे दर्जनों लोग घायल और अपंग हो चुके हैं। बावजूद इसके मरम्मति और बनवाने में प्रशासन से लेकर जनप्रतिनिधि तक ध्यान नहीं देते। बरसात आने वाली है, ऐसे में नगरवासियों में दहशत फैला हुआ है। इस संबंध चेयरमैन सुनीता गुप्ता ने बताया कि नगर में जरूरत के अनुसार रोड और नाली, गली बनाने का काम लगा हुआ है, इस रोड को नप को एनएच यदि हैंडओवर कर दे तो इसे बनवाने में विलंब नहीं किया जाएगा। सालभर छह माह पर लोगों की परेशानियों को देखते हुए नप गड्ढे को भरवाता है, लेकिन बनवा नहीं सकता है।

### मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में जब्त शराब को किया गया नष्ट

**डुमरांव।** नया भोजपुर थाना पुलिस ने सोमवार को 18 कांडों में जब्त 7118.03 लीटर विदेशी शराब व 140.12 लीटर देशी शराब पर बुलडोजर चला गया। इस दौरान बतौर मजिस्ट्रेट डुमरांव सीओ शमन प्रकाश मौजूद थे। इस संबंध में थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों में छापेमारी के दौरान जब्त किए गए शराब पर कोर्ट तथा वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर बुलडोजर चला विनष्ट किया गया। उन्होंने कहा कि शराब विनष्टीकरण की यह कार्रवाई मजिस्टेज्ट सह सीओ शमन प्रकाश की मौजूदगी में की गई। उन्होंने बताया कि शराब तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान बरामद शराब को विनष्ट कर तस्करों का हौसला पस्त किया गया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि शराब तस्करों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। गौरतलब है कि नया भोजपुर थाना क्षेत्र में पुराना भोजपुर सहित कुछ अन्य जगहों पर शराब तस्करी के साथ ही अवैध तरीके से शराब निर्माण की शिकायत भी पिछले दिनों मिली थी। शराब विनष्टीकरण के दौरान नया भोजपुर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक वकार अहमद गौसी, रहमान खान, राजीव कुमार, दिलीप मांझी व अन्य मौजूद रहे।

## खबरें फटाफट

### दिन में भी जलता है हाई मॉस्ट लाइट

**डुमरांव।** नगर परिषद के कर्मियों की लापरवाही के कारण शहर में कई जगहों पर दिन में भी हाई मॉस्ट लाइट जलते रहता है। नगर के नयाथाना के पास लगा हाई मॉस्ट लाईट कई दिनों से रात्रि में जल नहीं रहा था, इसकी खबर जब केटी न्यूज में प्रकाशित हुई तब इसका ध्यान नप अधिकारियों को गया। फिर इसे बनवाकर सही किया गया। इधर कई दिनों से नगर में लगे हाई मॉस्ट लाइट पूरे दिन जलते रहता है, लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### चैता गायन कार्यक्रम का हुआ आयेजन

**केसठ।** प्रखंड के दसियांव गांव स्थित मां काली मंदिर के परिसर में स्थानीय ग्रामीणों के तत्वावधान में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर रविवार की रात में चैता गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्यास बिपुल दुबे ने मां सरस्वती की वंदना के बाद राम के जन्म से चैता गायन की शुरूआत किया। इस दौरान कलाकारों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। इसके बाद भोजपुरी गायकों ने एक से बढ़कर एक चैता गायन के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## डीएम ने दोनों नप के ईओ को जनसंवाद के लिए माइक्रो प्लान तैयार करने का दिया निर्देश

# जिले के नगर परिषद के विस्तारित क्षेत्र में मुहल्ला सभा का किया जाएगा आयोजन

♦ मुहल्ला सभा में 15 अप्रैल से 15 जून तक आयोजित होगा जनसंवाद

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिले के नगर परिषदों के विस्तारित क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता, आमजनों से उनकी आवश्यकतानुसार एवं विकास कार्यों के शीघ्र एवं समुचित क्रियान्वयन के उद्देश्य से ह्लनगर जन संवादह्ल का आयोजन किया जाना है। नगर जन संवादह्ल कार्यक्रम का आयोजन 15 अप्रैल से 15 जून तक किया जाना है। इसके लिए जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने दोनों नगर परिषद के ईओ के साथ बैठक कर विस्तारित क्षेत्रों में जन संवाद आयोजित कर माइक्रो प्लान बनाने का निर्देश दिया।

डीएम ने बताया कि मुहल्ला सभा में नागरिक सुविधाओं जैसे आवास, पथ, नाला, पार्क, स्ट्रीट लाइट, बहुउद्देशीय सम्राट अशोक भवन, घाट, मोक्षधाम, स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम, जलापूर्ति, शौचालय आदि का अभाव है इसकी स्थापना या निर्माण कराया जाएगा।

**डुमरांव में 16 व बक्सर में आठ वार्ड विस्तारित क्षेत्र में शामिल :** बता दें कि नप बक्सर विस्तारित वार्डों की संख्या आठ तथा नगर परिषद डुमरांव में इसकी संख्या 16 है। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए शहरी वार्डों को मुहल्लों में विभक्त किया जाना है। प्रत्येक वार्ड को मुहल्लों में विभक्त करते हुए उनकी जनसंख्या के आधार पर नगर निकाय के द्वारा सभा स्थल चिन्हित करते हुए सूची जिलाधिकारी को उपलब्ध कराया जाएगा। मुहल्ला सभा के लिए कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा निकाय के एक पदाधिकारी व कर्मी को नामित किया जाएगा। नगर निकाय के पदाधिकारी कर्मी आयोजित किये जाने वाले मुहल्ला सभा में विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देंगे।

प्रत्येक मुहल्लों में मुहल्ला सभा का आयोजन जिलाधिकारी द्वारा नामित पदाधिकारी की अध्यक्षता में किया जाना है, जिसमें उस मुहल्ले की समस्याओं पर उपस्थित आमजनों के साथ विचार-विमर्श किया जाएगा एवं विकास हेतु सुझाव प्राप्त किये जायेंगे। जिलाधिकारी ने सभी नगर निकाय के बोर्ड की बैठक कराने की तिथि निर्धारित कर इससे सम्बंधित सूचना जिलाधिकारी को भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। वहीं, इस मुहल्ला सभा में जन सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने, होर्डिंग लगाने आदि का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि नगर निकायों द्वारा आयोजित होने वाले इस मुहल्ला सभा के आयोजन की तिथि, सभास्थल एवं समय की जानकरी सभी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराएंगे। जन संवाद में संबंधित वार्ड के वार्ड पार्षद सम्मिलित हो सकेंगे। जिलाधिकारी ने कार्यपालक पदाधिकारी बक्सर एवं डुमरांव को नगर जन संवादह्ल (मुहल्ला सभा) के सफल आयोजन के लिए माइक्रो प्लान तैयार करने का निर्देश दिया।

### 10 तक जनसंवाद के लिए देना है माइक्रो प्लान

बता दें कि एक से 10 अप्रैल के बीच जन संवाद कार्यक्रम से सम्बंधित माइक्रो प्लान बनाया जाएगा, जिसमें मुहल्ला सभा का स्थल, नगर निकाय द्वारा नामित पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम तथा सभा के स्थल एवं आयोजन की तिथि का विवरण जिलाधिकारी को उपलब्ध करायेंगे। निर्धारित रोस्टर के अनुरूप मुहल्ला सभा का आयोजन किया जाएगा, ताकि यह कार्य ससमय पूर्ण किया जा सकें। वहीं, प्रत्येक मुहल्लों के मुहल्ला सभा में उपस्थित आमजनों से योजना पर सुझाव प्राप्त कर नामित पदाधिकारी द्वारा निकाय के पदाधिकारी के माध्यम से योजनाओं को उसके प्रभाव एवं प्राथमिकता के क्रम में सूचीबद्ध किया जाएगा। नगर निकायों द्वारा मुहल्ला सभा के आयोजन के लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम, बैठक हेतु आवश्यकता अनुरूप कुर्सी एवं दरी, पेयजल, अन्य आवश्यक उपस्करों को किराये पर जिला क्रय समिति अथवा निर्वाचन दर पर लिया जाएगा। संबंधित जिला के नामित पदाधिकारी द्वारा निकाय के पदाधिकारी व कर्मी के सहयोग से योजनाओं एवं सुझावों को मुहल्लावार तथा वार्डवार समेकित कर कार्यवाही के रूप में पंजीबद्ध करते हुए योजनाओं की प्राथमिकता सूची प्रत्येक जनसभा के तीन कार्य दिवस के अन्दर संबंधित नगर निकाय एवं जिलाधिकारी को उपलब्ध कराया जाएगा।

# नप क्षेत्रों में रात्रि में भी करें कूड़े का उठावः डीएम

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में नगर निकायों की समीक्षा बैठक समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में की गई।

इस समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने सभी नगर निकायों में रात्रि के समय कूड़ा उठाव करने का निर्देश दिया गया। विशेष रूप से व्यावसायिक एवं मार्केट क्षेत्रों में से कूड़ा उठाव करने का निर्देश दिया गया। ताकि सुबह के वक्त नागरिकों को स्वच्छ वातावरण प्राप्त हो सकें।

जिलाधिकारी ने कचरा प्वाईंट शून्य करने की समीक्षा के क्रम में पाया कि किसी भी कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई नहीं की गयी, जबकि पूर्व के बैठकों में बार-बार निर्देश दिया जा चुका है। प्रभारी पदाधिकारी विकास शाखा को निर्देशित किया गया कि कचरा प्वाइंट्स की जांच कराते हुए नियमित अनुश्रवण करेंगे। कार्यपालक पदाधिकारी को कचरा प्वाईंटों पर बड़ा डस्टबिन रखने का सुझाव दिया गया।

वहीं, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बक्सर को सत्यदेवगंज सब्जी मंडी को नगर परिषद के पीछे बने वेंडिग जोन में शिफ्ट कराने का निर्देश दिया गया। गौरतलब हो कि बक्सर नगर परिषद द्वारा नगर परिषद के पीछे वेंडिग जोन बनाया गया है। बावजूद सब्जी विक्रेता अनधिकृत रूप से सत्यदेवगंज के पास मुख्य पथ के किनारे सब्जी की दुकान लगा रहे है। जिससे इस पथ में जाम की समस्या काफी गंभीर हो गई है। पूर्व में सब्जी विक्रेताओं को वेंडिग जोन में सब्जी की दुकान लगाने का निर्देश दिया जा चुका है, बावजूद वे मनमानी करते हुए अपनी दुकान सड़क किनारे सजा रहे है। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि नगर निकाय क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के बाद पुनः अतिक्रमणकारियों द्वारा संबंधित स्थल पर अतिक्रमण कर लिया जा रहा है। पूर्व की बैठक में कार्य योजना तैयार कर स्थाई अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था। इस पर सख्ती से अनुपालन नहीं किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने इस पर नाराजगी जताई तथा सभी कार्यपालक पदाधिकारियों को स्थाई रूप से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया।

### स्नातक पार्ट थर्ड की परीक्षा हुई शुरू

**बक्सर।** जिले में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के तहत कुल स्नातक पार्ट थर्ड की परीक्षा जिले के छह केंद्रों पर शुरू हो गई। जहां पहले दिन कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा ली गई। पहले दिन जिला मुख्यालय के तीन परीक्षा केंद्रों पर कुल 42 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। वहीं सभी परीक्षा केंद्रों पर पहले दिन दोनों पालियों में परीक्षा ली गई। प्रथम पाली में ग्रुप ए एवं ग्रुप डी के तहत विभिन्न विषयों की परीक्षा तथा दूसरी पाली में ग्रुप बी के तहत निर्धारित विषयों की परीक्षा ली गई। परीक्षा हॉल में प्रवेश देने से पूर्व परीक्षार्थियों को विधिवत मुख्य गेट पर ही चीट पूर्जो की जांच कर प्रवेश दिया गया। वहीं जिला मुख्यालय के एमवी कॉलेज परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में कुल 666 परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होना था। जिसमें कुल 659 उपस्थित एवं 6 अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में कुल 621 परीक्षार्थियों को शामिल होना था जिसमें कुल 614 उपस्थित एवं सात अनुपस्थित रहे।







## केसठ उच्च विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# भारत का प्राचीन खेल है कबड्डीः पप्पू यादव

**केटी न्यूज/केसठ**



प्रखंड के उच्च विद्यालय केसठ के खेल मैदान में सोमवार को मां शांति देवी स्मृति संस्थान केसठ के तत्वावधान में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता को तीन वर्गों में बांटा गया था। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न जगहों से एक से पांच कक्षा से 50, छरू से आठ कक्षा से 100 तथा नवम एवं दशम कक्षा से 40 छात्रा छात्राओं ने भाग लिया।

वहीं, इस प्रतियोगिता का नेतृत्व शिक्षक अजय विक्रांत एवं मुकेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान एक से पांच तक के 100 मीटर के दौड़ में बालक वर्ग से 3 एवं बालिका वर्ग से 3 तथा 200 मीटर के दौड़ में बालक वर्ग से 3 और बालिका वर्ग से 3 को बेहतर करने वाले को चयन किया गया। वही वर्ग 6 से 8 तक के 100 मीटर के दौड़ में बालक वर्ग से 3 और बालिका वर्ग से 3 को चयन किया गया। साथ ही इसी वर्ग से 400 मीटर दौड़ में बालक वर्ग से 3 और बालिका वर्ग से 3 को बेहतर करने पर चयनित किया गया। इस दौरान कबड्डी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान मुख्य अतिथि राजद नेता सुनील कुमार यादव उर्फ पप्पू यादव और पंचायत मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान ने सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाया तब खेल प्रारंभ कराया।

इस दौरान अपने संबोधन में राजद नेता पप्पू यादव ने कहा कि कबड्डी प्राचीन भारतीय खेल है तथा इस खेल में शुरू से ही भारत का दबदबा रहा है। उन्होंने कहा कि कबड्डी तन मन को स्फूर्त बनाने के साथ ही शरीर को तंदरूस्त रखता है। कबड्डी प्रतियोगिता में बालक वर्ग से 4 और बालिका वर्ग से 2 टीम के बीच हुआ। इस दौरान पूरा खेल मैदान दर्शकों से खचाखच भारा हुआ था। वहीं, इस प्रतियोगिता का शेष मैच 8 अप्रैल यानी मंगलवार को आयोजित की जाएगी। नेतृत्वकर्ता ने बताएगा कि दोनों प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को 11 अप्रैल को पुरस्कृत किया जाएगा। मौके पर मुन्ना सिंह, विनोद मास्टर, सत्येंद्र कुमार, उमेश कुमार, संतोष कुमार, अरुण मिश्रा समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## भोजपुर पुलिस एवं एसटीएफ की संयुक्त छापेमारी में मिली बड़ी सफलता

# दो लाख रु. के इनामी बूटन के घर से एके-47 सहित गोलियां बरामद

♦ छापेमारी में एके-47 रायफल के अलावा दो मैग्जीन, एके-47 का 43 कारतूस, दो हैंड ग्रेनेड , इंसास राइफल का दो मैग्जीन पुलिस ने किया है बरामद



**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर पुलिस एवं एसटीएफ को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने संयुक्त छापेमारी कर कुख्यात इनामी बुटन चौधरी के घर से एक एके-47 समेत गोलियों का जखीरा बरामद किया है। हालांकि दो लाख का इनामी बूटन चौधरी पुलिस को देखकर फरार हो गया है। वहीं इस मामले में बूटन चौधरी के भाई उपेन्द्र चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उपेंद्र चौधरी बेलाउर पंचायत की मुखिया उर्मिला देवी के पति है। कुख्यात इनामी बुटन चौधरी के घर पर हुई छापेमारी में एके-47 रायफल के अलावा दो मैग्जीन, एके-47 का 43 कारतूस, दो हैंड ग्रेनेड , इंसास राइफल का दो मैग्जीन बरामद किया है। वहीं इस मामले में भोजपुर एसपी राज ने बताया कि एसटीएफ एवं उदवंत नगर थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुख्यात अपराधी बुटन चौधरी के घर पर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए एके-47 समेत कई प्रतिबंधित हथियार रखे गए हैं। सूचना मिलने के बाद दोनों टीमों ने बेलाउर गांव में छापेमारी कर एक एके-47, 43 गोली, चार मैगजीन एवं दो ग्रेनेड बरामद किया गया। इस संबंध में बेलाउर गांव निवासी योगेश्वर चौधरी के पुत्र उपेंद्र चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। इनका पूर्व से अपराधिक इतिहास रहा है। बूटन एवं उपेंद्र को एके- 47 बरामद मामले में नामजद आरोपित किया गया है। उपेंद्र चौधरी से पुलिस पूछताछ कर रही है की एके-47 एवं हैंड ग्रेनेड कहां से आया है इसकी जानकारी ले जा रही है। एके 47 के रायफल के नंबर से पता लगाया जा रहा है। इस मामले में बाहरी एजेंसियों से संपर्क किया जा रहा है। इनामी बुटन चौधरी बीडीसी सदस्य दीपक साह की हत्या एवं गोलीबारी समेत अन्य कांडों में फरार चल रहा है। उसके आपराधिक इतिहास को देखते हुए पुलिस मुख्यालय ने दो लाख रुपये का इनाम घोषित किया है। मालूम हो कि 9 साल पूर्व भी कुख्यात बुटन चौधरी समेत पांच को एके-47 समेत अन्य हथियारों के साथ पकड़ा गया था। पुलिस ने बेलाउर गांव में ही छापामारी कर उसे दबोचा था। लगातार दूसरी बार एके-47 से उसका कनेक्शन जुड़ा है।

### लगातार अपराधिक घटनाओं में शामिल रहा है बूटन चौधरी

अक्टूबर 2023 में चांदी थाना क्षेत्र के खनगांव गांव बालू घाट पर जिंदल कंपनी के घाट के लिए रास्ता बनाने के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर गोलीबारी हुई थी। गोलीबारी में हर्षित सिंह नामक एक युवक की मौत हो गई थी। जबकि गोली लगने से तीन लोग जख्मी हो गए थे। गोलीबारी की घटना में कुख्यात बूटन चौधरी,रंजीत चौधरी के अलावा दीपक पांडेय सहित दोनों पक्षों के डेढ़ दर्जन लोगों को नामजद आरोपित किया गया था। जबकि 28 अप्रैल 2023 में पंचायत चुनाव में आपसी अदावत में बूटन चौधरी के गुट ने पंचायत समिति सदस्य दीपक कुमार सारी गोलियों से भूनकर हत्या कर दी थी । जिसमें बूटन चौधरी का हत्या में नाम सामने आया था। इसके बाद लगातार लगातार वह अपराधिक घटनाओं में शामिल रहा है। हर बार फरार होने में सफल हो जाता है। पुलिस की गिरफ्त से बचकर निकल भागता है।

# चाय पर चर्चा के जरिए युवाओं को जोड़ने में जुटी हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा, किया विस्तार

♦ सत्य प्रकाश सिंह को सौंपी गई युवा जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**केटी न्यूज/आरा**



हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा ने जिला अतिथि गृह में एक बैठक की जिसमें राष्ट्रीय पदाधिकारी भी शामिल हुए। यह बैठक पार्टी के विस्तार को लेकर चाय पर चर्चा के दौरान किया गया। युवाओं को राजनीति की मुख्यधारा से जोड़ने की मुहिम के तहत हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) पार्टी ने चाय पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें कई युवा चेहरे पार्टी से जुड़े। सत्य प्रकाश सिंह को हम युवा जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। सत्य प्रकाश ने भी इस भरोसे के लिए पार्टी नेतृत्व का आभार जताया और युवाओं को जागरूक करने व समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी का संकल्प दोहराया। प्रशांत कुमार भी इस कार्यक्रम में जिला सदस्य के रूप में पार्टी से जुड़े। वे रंगमंच की दुनिया में एक जाना-पहचाना नाम हैं और दो दशकों से अधिक समय से रंगकर्म में सक्रिय हैं। साथ ही वे सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं। इस दौरान मौजूद पदाधिकारियों में युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष मो. कमाल परवेज,कुमार शुभम, गिरधारी सिंह, युवा महासचिव पंकज मालाकार, रविन्द्र बाबा, अनिल कुमार, रजाज अहमद, मो. कमालुद्दीन,मो. जाबिर उर्फ पप्पू खान, महेश्वर उर्फ मुन्ना बाबा, अशोक अकेला, राकेश कुमार उर्फ लड्डू, संजय कुमार, शक्ति कुमार उर्फ पिंटू, प्रखंड सचिव पवन कुमार, दिलीप कुमार, वार्ड सचिव हर्ष सहित कई अन्य शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन युवा राष्ट्रीय प्रधान महासचिव गिरधारी सिंह ने की।

### केस मैनेज के लिए दारोगा और दलाल का ऑडिया वायरल

**आरा।** एक तरफ जहां भोजपुर पुलिस अपराध पर नियंत्रण करने के लिए कड़ी मशक्कत कर रही है इसी का नतीजा है कि जिले में लगातार अपराधियों की गिरफ्तारी हो रही है। जहां गिद्धा थाने में तैनात दारोगा शशि भूषण का पैसे मांगने का ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल ऑडियो में एक दलाल दुर्गा प्रसाद के साथ बात करने और पैसे मांगने का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जहां ऑडियो में साफ सुना जा सकता है कि दरोगा किसी व्यक्ति से बात कर रहा है। यह कह रहा है कि मैडम जो कहती हम लोग उसी को दोहराते है। हालांकि इसकी पुष्टि केटी न्यूज नहीं करता है।

### अवैध बालू खनन में संलिप्त बिना नंबर के 2 ट्रैक्टर जब्त

**आरा।** चांदी थाने की पुलिस ने शनिवार की रात गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर अवैध खनन में संलिप्त 2 बालू लदे ट्रैक्टरों को जब्त किया है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन ने बताया कि थाना क्षेत्र के बिसुनपुर सोन नदी में दो ट्रैक्टरों द्वारा सोन नदी से अवैध तरीके से बालू लोड कर ले जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। उक्त सूचना के आलोक में बिसुनपुर सोन नदी किनारे पुलिस बल के साथ छापेमारी की गयी तो पुलिस को आता देखकर दोनों बालू लदे बिना नंबर प्लेट के ट्रैक्टर के चालक गाड़ी लेकर सोन नदी से भागने लगे। ट्रैक्टर चालक गाड़ी छोड़कर भाग गए। पुलिस दोनों ट्रैक्टरों को थाने लाकर जब्त की है।

## अथक परिश्रम से नई ऊंचाई पर पहुंची भाजपा : राज

**केटी न्यूज/आरा**



भारतीय जनता पार्टी भोजपुर जिला कार्यालय में पार्टी स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा बिहार प्रदेश के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह थे। अपने संबोधन में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना काल से लेकर और पूर्ववर्ती जनसंघ के विविध कार्यक्रमों आयाम एवम पार्टी के विकास विषय में अपनी बात रखी। साथ ही अंतोदय की परिकल्पना और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा एनडीए सरकार द्वारा किए गए कार्यों का भी उल्लेख किया गया पार्टी जिला अध्यक्ष दुर्गा राज जिनकी अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में वैसे तमाम कार्यकर्ता जिनके अथक परिश्रम से पार्टी आज नई ऊंचाई को छू रही है उनके योगदान का विस्तृत रूप से कार्यकताओं के बीच में चर्चा किया। कार्यक्रम का विधिवत संचालन पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह ने किया जो कि इस स्थापना दिवस समारोह के संयोजक भी हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल पार्टी के महामंत्री संतोष चंद्रवंशी, ममता सिंह, किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता प्रहलाद राय पार्टी के उपाध्यक्ष ज्योति प्रकाश कुशवाहा राजकुमार कुशवाहा राम दिनेश यादव धनंजय तिवारी निशांत सिंह सेंगर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता तथा उद्योगपति अजय सिंह और पार्टी के मंत्री मधु मिश्रा, चुन्नी देवी अनुपम पम्मी मीडिया प्रभारी मिथिलेश पांडे ठाकुर दयाल राम मालती सिंह उषा चौबे वार्ड पार्षद संध्या देवी मंडल अध्यक्ष सविता देवी वीरेंद्र कुमार संजय सिंह नितीश दुबे प्रतीक चंद्रवंशी रवि रंजन राय समेत कई मंडल अध्यक्ष और प्रमुख कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए उसके प्रसाद चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन और अवलोकन मुख्य अतिथि तथा जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कार्यकताओं के द्वारा किया गया।

## भोजपुर जिले के उदवंतनगर प्रखंड के सहार रोड़ में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# वक्फ कानून सभी के लिए बेहतर, अरबों की प्रॉपर्टी का हो रहा था दुरुपयोग : पूर्व सांसद अरूण

**केटी न्यूज/आरा**



भोजपुर जिले के उदवंतनगर प्रखंड के सहार रोड में पूर्व सांसद सह भारतीय सबलोग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार ने एक सभा आयोजित की। इस दौरान जहानाबाद के पूर्व सांसद सह भारतीय सबलोग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार ने वक्फ संशोधन बिल पास होने के बाद विपक्षियों पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह फॉल्स प्रोपेगैंडा है। मेरे 40 साल के राजनीतिक कैरियर में अभी तक सैकड़ो महंतों की हत्या कर दी गई है। धार्मिक न्यास फंड के नाम पर उपस्थित होता था, उसे व्यक्तिगत परिवार चलते थे। आज भी उसी धन से बहुत सारे लोगों का विदेश में घर चलता है। इसी कुशल प्रबंधन को लेकर सरकार ने यह व्यवस्था की है, जैसे तीन तलाक की व्यवस्था उससे भी बेहतर व्यवस्था है। अरुण कुमार ने बताया कि अरबों रुपए की प्रॉपर्टी का दुरुपयोग हो रहा है। वहीं इस मौके पर पहुंचे पूर्व सांसद अरुण कुमार ने बताया कि बच्चे कल के भविष्य है। शिक्षा ऐसा इंस्ट्रूमेंट है, जो टोटल ट्रांसफॉर्मेशन करता है। हमारी जितनी भी गड़बड़ियां हैं उसे दुरुस्त एजुकेशन ही कर सकता हैं। जहां भी कहीं विद्यालय है वहां से बिलाहट होती है बड़ी सभा को छोड़कर भी शिक्षकों के बीच जाना चाहता हूं। इसकी जरूरत है और शैक्षणिक वातावरण का उत्कर्ष हो इसी पर मैं चर्चा करता हूं। मैं इस कार्यक्रम के दौरान शिक्षक एवं अभिभावकों को कुछ दो शब्द सलाह दिया है मैं उम्मीद करता हूं विद्यालय प्रगति के रास्ते पर आगे बढ़ेगा। एक राज्य के नामी होटल के जमीन को सिर्फ 1 में दिया गया है। किसी महंत राजनीतिक सत्ता के पुजारी के दलाल को दिया गया और उससे लोग अय्याशी और मजे कर रहे हैं। वक्फ बोर्ड पर नियंत्रण रखने के लिए इसको ज्यूडिशियरी से उत्तरदायी बनाया गया। देश के अंदर न्यायपालिका पर आपको भरोसा नहीं है, ऐसा नहीं है कि कोई भी जमीन को आप किसी और को लीज कर दीजिए। यह सामूहिक प्रॉपर्टी है। यह भारत सरकार की भी प्रॉपर्टी है। जो मुस्लिम भाई यहां से चले गए,उनकी भी प्रॉपर्टी है।






## संक्षिप्त समाचार

### रामनवमी पर करतब दिखा रहे सुखदेव की अखाड़े में हो गयी मौत

**गिरिडीह, एजेंसी।** के दिन अखाड़े में करतब दिखा रहे एक व्यक्ति की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गयी। घटना गिरिडीह जिले के बेंगाबाद की है। सोशल मीडिया में 56 सेकेंड का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें दिख रहा है कि लाठी के साथ 2 लोग करतब दिखा रहे हैं। अखाड़ा खेल रहे एक व्यक्ति बेंगाबाद के मधवाडीह निवासी सुखदेव प्रसाद यादव हैं। हट्टे-कट्टे दिख रहे यह शख्स रामनवमी पर अखाड़ा खेलने के बाद थोड़ा किनारे जाते हैं और वहीं निढाल होकर गिर पड़ते हैं। जब तक लोग कुछ समझ पाते या उन्हें अस्पताल ले जाते, सुखदेव प्रसाद यादव ने दम तोड़ दिया। इसके बाद गांव में रामनवमी की खुशी का माहौल मातम में बदल गया।

### परफेक्ट कार सर्विस सेंटर में लगी भीषण आग, 11 गाड़ियां जलकर खाक

**पलामू, एजेंसी।** मेदनीनगर रेड़मा के पुरानी रांची रोड स्थित परफेक्ट कार सर्विस सेंटर में बीती रात भीषण आग लग गई। यह हादसा देर रात करीब 1-45 बजे हुआ। आग इतनी भयावह थी कि सर्विस के लिए आई हुई करीब 10 गाड़ियां पूरी तरह जलकर खाक हो गईं। स्थानीय लोगों की सूचना पर दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन वाहन मालिकों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। आग लगने का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। शॉर्ट सर्किट या सर्विस सेंटर के सामने पड़ी कूड़े में आग लगने की आशंका जताई जा रही है। लेकिन जांच पूरी होने के बाद ही सटीक वजह सामने आएगी।

### ओड़िसा की हस्त-निर्मित कलाकृतियां बनी आकर्षण का केंद्र

**बोकारो, एजेंसी।** जगन्नाथ मंदिर सेक्टर चार के गीता भवन में आयोजित दस दिवसीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी 'उत्कालिका बोकारोवासियों के आकर्षण का केंद्र बनी है। प्रदर्शन में श्रीराम की आकृति और राम नाम की कढ़ाई वाले आकर्षक पूजा बैग्स, चांदी के डिजाइनर गहने, कुर्ती-शर्ट-सूट, सिंगल और डबल बेडशीट व घर की सजावट के आकर्षक समान व भगवान जगन्नाथ की फ्रेमिंग तसवीर के अलावा और भी बहुत कुछ है, जो हस्तनिर्मित है। प्रदर्शनी का अवलोकन बोकारोवासी 10 अप्रैल तक सुबह दस बजे से रात नौ बजे तक कर सकते हैं। 01 अप्रैल उत्कल दिवस पर जगन्नाथ मंदिर सेक्टर चार के गीता भवन में प्रदर्शनी लगी हुई है। उत्कल दिवस अवसर पर ओड़िसा स्टेट को-ऑपरेटिव हैंडीक्रॉफ्ट कॉरपोरशन लिमिटेड की ओर से दस दिवसीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी 'उत्कालिका'का आयोजन जगन्नाथ मंदिर सेक्टर चार के गीता भवन में किया गया है। इसमें हस्त-निर्मित वस्त्र व विभिन्न हस्त-निर्मित कलाकृतियां प्रदर्शित व विक्रय हो रही है। यहां श्रीराम की आकृति और राम नाम की कढ़ाई वाले आकर्षक पूजा बैग्स बिक रहा है। बैग्स देखने में बहुत सुंदर और यूनिक हैं। मिहिर कुमार लेंका ने बताया - प्रदर्शनी में प्रतिदिन दर्जनों बोकारोवासी पहुंच रहे हैं। सभी प्रदर्शनी में लगी कलाकृति की सराहना कर रहे हैं। साथ ही काफी लोग खरीदारी भी कर रहे हैं।

### रामनवमी जुलूस में तलवार से गर्दन पर किया वार, प्राथमिकी दर्ज

**चतरा, एजेंसी।** झारखंड में रामनवमी उत्सव के दौरान चतरा जिले में एक युवक पर तलवार से वार किया गया। इसमें युवक घायल हो गया। इस मामले में सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। घटना शनिवार रात को हुई, जब जुलूस में एक युवक ने तलवार से चुड़ीहार मुहल्ला निवासी अविनाश कुमार (पिता दिलीप चौधरी) की गर्दन पर वार कर दिया। घायल युवक का सदर अस्पताल में इलाज किया गया। इस संबंध में अविनाश ने सदर थाना में अभिमन्यु यादव उर्फ डीएम यादव पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। अविनाश ने कहा कि रात में वह अव्वल मुहल्ला का जुलूस देखने के लिए गया था। इस दौरान डीएम यादव ने तलवार से उसकी गर्दन पर वार कर दिया। तलवार लगते ही उसकी गर्दन से खून बहने लगा। अविनाश ने बताया कि जुलूस में शामिल लोगों ने उसे तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में उसे कई टांके लगाये गये। अविनाश और उसके परिजनों ने थाना प्रभारी से आग्रह किया है कि डीएम यादव पर अविलंब कारवाई की जाये।

# रामनवमी जुलूस के दौरान झांकी के रथ में लगी आग, मची अफरा-तफरी

**गढ़वा, एजेंसी।** नगर भ्रमण पर निकले जय भारत संघ टंडवा के अखाड़ा द्वारा निर्मित रथ में रविवार को अचानक आग लग गई। यह घटना उस समय हुई जब रथ जुलूस मंच के पास पहुंचा था और वहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



**आग लगने के बाद अफरा-तफरी :** आग लगते ही लोगों में अफरा-तफरी मच गई, लोग घबराकर इधर-उधर भागने लगे। कार्यक्रम स्थल पर भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आयोजन समिति और स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना जिला प्रशासन को दी। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन हरकत में आया और तत्काल अग्निशमन दल को मौके पर भेजा गया। अग्निशमन दल ने आनन-फानन में आग पर काबू पा लिया।

**अग्निशमन दल ने बिना समय गंवाए पाया आग पर काबू :** अग्निशमन दल ने मौके पर पहुंचते ही बिना समय गंवाए आग बुझाना शुरू कर दिया। कुछ ही देर में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। गनीमत रही कि इस घटना में जान-माल का कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। रथ में लगी आग से कुछ देर के लिए कार्यक्रम की गति जरूर प्रभावित हुई, लेकिन प्रशासन की तत्परता से जल्द ही स्थिति पर काबू पा लिया गया।


**प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे :** घटना की सूचना मिलते ही गढ़वा के उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, एसडीओ संजय कुमार समेत कई प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने और जुलूस को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने का निर्देश दिया।

**अखाड़ा जुलूस बिना किसी रुकावट के बढ़ा आगे :** आग पर काबू पाने के बाद कार्यक्रम को फिर से शुरू किया गया। शेष अखाड़ा रथों को पूरी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ले जाया गया। एक-एक कर सभी रथों ने प्रदर्शन किया और कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। स्थानीय लोगों और आयोजन समिति ने जिला प्रशासन, अग्निशमन दल और पुलिस बल की त्वरित कार्रवाई की सराहना की, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है और प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जतायी जा रही है।

## धालभूमगढ़ में रामनवमी ध्वज उखाड़ने के दौरान मांस मिलने से भक्तों में आक्रोश, एनएच 18 किया जाम

**घाटशिला, एजेंसी।** रामनवमी के दूसरे दिन पूर्वी सिंहभूम जिला के धालभूमगढ़ के नरसिंहगढ़ हनुमान वाटिका मंदिर के पास लगाए गए हनुमान जी के झंडे को उखाड़ने व मांस फेंके जाने से क्षेत्र में आक्रोश बढ़ गया। धालभूम गढ़ में बीते कल ही रामनवमी का जुलूस पूरे हर्षोल्लास के साथ निकला था।जुलूस के अगले दिन इस प्रकार की घटना से भक्तों में आक्रोश देखा गया। गुस्साए लोगों ने धालभूम गढ़ में नेशनल हाईवे 18 को जाम कर दिया।धालभूमगढ़ और नरसिंहगढ़ हाट बाजार को बंद कर दिया गया। मामले की सूचना पर धालभूम गढ़ के थाना प्रभारी अमीर हमजा दल-बल के साथ पहुंचे और मामले की जांच की।बता की इससे पहले भी नरसिंहगढ़ हनुमान वाटिका मंदिर परिसर में मांस फेंके जाने के बाद क्षेत्र में काफी बवाल मचा था।

## रांची में रेलवे ट्रैक पर हाथी की दर्दनाक मौत के बाद केंद्र सरकार ने लिया अहम फैसला, अब करने जा रही यह काम



**रांची, एजेंसी।** राज्य में रेलवे ट्रैक पर आने से हाथियों समेत अन्य जीवों की दर्दनाक मौत अक्सर होती रहती है। हाल ही में रांची के समीप किता में रेल लाइन पार कर रहे एक हाथी की मौत हो गई।

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने रेलवे लाइन से होकर गुजरने वाले हाथियों की निगरानी के लिए डिजिटल निगरानी का निर्णय लिया है। देहरादून स्थित वन्य जीव संरक्षण संस्थान ने इसके लिए दक्षिण अफ्रीका में प्रयोग की जा रही तकनीक का आकलन कर झारखंड में भी लागू करने की योजना बनाई है। राज्य में हाथियों के आने-जाने के लिए कॉरिडोर चिह्नित किए गए हैं। यहां रेलवे लाइन पर डिजिटल सर्विलांस लगाए जाएंगे।

रेलवे लाइन के दो किलोमीटर क्षेत्र में हाथियों के आने पर यह संबंधित स्टेशन के कंट्रोल रूम को सूचना भेज देगा। इसके बाद वहां से गुजरने वाली ट्रेनों की रफ्तार कम रखने का निर्देश दिया जाएगा। हाथियों को रेलवे ट्रैक पर आने से रोकने की कोशिश भी होगी। रांची से हजारीबाग के रास्ते पटना जाने वाली रेल लाइन पर हाथियों के गुजरने की हमेशा संभावना रहती है। केंद्र सरकार सबसे पहले इस लाइन पर यह प्रयोग करने की योजना बना रही है। इसके लिए रेलवे और संबंधित वन प्रमंडल के बीच समन्वय केंद्र भी बनाए जाएंगे।

वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन प्रोजेक्ट से जुड़े केंद्र सरकार के विशेषज्ञों का एक दल राज्य में एलिफेंट कारिडोर पर मौजूद रेल ट्रैक का अध्ययन करेगा।

## गालूडीह में गाजे-बाजे संग निकला रामनवमी जुलूस, जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजा इलाका

**गालूडीह , एजेंसी।** गालूडीह प्राचीन रंकिणी मंदिर से रविवार शाम रामनवमी झंडा जुलूस गाजे-बाजे के साथ निकाला गया। गालूडीह रंकिणी मंदिर अखाड़ा समिति के नेतृत्व में निकले जुलूस में हजारों लोग जय श्रीराम का नारा लगाते हुए चल रहे थे। जय श्रीराम के उद्घोष से इलाका गूंज उठा। जुलूस में बजरंगबली की मूर्ति की झांकी लोगों के आकर्षण का केंद्र था। जय श्रीराम के उद्घोष से गालूडीह राममय हो गया। जुलूस को रंकिणी मंदिर के मुख्य पुजारी सह संस्थापक विनय दास बाबाजी ने रवाना किया। उनकी देखरेख में जुलूस मंदिर परिसर से निकल कर बस स्टैंड, अंडर पास, सुभाष चौक, बंगालीपाड़ा, स्टेशन रोड होते हुए देर शाम रंकिणी मंदिर पहुंच कर विसर्जित हो गया।

जुलूस में शामिल युवा कलाकारों कलाकारों ने तलवारबाजी, लाठी, भुजाली, कुश्ती समेत एक बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब दिखाये। जगह-जगह चौक-चौराहों में करतब दिखाया गया। जुलूस में अनेक महिलाएं शामिल हुईं। युवकों ने हैरतअंगेज करतब देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। जुलूस में श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में।।, रामजी की निकली सवारी आदि गीत भी बज रहे थे, जिस पर युवा थिरकते नजर आये। सुरक्षा में गालूडीह थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश पुलिस जवानों के साथ डटे थे। जुलूस में मंदिर समिति में अध्यक्ष एसडीओ घाटशिला, सचिव श्रवण अग्रवाल, उपाध्यक्ष आदित्य पांडा, कोषाध्यक्ष दुलीचंद अग्रवाल, सदस्य सीओ घाटशिला, सपन महतो, सुभाष सिंह, संजू अग्रहरि, अनूप हलदार, महाराज साव, नारायण पांडा, कबीर पांडा, गौतम पांडा, अजय सिंह, अजय सिंह, मानस दास, सुभाष सिंह, डॉ सपन महतो, आनंद शेखर, लालटू दियासी, संदीप साधनदार समेत अनेक सदस्य शामिल थे। समाज सेवियों ने शरबत, चना, गुड़ बांटेगालूडीह के चौक-चौराहों पर कई समाज सेवियों स्टॉल लगाकर जुलूस में शामिल लोगों के लिए शरबत, चना, गुड़, ठंडे पानी का वितरण किया। जुलूस में अबीर-गुलाल भी खूब उड़े।

# रामनवमी पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस रही तैनात, एसएसपी खुद लेते रहे जायजा

**रांची, एजेंसी।** राजधानी में रामनवमी को लेकर सुबह से लेकर देर रात तक डीआईजी सह एसएसपी रांची की पूरी टीम पूरी तरह से अलर्ट मोड में रही। रामनवमी की सुरक्षा को लेकर जिले भर में दो हजार से अधिक पुलिस बल तैनात रही। जुलूस निकलने से लेकर जुलूस के वापसी तक पुलिस हर कदम पर मुस्तैद दिखी, नतीजा महापर्व रामनवमी हर तरह से शांतिपूर्ण रहा।

**अलर्ट पर रही पुलिस :** रामनवमी के अवसर पर रांची पुलिस ने यह ठान लिया था कि किसी भी असामाजिक तत्व को उनके मंसूबे में कामयाब नही होने देगी। यही वजह है कि रांची में सुरक्षा को लेकर जिला बल, रैफ, इको, रैप की कंपनी लगी रही। डीआईजी सह रांची एसएसपी खुद बुलेट पर सवार होकर पूरे शहर की निगरानी करते नजर आए। सुरक्षा को लेकर ड्रोन कैमरे से भी हर बड़ी शोभायात्रा की निगरानी की गई।



रांची के शहरी क्षेत्र में एसएसपी और सिटी एसपी जबकि ग्रामीण इलाकों में ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल खुद सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग कर रहे थे। सभी डीएसपी और थानेदार अपने-अपने इलाको की सुरक्षित शोभा यात्रा को निकालने में लगे रहे। जबकि कचहरी से लेकर तपोवन मंदिर पहुंचने वाली रूट की सभी शोभायात्रा में सुरक्षा के लिए पुलिस मुस्तैद रही।

अल्बर्ट एक्का चौक और मेन रोड पूरी तरह पुलिस छावनी बना रहा। तपोवन मंदिर में भी भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। हर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी गई। सभी थानों में क्यूआरटी भी तैनात थी। पीसीआर, टाईगर पुलिस और बीट पुलिस को भी सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगाया गया था। बाइक दस्ता भी गली मोहल्ला में भ्रमणशील रही।

सुरक्षा को लेकर तीन आइपीएस, 12 डीएसपी, 50 से अधिक इंस्पेक्टर सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे। डीआईजी सह एसएसपी रांची चन्दन सिन्हा लगातार अलग-अलग इलाकों में घूम घूम कर सुरक्षा व्यवस्था की जायजा लेते रहे और सिटी कंट्रोल रूम सहित सभी पुलिस पदाधिकारियों से भी संपर्क में रहे। दोपहर के बाद से पुलिस के टेट्रा वायरलेस लगातार घनघनाती रही। हर चौक चौराहों और शोभा यात्रा के साथ तैनात पुलिस पदाधिकारी टेट्रा कंट्रोल को सूचनाएं देते रहे।

जुलूस के दौरान किसी तरह की कोई गड़बड़ी न हो इसलिए हर जुलूस के साथ पुलिस की टीम तैनात थी। जुलूस के आगे और पीछे पुलिस बल लगातार निगरानी करती नजर आई।

इस दैरान शहर से निकली सभी शोभायात्रा अल्बर्ट एक्का चौक होते हुए तपोवन मंदिर तक पहुंची, जबकि ग्रामीण इलाकों में निर्धारित रूटों से निकलकर अपने गंतव्य तक पहुंची। सभी अखाड़ेधारियों को पुलिस की ओर से लाइसेंस के साथ आईकार्ड भी निर्गत किया गया था।

# नहर काटने व इलेक्ट्रो स्टील का वाहन जलाने के मामले में कोई शिकायत नहीं

**बोकारो, एजेंसी।** बीएसएल प्रशासनिक भवन के समीप विस्थापित अप्रेंटिस संघ के आंदोलन में एक की मौत व कई लोगों के घायल होने के साथ वाहन जलाने व मारपीट से जुड़े चार थानों में छह मामले दर्ज किये गये हैं, जबकि दो मामले में आवेदन का इंतजार किया जा रहा है। पहला मामला बीएस सिटी थाना में प्रेम प्रसाद की मौत की प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। इसमें मृतक प्रेम के पिता बालीडीह थाना क्षेत्र के शिबूटांड़ निवासी बीरू महतो ने बीएस सिटी थाना में आवेदन दिया है। दर्ज मामले में बीएसएल डायरेक्टर इंचार्ज बीके तिवारी, इडी पीएंडए ए राजश्री बनर्जी, सीजीएम कार्मिक हरिमोहन झा, आइआर विभाग के प्रभाकर कुमार, बोकारो यूनिट के सीआइएसएफ डीआइजी दिग्विजय सिंह व सीआइएसएफ इंचार्ज चावला पर प्रेम प्रसाद की हत्या का आरोप लगाया गया है। बीरू महतो ने कहा है कि तीन अप्रैल को विस्थापित अप्रेंटिस संघ का शांतिपूर्ण आंदोलन चल रहा था। बीएसएल व सीआइएसएफ के उच्च अधिकारी के आदेश पर साजिश के तहत प्रेम प्रसाद को घेर कर सीआइएसएफ जवानों ने लाठी व डंडों से पीटा। इस कारण मौके पर ही प्रेम महतो की मौत हो गयी। लाठी चार्ज के दौरान संघ के दर्जनों लोग घायल हो गये, जबकि शांतिपूर्ण आंदोलन की सूचना बीएसएल व जिला प्रशासन को दी गयी थी। इस मामले में डीसी विजया जाधव ने एक तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन किया है। टीम में नेतृत्व एसडीओ चास प्रांजल ढाडा के नेतृत्व में सिटी डीएसपी आलोक रंजन व कार्यपालक दंडाधिकारी जया कुमारी को शामिल किया गया है। टीम वीडियो फुटेज व सीसीटीवी के साक्ष्य के आधार पर जांच करेगी। जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जायेगी।

दूसरा मामला सेक्टर नौ हरला थाना में हाइवा व जेसीबी जलाने के मामले में केस दर्ज हुआ। वाहन मालिक कसमार निवासी राजीव रंजन के बयान पर अज्ञात के खिलाफ वाहन जलाने का मामला दर्ज किया गया है। इंस्पेक्टर अनिल कच्छप ने कहा कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। साक्ष्य एकत्रित किया जा रहा है। तीसरा मामला बीएस सिटी थाना में सेक्टर तीन इ निवासी ठेकेदार अशोक सिंह ने बोलेरो तोड़ने का मामला दर्ज कराया है। कहा है कि अपने बोलेरो से ठेकेदारी कार्य से बीएसएल प्लांट जा रहे थे। एडीएम गेट के समीप खड़े सुंदर लाल, अजय कुमार महतो, सुनील महतो सहित 40 से 50 लोगों ने वाहन रोक कर क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही मारपीट की घटना को अंजाम दिया।

सेक्टर चार थाना में तीन मामला दर्ज किया गया। पहले मामले में सेक्टर आठ कालीबाड़ी खटाल निवासी राहुल कुमार ने कहा है कि हुड़दंगियों ने उनकी झोपड़ी जला दी है। दूसरा मामला सीआइएसएफ जवान हरीश सवैया ने दर्ज कराया है। कहा है कि ड्यूटी से लौट रहे थे। लोगों ने घेर कर मारपीट करनी शुरू कर दी। काफी आरजू-मिन्नत करने के बाद भी नहीं बख्शा और मारपीट कर वाहन को तोड़ दिया। तीसरा मामला सेक्टर तीन बी निवासी दिलीप कुमार ने दर्ज कराया है। दर्ज मामले में कहा है कि घर लौटते वक्त सेक्टर चार में उनका वाहन क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

## वक्फ बिल को लेकर केंद्र सरकार पर बरसे मंत्री इरफान अंसारी, बोले- मुसलमान को अपमानित कर रही बीजेपी

**देवघर, एजेंसी।** पूरे देश में वक्फ बिल को लेकर चर्चा है। एनडीए नेता जहां इसका समर्थन कर रहे हैं, तो वही इंडिया एलायंस के नेता इस बिल का पुरजोर विरोध करते नजर आ रहे हैं। झारखंड में भी इंडिया गठबंधन के नेता इस बिल को लेकर लगातार बयानबाजी करते नजर आ रहे हैं। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने भी इसको लेकर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा बीजेपी को वक्फ बिल में संशोधन करने की क्या जरूरत पड़ गई थी।



**मुसलमान को अपमानित कर रही है बीजेपी- इरफान अंसारी :** मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि जब देश के मुसलमान ने कभी भी कोई समस्या बीजेपी और देश के प्रधानमंत्री को नहीं सुनाई, तो फिर मुसलमान की समस्या वह खुद क्यों समाधान करने में जुटे हुए हैं। बीजेपी देश के मुसलमानों को जिस तरह से अपमानित करने का काम कर रही है, वह कभी भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**सीएम नीतीश को सबक सिखाएंगी जनता- स्वास्थ्य मंत्री :** स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने भारतीय जनता पार्टी के साथ-साथ जदयू सुप्रीमो और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी निशाना साधा है।

उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर कहा कि वह मुसलमान का वोट लेकर विधायक से लेकर देश के मंत्री और मुख्यमंत्री बने। लेकिन आज वक्फ बिल का समर्थन कर उन्होंने अपना जमीर खो दिया है। सीएम नीतीश कुमार के इस फैसले का जवाब बिहार चुनाव में राज्य की जनता जरूर देगी।

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने नीतीश कुमार के साथ-साथ चिराग पासवान पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि चिराग पासवान जिस तरह से वक्फ बिल में भाजपा का समर्थन कर रहे हैं। उनके इस फैसले को देखकर स्वर्गीय रामविलास पासवान मरने के बाद दुखी हो रहे होंगे।

**हम राहुल गांधी के साथ खड़े हैं-मंत्री इरफान अंसारी :** स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि झारखंड में यह बिल किसी भी कीमत पर पास नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस जिस तरह से इस बिल का विरोध कर रही है। इसमें कांग्रेस के सभी नेता और कार्यकर्ता अपने नेता राहुल गांधी के साथ खड़े हैं।

# मुसाबनी में रामनवमी जुलूस में उमड़ा जनसैलाब, बालिकाओं ने मन मोहा

**मुसाबनी, एजेंसी।** मुसाबनी में रविवार की शाम धूमधाम और गाजे-बाजे के साथ रामनवमी का झंडा जुलूस निकाला गया। बादिया हनुमान मंदिर परिसर में बादिया हनुमान अखाड़ा कमेटी की ओर से डीसीएलआर नीत नितिन सुरीन, डीएसपी संदीप भगत, बीडीओ अदिति गुप्ता, सीओ ऋषिकेश मरांडी, अंचल निरीक्षक शरत चंद्र बेरा, मुखिया दुलारी मुर्मू समेत कई लोगों को पगड़ी पहना कर सम्मानित किया गया। कमेटी की ओर से भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ पुलिस प्रशासन की निगरानी में रामनवमी का जुलूस बादिया से निकाला गया। जुलूस में शामिल दुर्गा वाहिनी की बालिकाओं ने कई करतब दिखाए। इसके साथ ही युवकों ने भी लाठी एवं अन्य शस्त्र के साथ अपने करतब दिखाये। जुलूस लाटियां, बदिया गांव का भ्रमण कर ब्लॉक कॉलोनी पहुंचा। ब्लॉक कॉलोनी में लोको लाइन और भंडारबोरो महावीर अखाड़ा जुलूस में शामिल हुआ।



जुलूस महुलबेड़ा होते हुए बस स्टैंड पहुंचा। बस स्टैंड में न्यू कॉलोनी मुसाबनी, मुसाबनी नंबर तीन, परशुराम अखाड़ा, हरिजन बस्ती महावीर अखाड़ा का जुलूस भी शामिल हुआ। बाजार का परिभ्रमण करते हुए जुलूस अस्पताल चौक होते हुए पोस्ट ऑफिस मैदान पहुंचा। मुसाबनी नंबर एक का परिभ्रमण कर वापस मुसाबनी नंबर तीन बासंती मंदिर पहुंच कर जुलूस का विसर्जन हुआ। जुलूस में पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा। जगह-जगह संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल की व्यवस्था की गयी थी।

# दुमका में साइबर फ्रॉड करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 4 आरोपी गिरफ्तार

**दुमका, एजेंसी।** पुलिस ने शनिवार को फर्जी बैंक अधिकारी बनकर साइबर फ्रॉड कर रहे चार युवकों को मौके से गिरफ्तार किया है। घटना सरैयाहाट थाना क्षेत्र के मंडलडीह गांव स्थित मध्य स्कूल के पास की है। जहां से पुलिस ने पकड़ गए साइबर आरोपियों के पास से एक कार, बाइक और आधा दर्जन मोबाइल बरामद किए हैं।

**मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई :** दरअसल सरैयाहाट थाना प्रभारी ताराचंद को सूचना मिली थी कि मंडलडीह के समीप कुछ युवक इकट्ठे होकर साइबर क्राइम की घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। जिसके बाद थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तो सभी युवक भागने की कोशिश करने लगे। लेकिन पुलिस के जवानों ने सभी को मौके पर दबोच लिया।

गिरफ्तार युवकों ने पुलिस को बताया कि वह फर्जी तरीके से सिम कार्ड लेते हैं। उसके बाद फर्जी बैंक अधिकारी बनकर भोले भाले लोगों को अपने झांसे में लेकर बैंक खाते से राशि निकालते हैं। थाना प्रभारी सरैयाहाट के लिखित बयान पर पकड़े गए चारों युवकों के खिलाफ धारा 319 (2), 318 (4), 338, 336 (3), 340 (1), 111 बीएनएस और 66 (सी), 66 (डी) आईटी एक्ट एवं 42 (3) (ई) टेलीकम्युनिकेशन 2023 के तहत मामला दर्ज किया है।



पुलिस के गिरफ्त में आये युवकों ने रुपये गायब करने के कई अलग अलग तरीकों का भी खुलासा किया। इसके साथ ही जानकारी देते हुए पुलिस को बताया कि अब इस क्राइम में कैसे हाईटेक टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि यह लोग बैंक अधिकारी बनकर पैसे गायब करते हैं। जबकि उन पैसों को संबंधित अकाउंट से निकालने के लिए क्षेत्र में दूसरे गैंग सक्रिय हैं, जो कमीशन पर उन लोगों के लिए काम करते हैं।

इससे पहले पुलिस ने 4 दिन पूर्व साइबर क्राइम के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी थी। जब प्रशिक्षु आईपीएस डॉ। सैयद मुस्तफा हाशमी के नेतृत्व में एक टीम ने 7 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया था। जिसमें तीन दुमका, तीन देवघर और एक पाकुड़ जिले का रहने वाला है।

## सुभाषितम्

भाग्य के विपरीत होने पर अच्छा कर्म भी दुःखदायी हो जाता है।

- चाणक्य

## टैरिफ वार: विश्व व्यापार संधि का अस्तित्व खतरे में

**वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में** व्यापार युद्ध (टैरिफ वार) ने वैश्विक व्यापार संधि को लेकर, दुनिया के देशों में एक नई चिंता पैदा कर दी है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के अंतरराष्ट्रीय संस्थान जिनके जिम्मे नियम और कानून का पालन सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगभग 166 देशों द्वारा वैश्विक व्यापार संधि में हस्ताक्षर किए हैं। उन देशों के कारोबार और आर्थिक स्थिति को लेकर संकट खड़ा हो गया है। हाल ही में अमेरिका ने टैरिफ को लेकर जो निर्णय लिए हैं। वह वैश्विक व्यापार संधि के खिलाफ हैं। उससे सारी दुनिया के देशों में अमेरिका के साथ व्यापार को लेकर तनाव बन गया है। अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते टैरिफ युद्ध ने सभी देशों में वैश्विक व्यापार व्यवस्था को बुरी तरह से अस्थिर कर दिया है। अमेरिका ने राष्ट्र हितों की दुहाई देकर चीन, भारत एवं अन्य देशों पर आयातित वस्तुओं पर भारी शुल्क लगा दिया है। वैश्विक व्यापार संधि के अनुसार उसको इस तरह की कार्यवाई करने का अधिकार नहीं है।अमेरिका ने एकतरफा निर्णय ले रहा है। दूसरी ओर चीन ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस प्रतिशोधात्मक नीति का प्रभाव सारी दुनिया के देशों के साथ-साथ अमेरिका और चीन जैसे बड़े देशों की अर्थव्यवस्था पर पड़ना तय है। इस टकराव के कारण दुनिया के 166 देशों में व्यापारिक स्थिरता को लेकर बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है। यह स्थिति तब और भी चिंताजनक हो जाती है। जब वैश्विक व्यापार संधि को नियंत्रित करने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं इस विवाद में निष्प्रभावी दिखाई पड़ रही हैं। दुनिया के सभी देशों के बीच वैश्विक व्यापार संधि का मूल उद्देश्य सभी देशों के बीच व्यापार विवादों का समाधान करना और वैश्विक व्यापार को सभी देशों के लिए मुक्त व्यापार के लिये अंतराष्ट्रीय कानून के अनुसार सभी देशों के लिये निष्पक्ष एवं स्थिर नीति को बनाना और उनका पालन करने की जिम्मेदारी है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ युद्ध की शुरुआत की है। इसमें दो बड़ी वैश्विक शक्तियां अमेरिका और चीन वैश्विक व्यापार संधि के नियमों की अनदेखी करते हुए एक दूसरे के ऊपर मनमाने तरीके से टैरिफ लगाने की होड़ में लग गए हैं। जिसके कारण सारी दुनिया के देशों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया है। अंतरराष्ट्रीय नियंत्रक संस्थाएं चुप बैठी हुई हैं। यह चिंता का सबसे बड़ा कारण बन गया है। अमेरिका ने चीन की 16 कंपनियों पर रोक लगा दी है। जवाबी कार्रवाई करते हुए चीन ने भी अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ा दिया है। चीन ने अमेरिका की कंपनियों पर रोक लगा दी है। दोनों देशों ने अब एक-दूसरे पर मनमाने तरीके से 50% से ज्यादा आयात शुल्क बढ़ा दिए हैं। इससे वैश्विक आपूर्ति एवं वैश्विक व्यापार श्रृंखला बाधित होगी। इसका असर दुनिया के सभी देशों पर पड़ना तय है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ बार से विकासशील देशों की अर्थ व्यवस्था सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। सभी देशों के शेयर मार्केट में भारी गिरावट है। आर्थिक मंदी का खतरा पैदा हो गया है। अमेरिका से शुरू हुए इस टैरिफ युद्ध ने साफ कर दिया है। वैश्विक व्यापार संधि को लेकर अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन जब बड़े-बड़े देश नहीं करेंगे। ऐसी स्थिति में 1993 के बाद वैश्विक व्यापार संधि को लेकर जो वैश्विक व्यापार सारी दुनिया के देशों के बीच में शुरू हुए थे। उनका भविष्य खतरे में है। अंतर्राष्ट्रीय वैश्विक व्यापार व्यवस्था, जिसकी लाठी उसकी भैंस जैसी स्थिति बन गई है। दुनिया के सभी देश अपने सामरिक एवं आर्थिक दृष्टिकोण मनमाने की सोच को बढ़ावा मिलेगा। जिससे वैश्विक अराजकता बढ़ेगी। सभी देश अपने निजी हितों को ध्यान में रखकर निर्णय लेंगे। इससे सारी दुनिया के देश एक बार फिर अराजकता की स्थिति में लौट सकते हैं। समय आ गया है, वैश्विक व्यापार संधि के अंतर्गत नियम और कानून का पालन कराने के लिए जिन अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं का गठन किया गया था। वह अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए तुरंत कार्रवाई करें। सभी देश वैश्विक व्यापार संधि के नियमों का पालन करें। विवादों को सुलझाने के लिए वैश्विक नियंत्रक संस्थाएं आगे आएं। व्यापार युद्ध जैसी कार्यवाही से सभी देश बचें।

# स्वास्थ्य सेवाओं तक सभी की पहुंच सुनिश्चित हो

**राज कुमार सिन्हा**

**भारत के संविधान का** अनुच्छेद 21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार की गारंटी देता है और राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत (अनुच्छेद 38, 39, 42, 43 और 47) स्वास्थ्य के अधिकार को प्रभावी तरीके से सुनिश्चित करने के लिए राज्य का दायित्व सुनिश्चित करता है। संविधान के अनुच्छेद 47 के अनुसार, स्वास्थ्य राज्य का विषय है और तदनुसार अपने नागरिकों को स्वास्थ्य और स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी और कर्तव्य है। भारत में औसतन 10,000 लोगों पर 2 से 3 डाक्टर ही है। फिलहाल देश में 1.6 लाख मेडिकल सीटें हैं। सरकार ने घोषणा किया है कि अगले साल पूरे भारत में मेडिकल कॉलेजों में 10,000 अतिरिक्त सीटें जोड़ी जाएंगी, जिसका लक्ष्य आगामी 5 सालों में 75000 मेडिकल सीटें तक पहुंचाना है। विश्व बैंक के अनुसार, भारत सरकार 50.2 फीसदी इलाज का ही खर्च उठाता है,शेष 49.8 फीसदी लोग अपने जेब से ही इलाज करने को विवश हैं। 2025- 26 के स्वास्थ्य में 99,858 करोड़ रुपए आबंटित किया गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लिए कुल बजट में से 37226 करोड़ रुपए मिला है। यह राशि बीमारी सर्विलांस, परिक्षण सुविधाओं एवं आपात तैयारियों में खर्च की जानी है, इसके लिए बजट में कोई उल्लेखनीय प्रावधान नहीं किया गया है। वर्ष 2024 के ग्लोबल हंगर इंडेक्स की रिपोर्ट अनुसार भारत की कुपोषित आबादी 13.7 प्रतिशत है। भारत में 5 साल से कम आयु के बच्चे जिनका कद कम है कुल 35.5 प्रतिशत हैं। भारत में 5 वर्ष से कम आयु के बच्चे जिनका वजन कम है कुल 18.7 प्रतिशत हैं कुपोषण के कारण 5 वर्ष से कम आयु में मरने वाले बच्चों का प्रतिशत 2.9 है। देश के अधिकांश प्रदेशों में कुपोषण एक गंभीर चुनौती बना हुआ है परंतु इससे निपटने के लिए बजट में कोई खास प्रावधान नहीं किया गया है और पोषण 2.0 कार्यक्रम मे बजट आवंटन लगभग स्थिर ही है। वर्तमान जनविरोधी, कॉर्पोरेट संचालित स्वास्थ्य सेवा स्वास्थ्य अधिकार की उपेक्षा करता है। जिसे लोगों और राष्ट्र के खिलाफ अपराध का कृत्य माना जाना चाहिए। कोविड-19 महामारी के दौरान सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की कमजोरी, अक्षमता और चुनौतियों से निपटने में विफलता स्पष्ट रूप से सामने आई थी परिणामस्वरूप,




सरकार द्वारा समय पर पर्याप्त सहायता उपलब्ध न कराने के कारण कई लोगों की बिना इलाज के मृत्यु हो गई। इन विफलताओं के बावजूद, स्वास्थ्य के लिए बजट आवंटन स्थिर बना हुआ है, जो वास्तव में पहले से ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में कम बजट आवंटन में और कमी को दशार्ता है। सरकार द्वारा स्वास्थ्य पर किया जा रहा 1.9 प्रतिशत का बजट खर्च अपर्याप्त है, खासकर तब जब कार्पोरेट को पर्याप्त कर राहत दी जाती है। जबकि स्वास्थ्य बजट को सकल घरेलू उत्पादन का कम से कम 6 प्रतिशत होना चाहिए। केंद्रीय बजट 2025 में कैंसर, असाधारण रोगों और अन्य गंभीर जीर्ण रोगों के उपचार के लिए 36 जीवनरक्षक औषधियों को बुनियादी सीमा-शुल्क से छूट स्वागत योग्य है। परंतु पहले दवाओं के मूल्य नियंत्रण को खत्म कर हजारों करोड़ रुपए फार्मा कंपनियों को दे दिए गए थे। आम जनता के स्वास्थ्य खर्च को कम करने और स्वास्थ्य सेवाओं के निजीकरण को रोकने या नियंत्रित करने के लिए किसी तरह का प्रावधान नहीं किया गया है। राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी के कारण निजी क्षेत्र का अस्पताल किसी नियामक निगरानी के बेलगाम शुल्क वसूलता जा रहा है। सरकार अब बीमा आधारित मॉडल की ओर बढ़ रही है, जिसका लक्ष्य 2025 तक निजी बीमा कवरेज को 30% तक बढ़ाना है, जबकि राज्य द्वारा संचालित अस्पतालों को बीमा-आधारित संस्थाओं में बदलना है, जैसा कि चेन्नई में देखा गया है। नीति आयोग ने राज्यों को पीपीपी मॉडल के तहत मेडिकल कॉलेज बनाने और जिला अस्पतालों को निजी संस्थाओं को सौंपने का सुझाव दिया है। यह कदम कुछ राज्यों में शुरू भी किया गया है और हाल ही में मध्य प्रदेश में सरकार के स्वास्थ्य सेवा संस्थानों के निजीकरण के खिलाफ मेडिकल डॉक्टरों, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और नागरिक समाज संगठनों के एक समूह ने संयुक्त रूप से इस कदम का विरोध किया है। कम फंडिंग से प्रेरित यह कदम सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली की स्थिरता और पहुंच को खतरे में डालता है। गुजरात और कर्नाटक में पीपीपी मॉडल की कोशिश की गई थी जो विफल हो गया और अब मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार इस मॉडल को अपनाने की कोशिश कर रहे हैं। जिला अस्पतालों और यहां तक कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भी निजी मेडिकल कॉलेजों के साथ साझेदारी में सौंपने का यह प्रस्ताव एक अच्छी तरह से काम करने वाली सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के लिए आवश्यक रेफरल सिस्टम को तोड़ देगा। टुकड़ों में किया जाने वाले मानव संसाधन प्रशिक्षण का यह दृष्टिकोण सार्वजनिक क्षेत्र तथा निजी दोनों क्षेत्रों में देखभाल की गुणवत्ता को कमजोर करता है। सरकार ने आवश्यक दवाओं पर मूल्य नियंत्रण की भी उपेक्षा की है और विश्व स्वास्थ्य संगठन वैक्सीन संधि और विश्व व्यापार संगठन पेटेंट संशोधन जैसी वैश्विक नीतियों को आगे बढ़ा रही है जो राष्ट्रीय संप्रभुता और सार्वजनिक स्वास्थ्य हितों को कमजोर कर सकती हैं। सरकार जीवन रक्षक दवाओं सहित अन्य दवाओं पर कर भी लगा रही है।

श्रमिकों की स्वास्थ्य देखभाल, प्रदूषण और खतरों के कारण स्वास्थ्य पर पड़ने वाला प्रभाव लोगों के स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर रहा है। खाद्य सुरक्षा अभी भी लोगों के लिए एक चुनौती बनी हुई है और कई राज्य एनीमिया से पीड़ित महिलाओं और कुपोषित बच्चों से निपटने में सफल नहीं हो पा रही है। जन स्वास्थ्य अभियान, भारत ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मांग किया है कि सरकार न केवल स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान कर-के अपने नागरिकों के स्वास्थ्य का ध्यान रखे, बल्कि स्वास्थ्य के प्रमुख निर्धारकों जैसे खाद्य सुरक्षा, सुरक्षित पेयजल, रोजगार, सुरक्षित पर्यावरण आदि को भी सुनिश्चित करें।

# लंका जीतने की और आगे बढ़ती भाजपा

**राकेश अचल**

**हमने कांग्रेस को बनते** नहीं देखा। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को बनते नहीं देखा। जनसंघ भी हमारे धराधाम पर आने से पहले बन गया था ,लेकिन हमने भाजपा को बनते और युवा होते देखा है। हम भाजपा की चाल,चरित्र और चेहरे से भी भलीभांति वाकिफ हैं और अब हम भाजपा को राजनीति की लंका जीतने के लिए लगातार आगे बढ़ते हुए देख रहे हैं। मजे की बात ये है कि भाजपा ही राम है और भाजपा ही रावण। उसका युद्ध अपने आप से है। आइये आपको भाजपा की राम-खानी सुनाता हूँ। देश में 1975 में लगे आपातकाल के हटने के बाद एकजुट हुए विपक्ष में यदि जनसंघ की दोहरी सदस्ता का मुद्दा जन्म न लेता तो शायद भाजपा का जन्म होता ही नहीं। लेकिन जो होना होता है ,वो होकर रहता है।मेरे जन्म से आठ साल पहले बने जनसंघ का नया अवतार थी भाजपा। भाजपा हालाँकि जनता पार्टी का प्रतिउत्पाद है लेकिन है जनसंघ ही। जनसंघ के संस्थापक श्यामाप्रसाद मुखर्जी थे। वे कैसे थे मुझे नहीं पता ,किन्तु मुझे पता है कि वर्ष 1977 में आपातकाल की समाप्ति के बाद जनसंघ का उस समय गठित जनता पार्टी में विलय हो गया था। आपातकाल हटने कि बाद सन 1977 के आम चुनावों में इसी जनता पार्टी ने कांग्रेस को सत्ताच्युत किया था। जनसंघ के तेजाब ने 1980 में जनतापार्टी को जलाकर भस्म कर दिया। तीन वर्षों तक सरकार चलाने के बाद 1980 में जनता पार्टी विघटित हो गई। देश की राजसत्ता में अकेले काबिज होने का सपना देखने वाले पुराने जनसंघियों ने मिलकर 6 अप्रैल 1980 को जनसंघ के स्थान पर भारतीय जनता पार्टी का गठन कर लिया। इसकी नीव में अटलबिहारी बाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी के अलावा उनकी पीढ़ी के तमाम पुराने जनसंघी थे। भाजपा ने 1984 के आम चुनावों में पहली बार हिस्सा लिय। भाजपा को कुल दो सीटें मिलीं। मुमकिन था की भाजपा को कुछ ज्यादा सीटें मिल जातीं किन्तु 1984 में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के कारण कांग्रेस के पक्ष में जो सहानुभूति की लहर चली उसने सभी राजनीतिक दलों की हवा खराब कर दी थी। भाजपा ने सत्ता में आने के लिए पहली बार राम नाम का सहारा लिया और राम जन्मभूमि आंदोलन को चुनावी मुद्दा बनाया।



ये मुद्दा भाजपा को फल गया। राम नाम ने भाजपा को संजीवनी दे दी। भाजपा कुछ राज्यों में चुनाव जीतते हुये और राष्ट्रीय चुनावों में अच्छा प्रदर्शन करते हुये 1996 में संसद में सबसे बड़े दल के रूप में नमूदार हुई। भाजपा को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया गया जो 13,लेकिन ये सरकार कुल दिन चली।आप कह सकते हैं कि भाजपा की पहली सरकार की भ्रूण हत्या हो गयी। आज की भाषा में भाजपा की प्रथम सत्ता का मिसकैरेज हो गया। भाजपा को बहुत जल्द समझ में आ गया कि देश की राजसत्ता पर कब्जा करना उसके अकेले के बूते की बात नहीं है। इसके लिए गठबंधन आवश्यक है। देश में 1998 में आम चुनावों के बाद भाजपा ने भानुमति का कुनवा जोड़क्सर जो गठबंधन बनाया उसे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) नाम दिया गया। गठबंधन का प्रयोग कामयाब हुआ और एक बार फिर श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी जो सिर्फ एक वर्ष चली। अगले आम-चुनावों में राजग को पुनः पूर्ण बहुमत मिला और श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में सरकार ने अपना कार्यकाल पूर्ण किया। इस प्रकार पूर्ण कार्यकाल करने वाली पहली गैर कांग्रेसी सरकार बनी।लेकिन पंडित अटल बिहारी बाजपेयी का तिलिस्म बहुत जल्द टूट भी गया और 2004 के आम चुनाव में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा। भाजपा को पूरे एक दशक तक सत्ता का वनवास भोगना पड़ा। भाजपा ने इस एक दशक तक संसद में मुख्य विपक्षी दल की भूमिका निभाई और 2014 के आम चुनावों में भाजपा ने बाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी को हटाकर गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना पोस्टर वाय बनाया। देश की जनता को रामराज का नहीं अच्छे दिनों का नारा दिया। ये नारा असर कर गया और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा प्रचंड बहुमत से जीतकर सत्ता में वापस आगयी। आगे की रामकहानी आप सब जानते हैं। भाजपा अपने हिंदुत्व के कार्ड को खेलते हुए आज भारतीय जनता पार्टी देश के 29 राज्यों में से 19 राज्यों में अकेले या अपने सहयोगियों के साथ सरकार चला रही है। हालाँकि 2025 तक भाजपा की अपनी ताकत संसद में क्षीण हुयी है लेकिन उसके इरादे अभी भी मजबूत हैं। भाजपा अब 2047 तक सत्ता नहीं छोड़ना चाहती। इसके लिए भाजपा कुछभी दांव पर लगाने कि लिए कमर कसे है। भाजपा के स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री सत्ता की लंका जीतने के लिए भारत के पहले वर्टिकल लिफ्ट समुद्री पुल-नए पंबन रेल पुल का उद्घाटन कर चुके है। राम ने लंका जीतने के लिए नल-नील द्वारा बनाये पुल का उद्घाटन किया था। इस पुल को पार करने से क्या भाजपा सत्ता की वैतरणी पार करते हुए अपनी कल्पना की सोने की लंका जीत पाएगी या नहीं ये आने वाले दिन बताएँगे,क्योंकि हमारे पुरखे श्री नरेश सक्सेना कहते हैं कि -

पुल पार करने से
पुल पार होता है
नदी पार नहीं होती
नदी पार नहीं होती नदी में धँसे बिना
नदी में धँसे बिना
पुल का अर्थ भी समझ में नहीं आता
नदी में धँसे बिना
पुल पार करने से
पुल पार नहीं होता
सिर्फ.लोहा-लंगड़ पार होता है
कुछ भी नहीं होता पार
नदी में धँसे बिना
न पुल पार होता है
न नदी पार होती है।

भाजपा ने नरेश सक्सैना की ये कविता पढ़ी है या नहीं मुझे नहीं पता किन्तु लगता है कि अब भाजपा नदी पार करने के फेर में देश को आकंठ साम्प्रदायिकता में डुबो देना चाहती है। भाजपा के देवतुल्य कार्यकताओं को स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं।

## स्वस्थ समाज की ओर पहला कदम है जागरूकता

**योगेश कुमार गोयल**

**सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया**

**विश्व स्वास्थ्य संगठन** (डब्ल्यूएचओ) के बैनर तले प्रतिवर्ष 7 अप्रैल को एक खास थीम के साथ विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाए जाने का प्रमुख उद्देश्य स्वास्थ्य को लेकर विश्व में प्रत्येक व्यक्ति को बीमारियों के प्रति जागरूक करना, लोगों के स्वास्थ्य स्तर को सुधारना और हर व्यक्ति को इलाज की अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना ही है। पूरी दुनिया इस साल स्वस्थ शुरूआत, आशापूर्ण भविष्य विषय के साथ 75वां विश्व स्वास्थ्य दिवस मना रही है। यदि पिछले कुछ वर्षों की स्वास्थ्य दिवस की थीम पर नजर डालें तो 2024 का विषय था मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार, 2023 यह दिवस सभी के लिए स्वास्थ्य, 2022 में हमारा ग्रह, हमारा स्वास्थ्य, 2021 में सभी के लिए एक निष्पक्ष, स्वस्थ दुनिया का निर्माण, 2020 में नर्सों और दाईयों का समर्थन करें तथा 2019 में सार्वभौमिक स्वास्थ्यः हर कोई, हर जगह विषय के साथ मनाया गया था। विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाए जाने की शुरूआत डब्ल्यूएचओ द्वारा 7 अप्रैल 1950 को की गई थी और यह दिवस मनाने के लिए इसी तारीख का निर्धारण डब्ल्यूएचओ की संस्थापना वर्षगांठ को चिन्हित करने के उद्देश्य से ही किया गया था। डब्ल्यूएचओ की स्थापना के साथ ही 1948 में विश्व स्वास्थ्य दिवस की नींव भी रख दी गई थी। दरअसल उस समय लोगों की सेहत को बढ़ावा देने और उन्हें गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से दुनिया के कई देशों ने मिलकर दुनियाभर में ठोस कार्य करने की जरूरत पर बल दिया और आखिरकार विश्व स्वास्थ्य दिवस की नींव रखने के दो वर्ष बाद सन 1950 में पहली बार 7 अप्रैल को यह दिवस मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र का अहम हिस्सा डब्ल्यूएचओ दुनिया के तमाम देशों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर आपसी सहयोग और मानक विकसित करने वाली संस्था है, जिसका प्रमुख कार्य विश्वभर में स्वास्थ्य समस्याओं पर नजर रखना और उन्हें सुलझाने में सहयोग करना है। इस संस्था के माध्यम से प्रयास किया जाता है कि दुनिया का प्रत्येक व्यक्ति शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक रूप से पूर्ण स्वस्थ रहे। हालांकि चिंता की स्थिति यह है कि पिछले कुछ दशकों में एक ओर जहां स्वास्थ्य क्षेत्र ने काफी प्रगति की है, वहीं कुछ वर्षों के भीतर एड्स, कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों के प्रकोप के साथ हृदय रोग, मधुमेह, क्षय रोग, मोटापा, तनाव जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी तेजी से बढ़ी हैं। ऐसे में स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियां निरन्तर बढ़ रही हैं। वैसे तो दुनिया के तमाम देश बीते कुछ दशकों से स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहे हैं लेकिन कोरोना काल के दौरान जब अमेरिका जैसे विकसित देश को भी बेबस अवस्था में देखा गया और वहां भी स्वास्थ्य कर्मियों के लिए जरूरी सामान की भारी कमी नजर आई, तब पूरी दुनिया को अहसास हुआ कि अभी भी जन-जन तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन स्वयं मानता है कि दुनिया की कम से कम आधी आबादी को आज भी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। विश्वभर में अरबों लोगों को स्वास्थ्य देखभाल हासिल नहीं होती। करोड़ों लोग ऐसे हैं, जिन्हें रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताओं तथा स्वास्थ्य देखभाल में से किसी एक को चुनने पर विवश होना पड़ता है।

## चिंतन-मनन

### विचारों की तरंगें

**राजा की सवारी निकल रही थी।** सर्वत्र जय-जयकार हो रही थी। सवारी बाजार के मध्य से गुजर रही थी। राजा की दृष्टि एक व्यापारी पर पड़ी। वह चन्दन का व्यापार करता था। राजा ने व्यापारी को देखा। मन में घृणा और ग्लानि उभर आई। उसने मन ही मन सोचा, यह व्यापारी बुरा है। इसे मृत्युदंड दे देना चाहिए। नगर-परिभ्रमण कर राजा महल में पहुंचा। मंत्री को बुलाकर कहा, मंत्रीवर! न जाने क्यों उस व्यापारी को देखकर मेरा मन उद्विग्न हो गया और मन में आया कि उसको मार डाला जाए। मंत्री ने कहा, राजन्! मैं सारी व्यवस्था करता हूं। मंत्री व्यापारी के पास गया। औपचारिक बातें हुई। व्यापारी ने कहा, मंत्रीजी! चन्दन का भाव प्रतिदिन कम होता जा रहा है। मेरे पास चन्दन का बहुत संग्रह है। लाखों रूपयों का घाटा हो रहा है। मन चिन्ता से भरा है। राजा के सिवाय चन्दन को कौन खरीदे? राजा भी क्यों खरीदेगा? यह तो मरणवेला में प्रचुर मात्रा में काम आती है। मैं घाटे से दबा जा रहा हूं। सच कहूं, आज जब राजा की सवारी निकल रही थी, तब राजा को देखकर मेरे मन में आया कि यदि आज राजा की मृत्यु हो जाए तो मेरा सारा चन्दन बिक जाए, अच्छे मूल्य में बिक जाए। मंत्री ने सुना। राजा के उदास होने और व्यापारी को मृत्युदंड देने की भावना के जागने का रहस्य समझ में आ गया। विचार संप्रमणशील होते हैं। वे बिना कहे दूसरे तक पहुंच जाते हैं। विचारों की रश्मियां होती हैं और तरंगें पूरे आकाशमण्डल में फैल जाती हैं और सम्बन्धित व्यक्ति के मस्तिष्क से टकराकर उसे प्रभावित करती हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** आज दिन शुभ है और भाग्य आपका साथ दे रहा है। आपकी धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी।

**तुला** आज शिक्षा और प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष सफलता मिलने की संभावना है।

**वृषभ** दिन सफलता से भरा होगा और लोगों के साथ अपनी किसी बड़ी सफलता का जश्न मनाएंगे।

**वृश्चिक** लाभ होगा और आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी।

**मिथुन** पिता के आशीर्वाद और अधिकारियों की कृपा से कोई मूल्यवान वस्तु या संपत्ति मिल सकती है।

**धनु** आज लाभ होगा और आपका कुछ पैसा घर के जरूरी सामान पर खर्च होगा।

**कर्क** आज दिन बहुत अच्छा है और आपके लिए अचानक से धन लाभ के योग बनने से आपको खुशी होगा।

**मकर** व्यवसाय में मनचाहा लाभ मिलेगा और आपकी धन से जुड़ी सभी योजनाएं सफल होंगी।

**सिंह** क्षेत्र में बड़ी सफलता प्राप्त होगी और कारोबार में मान सम्मान मिलने से आपको काफी खुशी होगी।

**कुंभ** दिन मुश्किल भरा हो सकता है। अचानक से काफी दौड़भाग करनी पड़ सकती है।

**कन्या** आज दिन लाभ से भरा होगा और आपको अपने कार्य में तेजी लाने से खुशी का अनुभव होगा।

**मीन** आज वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा और आपको धन सम्मान के मामले में लाभ होगा।

## विशेष

### जिला जज के 5 साल के फैसलों की जांच 90 दिन में

**मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने** सिंगरौली जिला के जिला जज द्वारा पिछले 5 सालों में भूमि अधिग्रहण और मुआवजे को लेकर जो फैसले दिए हैं। उनकी जांच हाईकोर्ट के आदेश पर शुरू हो गई है। हाईकोर्ट ने 90 दिन के अंदर जांच रिपोर्ट मांगी है। जिला जज दिनेश कुमार शर्मा द्वारा भूमि अधिग्रहण और मुआवजे के फैसलों को लेकर हाईकोर्ट में शिकायत की गई थी। प्रथम दृश्टया शिकायत सही पाए जाने पर जिला जज के खिलाफ जांच शुरू हो गई है। दिल्ली हाईकोर्ट के एक जज के यहां होली के अवसर पर करोड़ों रुपए मे आग लग जाने का प्रमाणित मामला सामने आया। उसके बाद भी सरकार और सुप्रीम कोर्ट ने चुप्पी साध रखी है। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद कहा जा रहा है। समरथ को नहीं दोष गुसाई। जिला जज पर हाईकोर्ट का हंटर चल गया। हाईकोर्ट जज पर किसका हंटर चलेगा? भारत का संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है। भारत की न्यायपालिका, न्यायाधीशों के लिए समान अधिकार लागू नहीं कर पा रही है। यह कैसी बिडंबना है।

### 110 में से 89 प्रमाण पत्र फर्जी

**मध्य प्रदेश अजब गजब** प्रदेश है। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय की कमेटी ने 110 छात्रों के प्रमाण पत्र की जांच की। इसमें से 89 प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश पर प्रमाण पत्रों की जांच की जा रही थी। यह मामला 2023-24 में बीपीएड और एमपीएड कोर्स के दाखिले से जुड़ा हुआ है। इस जांच के बाद विश्वविद्यालय के रजिस्टर फरार हैं। फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर उपरोक्त दोनों कोर्स पर प्रवेश दिया गया था। जिसकी शिकायत हाईकोर्ट में हुई।

## कार्टून कोना





### आज का इतिहास

1789 सलीम तृतीय तुर्की की गद्दी पर बैंठे. 1848 अंग्रेजों ने बिना मुकदमा चलाए लोगों को बंदी बनाने का कानून को लागू किया. 1920 विश्व प्रसिद्ध सितारवादक रविशंकर का जन्म. 1929 इम्पीरियल एयरबेज ब्रिटेन की विमान सेवा भारत तक पहली बार शुरू हुई. 1947 ब्रिटिश फौजों ने लीबिया बेनगाजी बंदरगाह खाली किया. 1945 अमेरिकी विमान वाहक पोत के विमानों ने जापान के सबसे बड़े युद्धपोत यामातो को डुबो दिया. 1953 स्वीडन के दाग हैमरशोल्ड राष्ट्रसंघ के सदस्य चुने गए. 1988 ईरान और इराक ने एक- दूसरे की राजधानी पर बमबारी की, जिससे काफी लोग हताहत हुए. 1990 चीन ने दूरसंचार उपग्रह का प्रशेषण कर एक नए युग में प्रवेश किया. 1998 सोली सोराबजी नये एटार्नी जनरल बने. 2004 ओडिसी नृत्य के युगपुरुष गुरु केलुचरण महापात्र का निधन. 2005 श्रीनगर-मुजफ्फराबाद बस सेवा कारवां -ए- अमन का उदघाटन.

## दैनिक पंचांग

7 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.11 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | वृष | 07.51 बजे से |
| मंगल | कर्क में | मिथुन | 09.49 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 12.03 बजे से |
| गुरु | वृष में | सिंह | 14.19 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 16.31 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 18.42 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 20.56 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 23.12 बजे से |
| राहुकाल | | मकर | 01.17 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | कुंभ | 03.04 बजे से |
| बजे तक | | मीन | 04.37 बजे से |

**सोमवार** 2025 वर्ष का 97 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2081
**शक संवत्** 1946
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** दशमी 20.01 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पुष्य 06.25 बजे को समाप्त।
**योग** धृति 18.19 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 07.37 बजे तदनन्तर गर 20.01 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 08.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 06° 51'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872307
**जूलियन दिन** 2460772.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** सव्वाल
**तारीख** 08

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore



# आसान तरीके से चढ़ेगा मेहंदी का रंग गहरा

महिलाएं 16 श्रंगार करती है, सजती – संवरती है। उन्हीं में से मेहंदी भी श्रंगार का ही हिस्सा है। इसके बिना तीज त्योहार या किसी भी प्रकार का पर्व पूरा नहीं होता है। लेकिन बदलते दौर में मेहंदी के रंग भी फीके पड़ने लगे हैं। कुछ नुस्खें है जिन्हें फॉलो कर आप अपनी मेहंदी का रंग गहरा कर सकती हो। तो आइए जानते हैं 5 आसान से टिप्स –

- मेहंदी को घोलते समय उसमे में सादा पानी नहीं मिलाते हुए चाय की पत्ती का पानी डालें। इसे बनाने के लिए तपेली में एक कप पानी रखें, उसमे पत्ती डाल दें। पानी को थोड़ी देर उबाल लें और ठंडा होने के बाद उससे मेहंदी घोल लें।
- मेहंदी घोलने से पहले मेहंदी में ही तेल डाल दें। इससे मेहंदी का कलर एक जैसा आता है। वहीं मेहंदी हल्की सी सुख जाने के बाद एक कटोरी में पानी लेकर उसमें शक्कर डाल दें। इसके बाद रूई की मदद से मेहंदी पर लगाएं। कलर अच्छा आएगा।
- मेहंदी सूखने के बाद आप रूई की मदद से अचार का तेल भी लगा सकते हैं। इससे मेहंदी का कलर खूब जमेगा।
- मेहंदी सूखने के बाद आप इसे हटा देते हैं, और लेकिन पानी से हाथ नहीं धोएं। इसके पहले थोड़ी देर के लिए घरेलू बाम का इस्तेमाल करें। अपने हाथों पर हल्के हाथों से लगा लें। ध्यान रहे उंगलियों के पोरस पर नहीं लगाएं। ताकि गलती से आंख में नहीं लग जाएं।
- मेहंदी सूखने के बाद रूई की मदद से हल्के हाथों से मेहंदी का तेल लगा लें। इसके बाद करीब 3 घंटे तक हाथों पर पानी नहीं लगाएं। फिर देखिए कितना गहरा रंग आता है।





# बच्चे को सारी सुविधाएं देने के साथ-साथ उन पर निगरानी

प्रतिस्पर्धा और दिखावे के मौजूदा दौर में अभिभावकों की इच्छा होती है कि उनका बच्चा किसी भी मामले में कम न रहे। इसके चलते वे अपनी संतानों को सहूलियत, पढ़ाई और 'ज़माने के साथ चलने' के नाम पर विभिन्न चीज़ें प्रदान करते हैं, कई बार तो सामर्थ्य से भी बढ़कर। वैसे तो कोई भी वस्तु या सुविधा अपने आप में बुरी नहीं होती, लेकिन दो सिद्धांत यह निर्धारित कर सकते हैं कि वह लाभदायक होगी या हानिकारक। बच्चों पर मोबाइल फोन, गाड़ी, इंटरनेट कनेक्शन, ओटीटी सब्सक्रिप्शन, क्रेडिट कार्ड आदि सुविधाओं के असर का आकलन इन पैमानों पर किया जा सकता है कि उसे फ़ायदे की जगह नुक़सान तो नहीं हो जाएगा और माता-पिता के लिए अप्रिय स्थिति तो पैदा नहीं हो जाएगी।

कई बार काम में व्यस्त माता-पिता छोटे बच्चों को बहलाए रखने या मनोरंजन के लिए मोबाइल फोन थमा देते हैं। इस उम्र में मोबाइल का चमकता स्क्रीन बच्चे की आंखों पर स्थायी रूप से बुरा असर छोड़ सकता है। इसके अलावा, उसके सामाजिक समायोजन और भाषा के विकास पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। स्क्रीन की हलचल और किरदारों की नाटकीयता के चलते भावनाओं का प्रदर्शन और एकाग्रता भी प्रभावित होती है। इस दौरान भले ही बच्चा शांत बैठा रहे, पर यह उसके शारीरिक विकास को अवरुद्ध करता है। हर बार मोबाइल थमा दिए जाने से उसमें ज़िद करने और अपनी बात मनवाने की प्रवृत्ति बढ़ जाती है।

## 6-12 वर्ष

इस उम्र के पढ़ाई के नाम पर मोबाइल फोन और इंटरनेट की सुविधा दी जाने लगी है। वैसे तो कोरोना के ऑनलाइन दौर में यह मजबूरी थी, परंतु अब इसकी कोई आवश्यकता नहीं लगती। विशेषज्ञ कहते हैं कि बढ़ते बच्चों को इंटरनेट पर फटाफट सर्च करके पके-पकाए नतीजे हासिल करने के बजाय मेहनत करके किताबों में खोजने की आदत डालनी चाहिए। इससे उनकी बुनियाद मज़बूत होगी। यही वजह है कि तमाम कैलकुलेटर उपलब्ध होने के बावजूद बच्चों से गणित का अभ्यास कराया जाता है और तथ्य याद कराए जाते हैं। इस उम्र में इंटरनेट की अधिक मदद लेने से परिश्रम करने, दिमाग़ लगाने, चीज़ों को समझने की प्रवृत्ति कम हो जाती है, आंखों को नुक़सान पहुंचता है सो अलग। दूसरी तरफ़, मोबाइल गेम, सोशल मीडिया और विभिन्न तरह के वीडियो देखने की लत भी लग सकती है। समझ के अभाव में कई बार बच्चे ऑनलाइन ग़लत लोगों से दोस्ती कर लेते हैं और साइबर बुलिंग या धोखाधड़ी का शिकार हो जाते हैं। स्क्रीन टाइम की अधिकता उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर डालती है। इससे बच्चों में नींद और एकाग्रता की कमी भी देखी जाती है।

## 13-18 वर्ष

किशोरवय के इस दौर में अभिभावकों को बच्चे की ज़रूरत के साथ-साथ उसके शौक़, फ़ैशन और पीयर प्रेशर का ध्यान भी रखना होता है। इस उम्र में मोबाइल फोन और इंटरनेट के अलावा दुपहिया वाहन, स्मार्टवॉच जैसी चीज़ें भी दिलाई जाने लगी हैं। इस समय इंटरनेट की सीमित ज़रूरत हो सकती है, लेकिन बड़ों की निगरानी में और सिर्फ़ पढ़ाई के उद्देश्य से। ऐसा न हो तो इंटरनेट के असीमित उपयोग से बच्चा वास्तविक और काल्पनिक दुनिया में अंतर नहीं रख पाएगा और संभव है कि वास्तविक दुनिया से उसका संपर्क कट जाए। अभिभावकों की निगरानी न होने पर ऑनलाइन गेम, अनजान लोगों से दोस्ती, पोर्न की लत जैसे बड़े ख़तरे भी हो सकते हैं। जहां तक



स्मार्टवॉच जैसी सुविधा का सवाल है, तो वह स्कूल में भी ध्यान भटकाएगी और स्मार्टफोन से लगातार जोड़े रखेगी, जिसका कोई लाभ नहीं है। उन्हें वाहन देना भी जोखिम भरा हो सकता है, क्योंकि इस उम्र में रोमांच की चाह तो होती है, पर निर्णय क्षमता गतिविधियों के नतीजों की समझ पूर्ण विकसित नहीं होती। एक अध्ययन का निष्कर्ष है कि वयस्कों की तुलना में किशोरवय वाहन चालकों से दुर्घटना की आशंका चार गुना अधिक होती है।

## 18 वर्ष से अधिक

इस उम्र में बच्चे पढ़ाई के लिए कई बार अपने घर से दूर भी जाकर रहते हैं, इसलिए मोबाइल फोन, इंटरनेट, गाड़ी के साथ-साथ क्रेडिट कार्ड जैसी सुविधा भी ज़रूरी लगने लगती है। हालांकि इनसे पूरी तरह वंचित नहीं किया जा सकता, लेकिन उपयोग को सीमित अवश्य किया जाना चाहिए। जैसे, क्रेडिट की एक लिमिट होनी चाहिए और उसे अभिभावक के फोन नंबर से लिंक्ड होना चाहिए, ताकि हर ख़र्च की जानकारी उन तक पहुंचे। वाहन भी दिखावे के बजाय आवागमन में सुविधा के लिए ख़रीदा जाना चाहिए।

### बदलाव ऐसे लाएं

अक्सर देखा गया है कि जब बच्चे सुविधाओं का दुरुपयोग करने लगते हैं तो अभिभावक उनसे वह सब वापस ले लेते हैं। इससे बच्चे विद्रोही भी हो जाते हैं। ऐसे मामलों में माता-पिता इन बातों का ध्यान रखें-

- माता-पिता पहले बच्चों के साथ बातचीत करें और उन्हें समझाएं कि इस सुविधा को कम करने या वापस लिए जाने की आवश्यकता क्यों है।
- नियम बनाएं कि छोटे बच्चे मोबाइल फोन का इस्तेमाल अभिभावक की निगरानी में ही करेंगे और जिस काम से मोबाइल लिया गया है, उसी तक सीमित रहेंगे।
- ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नकारात्मक और हिंसक कार्यक्रमों के लिए हतोत्साहित करें। ओटीटी प्लेटफॉर्म, सर्च इंजन, वीडियो आधारित सोशल मीडिया पर रिस्ट्रिक्टेड मॉड का उपयोग करके अनुचित वेबसाइट/की-वर्ड्स को अवरुद्ध किया जा सकता है।
- कोई भी चीज़ या सुविधा कभी भी सज़ा के तौर पर वापस ना लें।
- बच्चों से यह स्पष्ट कर दें कि प्राइवेसी के नाम पर असीमित छूट नहीं दी जाएगी। ख़ासतौर पर सोशल मीडिया पर माता-पिता फ्रेंडलिस्ट में रहेंगे और आवश्यक होने पर फ्रेंड्स के बारे में जानकारी भी लेंगे।
- सही तरीक़े से सुविधाओं का उपयोग करने पर माता-पिता बच्चों की प्रशंसा भी करें।
- हर सुविधा के उपयोग के लिए एक उपयुक्त समय सीमा निर्धारित करें। बच्चों के साथ-साथ माता-पिता भी अपने लिए सभी सुविधाओं के उपयोग का समय निश्चित रखें।
- बच्चों को सही और ग़लत में अंतर करना सिखाएं तथा उन्हें समय-समय पर नैतिक मूल्यों से अवगत कराएं।



# समर सीजन में जरूर ट्राई करें ये आउटफिट्स

**समर सीजन के हिसाब से अपने वार्डरोब को अपडेट करने का टाइम आ गया है। गर्मियों के हिसाब से हम आपको ऐसे ड्रेसिंग टिप्स दे रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप स्टाइलिश दिख सकती हैं। साथ ही अगर आपने इन आउटफिट्स को कभी ट्राई नहीं किया है, तो यह समर आपके फैशन स्टेटमेंट को बदलने के लिए सबसे परफेक्ट है।**

### टाइअप, वाइड, हाइ वेस्ट ट्राउजर्स

इस साल टाइअप ट्राउजर्स का जबर्दस्त चलन देखने को मिला, ऐसे में आप कलरफुल टाइअप ट्राउजर के साथ स्टाइलिश नजर आ सकती हैं। सबसे खास बात यह है कि यह लुक आप ऑफिस के साथ कैजुअली भी कैरी कर सकती हैं।

### प्लीटेड स्कर्ट

प्लीटेड स्कर्ट पहनने में काफी आरामदायक होने के साथ आपको क्लासी लुक देती है।आप शर्ट के साथ भी प्लीटेड स्कर्ट पहन सकती हैं, वहीं ट्रिप पर जाते हुए आप आप टीशर्ट के साथ भी इसे पहन सकती हैं।

### स्ट्रिप ड्रेस

स्ट्रिप वाली ड्रेस पहले ऑफिस लुक के लिए सबसे अच्छी मानी जाती थी लेकिन बदलते वक्त में स्ट्रिप ड्रेस को डेनिम शॉर्ट के साथ भी कैरी किया जाने लगा। इस साल भी यह फैशन ट्रेंड लोगों के बीच काफी पॉपुलर हुआ।

### सीक्वेन साड़ी

हम ड्रेसेस की चर्चा कर रहे हो और सीक्वेन साड़ी के बारे में बात न हो, यह कैसे हो सकता है।ऐसे में सीक्वेन साड़ी को आप पार्टी में ट्राई कर सकते हैं। यह काफी खूबसूरत नजर आती हैं।

### रफल

इस साल रफल लुक का बोलबाला रहा। बॉलीवुड सेलिब्रिटीज ने रफल साड़ी, रफल टॉप, रफल ब्लाउज सोशल मीडिया पर जमकर फ्लॉन्ट किया। आप आने वाले साल में यह स्टाइल भी कैरी कर सकती हैं।





# सही डेवलपमेंट और ग्रोथ के लिए बच्चे को उसकी उम्र के हिसाब से खाना खिलाएं

**सही डेवलपमेंट और ग्रोथ के लिए बच्चे को अच्छी डाइट की जरूरत होती है। अगर आप बच्चे को उसकी उम्र के हिसाब से खाना खिलाएं, तो इससे उसके विकास में काफी मदद मिलती है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बता रहे हैं कि ढाई साल के बच्चे का हफ्तेभर का डाइट चार्ट कैसा होना चाहिए।**

### सोमवार का भोजन चार्ट

ढाई साल के बच्चे को सुबह 7 से 8 बजे एक कप दूध में ड्राई फ्रूट्स के साथ एक चम्मच गुड़ और शहद डालकर दें। इसके बाद नाश्ते में 8.30 से 9.30 बजे के बीच बच्चे को नारियल की चटनी के साथ एक डोसा खिलाएं। इसके कुछ देर बाद 11 से 11.30 बजे बच्चे को चुकंदर और गाजर का एक कप सूप पिलाएं। 1 से 2 बजे के बीच बच्चे का लंच करवाना है जिसमें उसे आधा कप हरी मटर के चावल और आधा कप चिकन करी खिलानी है। वेजिटेरियन हैं तो आधा कप चावल, आधा कप सहजन की दाल में एक चम्मच घी डालकर और आधा कप दही दें। शाम को 4.30 से 5.30 बजे बच्चे को पनीर सैंडविच दें और फिर रात को 7.30 से 8.15 बजे डिनर में एक मटर का परांठा और आधा कप दही खिलाएं।

### मंगलवार की डाइट

सुबह बच्चे को एक कप दूध में बादाम और एक चम्मच गुड़ और शहद डालकर दें। नाश्ते में बच्चे को सेरेलेक खिला सकती हैं। इसके थोड़ी देर बाद एक वेज रोज और आधा कप तरबूज खिलाना है। लंच में आधा कप वेज पुलाव और आधा कप रायता खिलाएं। शाम को एक कप मैंगो जूस पिलाएं। अब डिनर में बच्चे को घी लगाकर एक रोटी और आधा कप चुकंदर की सब्जी दें। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

### बुधवार का खाना

2.5 साल के बच्चे को सुबह ड्राई फ्रूट्स के साथ एक कप दूध दें। ब्रेकफास्ट में एक इडली और दो चम्मच नारियल की चटनी खिलाएं। कुछ देर बाद एक कप संतरे का जूस पिलाना है। लंच में आधा कप चावल, आधा कप दाल पालक, एक चम्मच घी और आधा कप दही खिलानी है। इसके थोड़ी देर बाद एक रागी का लड्डू और एक केला खिलाएं। डिनर में बच्चे को आधा कप वेजिटेबल खिचड़ी के साथ आधा कप दही दें। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

### बृहस्पतिवार का भोजन चार्ट

सुबह उठने के बाद बच्चे को एक कप केले के मिल्क शेक में एक चम्मच शहद डालकर दें। इसके बाद नाश्ते में एक कटोरी सेरेलेक खिलाएं। कुछ देर बाद बच्चे को आधा कप मिक्स वेज सूप और आधा कप अनानास खिलाना है। दोपहर को लंच में आधा कप मिक्स वेजिटेबल राइस और आधा कप दाल फ्राई खिलाएं। लंच के बाद एक बेसन का लड्डू और आधा कप खरबूजा खिलाएं। डिनर में आधा कप वेज नूडल्स दें। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

### शुक्रवार का डाइट चार्ट

शुक्रवार को सुबह नाश्ते से पहले ड्राई फ्रूट्स के साथ एक कप दूध दें। ब्रेकफास्ट में एक कप पोहा खिलाएं। फिर थोड़ी देर बाद एक संतरा देना है। बच्चे को लंच में आधा कप चावल, आधा कप लौकी की दाल और एक चम्मच घी डालकर खिलाएं। शाम को एक वेज कटलेट के साथ आधा कप लस्सी पिलाएं। रात को डिनर में एक परांठा और आधा कप दाल फ्राई में एक चम्मच घी डालकर परोसें। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

### शनिवार का खाना कैसा रखें

सुबह नाश्ते से पहले ड्राई फ्रूट्स के साथ एक कप दूध दें। इसके बाद नाश्ते में एक कटोरी सेरेलेक खिलाएं। थोड़ी देर बाद एक कप पपीता और 4 से 5 खजूर खिलाएं। लंच में बच्चे को घी लगाकर एक रोटी और आधा कप गाजर और आलू की सब्जी दें। शाम को एक कप गाजर का सूप पिलाएं। रात को डिनर में आधा कप वेजिटेबल पास्ता खिलाएं। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

# टैरिफ: बेहतर स्थिति में भारत खिलौना उद्योग

## घरेलू विनिर्माण बनाना होगा मजबूत; संयंत्र लगाना चाहती हैं कंपनियां

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका की ओर से टैरिफ बढ़ाने के बाद शुरू व्यापार युद्ध के बीच भारत बेहतर स्थिति में है। भारतीय निर्यातक चीन व वियतनाम जैसे प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में ज्यादा लाभ उठा सकते हैं। घरेलू खिलौना उद्योग




भी मौके का फायदा उठाने के लिए पूरी तरह तैयार है। निर्यातकों का कहना है, अंतरराष्ट्रीय पहुंच बढ़ाने के लिए खिलौना उद्योग ने टैरिफ वार शुरू होने से पहले ही क्षमता विस्तार और वैश्विक कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यम बनाने का काम शुरू कर दिया है। सनलॉर्ड समूह के प्रवर्तक अमिताभ खरबंदा ने कहा, अमेरिका के साथ होने वाले व्यापार समझौते से भी खिलौना कंपनियों को निर्यात बढ़ाने में मदद मिलेगी। खिलौनों के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना बनाने की बजट घोषणा से इस क्षेत्र को विस्तार में सहायता मिलेगी।

**भारत में संयंत्र लगाना चाहती हैं कंपनियां–** प्लेग्रो टॉयज इंडिया के सीईओ मनु गुप्ता ने कहा, चीन 80 अरब डॉलर और वियतनाम करीब 6 अरब डॉलर का खिलौना निर्यात करता है। अब उनके उत्पादों पर अमेरिका में भारतीय खिलौनों से अधिक शुल्क लगेगा। ऐसे में कई देशों की शीर्ष खिलौना कंपनियां भारत में संयंत्र स्थापित करना चाहती हैं। भारत का खिलौना निर्यात पिछले तीन वर्षों से 32.6 करोड़ डॉलर से 34.8 करोड़ डॉलर के बीच रहा है।

# 9 महीने में पहली बार सीएनजी के 1-3 बढ़े दाम फिर भी शेयर धड़ाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने सीएनजी के दाम 1–3 प्रति किलोग्राम बढ़ा दी हैं। दिल्ली में सीएनजी 1/केजी महंगी हुई, जबकि अन्य शहरों (जैसे नोएडा, गाजियाबाद) में 3/केजी की बढ़ोतरी हुई है।यह जून 2024 के बाद दिल्ली में सीएनजी की पहली कीमत वृद्धि है। आईजीएल की कुल सीएनजी बिक्री में दिल्ली की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत है, जबकि बाकी 30 प्रतिशत बिक्री अन्य शहरों से आती है।




### शेयर पर असर

शेयर मार्केट में सुनामी की वजह से 4.31 पर्सेंट टूटकर आईजीएल 189 रुपये पर आ गया है। जेफरीज (ब्रोकरेज फर्म) के अनुसार, 2/केजी की बढ़ोतरी से आईजीएल का मार्जिन स्थिर रह सकता है। आईजीएल और एमजीएल (मुंबई गैस) के शेयर पिछले शीर्ष स्तर से अभी भी 30–33 प्रतिशत नीचे हैं।

**क्यों बढ़ी कीमत–** नवंबर 2024 में आईजीएल ने दिल्ली को छोड़कर अन्य शहरों में सीएनजी महंगी की थी। हाल ही में सरकार ने गैस की कीमत 4 प्रतिशत बढ़ाई है।

अप्रैल–सितंबर 2025 के लिए एपीएम गैस की कीमत 6.75 डॉलर प्रति एमएबीटीयू तय की गई है (पहले 6.5 डॉलर थी)। यह अप्रैल 2023 के बाद एपीएम गैस की पहली कीमत वृद्धि है, जो किरीत पारिख समिति की सिफारिशों के अनुरूप है।

# 6 दिन में 2.26 लाख करोड़ स्वाहा

## 52 हफ्ते के लो पर पहुंचा रिलायंस का शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दुनियाभर के शेयर बाजारों में आज भारी गिरावट देखी जा रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ और चीन की जवाबी कार्रवाई से निवेशकों के हाथ-पैर फूल गए हैं। दुनिया में मंदी और महंगाई बढ़ने की आशंका बढ़ गई है। घरेलू शेयर बाजार में भी भारी गिरावट आई है। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 3,000 अंक से अधिक गिर गया। इससे निवेशकों को 19.4 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी है। देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयरों में भी सोमवार को भारी गिरावट आई। बीएसई पर कंपनी का शेयर 7.4 प्रतिशत तक की गिरावट के साथ 52 हफ्ते के सबसे निचले स्तर 1,115.55 रुपये पर आ गया। इसके साथ ही कंपनी का शेयर अब छह कारोबारी सत्रों में 12.7 प्रतिशत गिर चुका है।




इस गिरावट से कंपनी के मार्केट कैप में 2.26 लाख करोड़ रुपये की कमी आई है। कंपनी का मार्केट कैप अब 15.49 लाख करोड़ रुपये रह गया है। रिलायंस का शेयर पिछले एक साल में 21.6 प्रतिशत, छह महीने में 17.4 प्रतिशत और पिछले एक महीने में 5.3 प्रतिशत गिरा है। पिछले एक हफ्ते में ही शेयर 10 प्रतिशत गिर गया है। इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 1,608.95 रुपये है। कंपनी का शेयर पिछले साल 8 जुलाई को इस स्तर पर पहुंचा था।

**क्या कह रहे एक्सपर्ट्स–** तकनीकी रूप से देखें तो शेयर पर अभी भी दबाव है। ये 50-दिन, 150-दिन और 200-दिन के एसएमएएस सहित सभी आठ प्रमुख सिंपल मूविंग एवरेज से नीचे कारोबार कर रहा है। 14-दिन का रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स 37.9 है, जो ओवरसोल्ड जोन के करीब है। रिलायंस जल्द ही अपनी पिछली तिमाही की कमाई का रिपोर्ट जारी करने वाली है। इससे पहले कई ब्रोकरेज कंपनियों ने रिलायंस के कारोबार को लेकर अपनी राय दी है। गोल्डमैन सैश का कहना है कि रिलायंस के शेयर खरीदने में फायदा है। पिछले फाइनेंशियल ईयर की चौथी तिमाही में कंपनी का ईबीअईटीडीए स्थिर रहेगा। उम्मीद है कि रिटेल से होने वाली कमाई में 6.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी।

वहीं जियो की कमाई में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। सबकी नजर इस बात पर होगी कि स्न्ड्ड26 में रिटेल की ग्रोथ कैसी रहेगी और कंपनी नए ऊर्जा प्रोजेक्ट्स पर क्या अपडेट देती है। अनुमान है कि स्न्ड्ड26 में कंपनी की कमाई 18 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। इसकी वजह रिटेल में सुधार और जियो से होने वाली कमाई में तेजी होगी।

## वॉल स्ट्रीट के लड़खड़ाने के बाद एशियाई बाजारों की फूली सांस; जापान, कोरिया और ऑस्ट्रेलिया में बुरा हाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए जवाबी टैरिफ के बाद दुनिया भर के बाजार डर और आशंकाओं के साए में कारोबार कर रहे हैं। व्यापार जंग की आहट के बीच अमेरिकी बाजार भी लड़खड़ा रहा है। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट में शुक्रवार को भारी गिरावट देखी गई थी। इसके बाद सोमवार को जापान के शेयर बेंचमार्क में भी भारी गिरावट आई। टोक्यो के निक्केई 225 इंडेक्स में बाजार खुलने के तुरंत बाद करीब आठ फीसदी की गिरावट आई। ऑस्ट्रेलिया के एसएंडपी/एएसएक्स 200 में छह फीसदी से अधिक की गिरावट आई। ऐसे ही दक्षिण कोरिया के कोस्पी में 4.4 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।



**अमेरिका में हालात सबसे बुरे–** अमेरिकी वायदा में और कमजोरी के संकेत मिले। एसएंडपी 500 के वायदा में 4.2 फीसदी की गिरावट आई, जबकि डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 3.5 फीसदी की गिरावट आई। नैस्डैक में भी 5.3 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

- **कोविड के बाद सबसे खराब प्रदर्शन–** इससे पहले शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट में कोविड के बाद सबसे खराब प्रदर्शन देखा गया। इसने गिरावट का एक नया अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम किया। एसएंडपी 500 में 6 फीसदी की गिरावट आई और डॉव में 5.5 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। नैस्डैक कंपोजिट में भी 5.8 फीसदी की गिरावट आई।
- **चीन के पलटवार के बाद बैकफुट पर अमेरिका–** यह गिरावट तब आई, जब चीन ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से इस सप्ताह की शुरुआत में घोषित टैरिफ में बड़ी वृद्धि पर पलटवार कर अमेरिका पर नए शुल्कों का एलान कर दिया।

# जर्मनी में मोटी सैलरी वाली नौकरी छोड़ गांव में शुरू किया काम, अब 1 करोड़ का टर्नओवर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अशोक कुमावत जर्मनी में अच्छी तनख्वाह पर नौकरी करते थे। लेकिन, हमेशा से वह अपना कुछ करना चाहते थे। नौकरी छोड़कर वह भारत लौट आए। गांव में आंवला और बाजरा से बने उत्पादों का बिजनेस शुरू करने का फैसला किया। उनका यह कदम सही साबित हुआ। उनके कारोबार का सालाना टर्नओवर बढ़कर 1 करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया है। आइए, यहां अशोक कुमावत की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

### जर्मनी में थे रोबोटिक्स ट्रेनर



अशोक कुमावत का इंजीनियरिंग बैकग्राउंड रहा है। वह रोबोटिक्स ट्रेनर थे। इंजीनियरिंग करने के बाद अशोक मिस्र गए। फिर वहां से जर्मनी चले गए। जर्मनी में उन्होंने 6 महीने रोबोट ट्रेनर की नौकरी की। उन्हें हर महीने 2 लाख रुपये मिलते थे। लेकिन, उन्हें अपने लोगों के लिए कुछ करने की इच्छा थी। इसलिए वह वापस अपने गांव लौट आए। वह राजस्थान के पाली गांव के रहने वाले हैं। अब अशोक एक सफल उद्यमी बन चुके हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री स्व–रोजगार योजना के तहत लोन लेकर अपना कारोबार शुरू किया था। यह लोन 25 लाख रुपये का था।

**कच्चे आंवला को बेहतर उत्पादों में बदला** – अशोक राजस्थान में 35 बीघा के खेत पर काम करते हैं। वह कई तरह के फल उगाते हैं। उनके खेत में 1,000 आंवला के पेड़ हैं। कोरोना महामारी के बाद आंवला उत्पादों की मांग बढ़ गई। अशोक ने इस मौके को पहचाना। उन्होंने कच्चे आंवला को बेहतर उत्पादों में बदला। पहले आंवला 8–10 रुपये प्रति किलो बिकता था। अब वही आंवला 200–250 रुपये प्रति किलो बिकता है। अशोक ने 2020 में अपना स्टार्टअप शुरू किया था।

**1 करोड़ से ज्यादा का टर्नओवर** – अशोक का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। उनका सालाना कारोबार 25 लाख रुपये से बढ़कर 1 करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया है। उन्हें आंवले के बारे में शुरू से ही पता था। उनके पिताजी खेती का काम करते हैं। उन्होंने आंवला और मिलेट्स उत्पाद बनाने की ट्रेनिंग ली। अशोक ने अपने बिजनेस की शुरुआत खेत से की। लेकिन, ट्रांसपोर्ट का खर्च ज्यादा था। इसलिए उन्होंने जोधपुर इंडस्ट्रियल एरिया में एक प्लॉट खरीदा। वहां उन्होंने प्रोसेसिंग के काम आने वाली मशीनें लगाईं। इसके बाद उनका काम धीरे–धीरे बढ़ने लगा।

# जेवर खरीदने वालों के लिए खुशखबरी, सोना और चांदी हुई सस्ती



**मुंबई।** शेयर मार्केट में ट्रंप टैरिफ की आग के बाद अब सर्राफा मार्केट में गर्मी बढ़ी है। सोना और चांदी के भाव पिघल रहे हैं। शादियों में सोना-चांदी खरीदने वालों के लिए खुशखबरी है। शुक्रवार के बंद भाव की तुलना में आज 24 कैरेट सोना 2613 रुपये सस्ता होकर 88401 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुला। वहीं, चांदी 4535 रुपये टूटकर 88375 रुपये किलो पर आ गई।

आईबीजेए द्वारा जारी रेट के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड अब 2603 रुपये सस्ता होकर 88047 रुपये पर आ गया है। 22 कैरेट गोल्ड भी 2394 सस्ता होकर 8394 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। 18 कैरेट सोने का भाव आज 1960 रुपये सस्ता होकर 66301 रुपये है। अप्रैल में सोना सोना अबतक 2613 रुपये सस्ता हो चुका है। सर्राफा बाजार के रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किए हैं, जिनमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपये का अंतर आ रहा हो। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा 5 बजे के आसपास। अप्रैल में सोना सोना अबतक 2613 रुपये सस्ता हो चुका है। जबकि, चांदी के भाव 12559 रुपये गिरे हैं। साल 2025 की बात करें तो सोना 12661 रुपये और चांदी 2358 रुपये महंगी हो चुकी है। 31 दिसंबर 24 को सोना 75740 रुपये पर बंद हुआ था।

### भारत में 39 फीसदी से अधिक बैंक खाते महिलाओं के नाम

# बचत में भागीदारी भी सबसे अधिक उन्हीं की

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के कुल बैंक खातों में से 39.2 फीसदी बैंक खाते महिलाओं के नाम हैं। इसके साथ ही दिलचस्प बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में यह आंकड़ा और भी अधिक है। मसलन यहां महिलाओं के नाम 42.2 फीसदी बैंक खाते हैं। यह खुलासा सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की रविवार को जारी भारत में महिला और पुरुष 2024 : चयनित संकेतक और तथ्य शीर्षक से प्रकाशित 26वीं रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट भारत में लैंगिक स्थिति की व्यापक तस्वीर पेश करती है। इसमें जनसंख्या, शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक भागीदारी और निर्णय-निर्माण जैसे क्षेत्रों से संबंधित आंकड़े शामिल हैं। ये आंकड़े विभिन्न मंत्रालयों और सरकारी विभागों से जुटाए गए हैं। मंत्रालय के बयान के मुताबिक, महिलाएं कुल बैंक जमा राशि में 39.7 फीसदी का योगदान देती हैं। ग्रामीण भारत में उनकी भागीदारी सबसे अधिक है, जहां लगभग हर दो में से एक खाता महिला के नाम है। इससे भी अच्छी बात है कि बैंक



खातों में महिलाओं भागीदारी ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे अधिक है। यहां खाताधारकों में उनकी हिस्सेदारी 42.2 फीसदी है।

**डीमैट खातों में भी बढ़ने लगी महिलाओं की भागीदारी–** रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं की शेयर बाजार में रुचि बढ़ने के कारण डीमैट खातों की संख्या में भी जबरदस्त वृद्धि हुई है। 31 मार्च 2021 से 30 नवंबर 2024 के बीच डीमैट खाते 3.326 करोड़ से बढ़कर 14.302 करोड़ जा पहुंचे हैं यानी इनमें चार गुना से भी अधिक की बढ़ोतरी हुई है। बशर्ते पुरुष खाताधारकों की संख्या अब भी अधिक है, लेकिन महिला भागीदारी में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। 2021 में पुरुष खातों की संख्या 2.659 करोड़ थी। यह 2024 में बढ़कर 11.531 करोड़ तक जा पहुंची है। वहीं, महिला खातों की संख्या 0.667 करोड़ से बढ़कर 2.771 करोड़ तक पहुंच गई।

**उद्यमों में आधी आबादी का मालिकाना हक–** रिपोर्ट बताती है कि व्यापार, विनिर्माण और अन्य सेवा क्षेत्रों में महिलाओं के मालिकाना हक वाले प्रतिष्ठानों (प्रोप्राइटरी फर्म्स) की संख्या भी 2021 से 2024 के बीच लगातार बढ़ी है। यह महिलाओं के विकास का खासा अच्छा संकेत है जो बताता है कि महिला उद्यमिता में बढ़ोतरी हो रही है।

**स्टार्टअप में बढ़ने लगी महिला निदेशकों की संख्या–** औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय (डीपीआईआईटी) के मान्यता वाले स्टार्टअप के क्षेत्र में भी महिलाओं की मौजूदगी बढ़ रही है। 2017 में जहां केवल 1,943 स्टार्टअप ऐसे थे जिनमें कम से कम एक महिला निदेशक थीं, वहीं 2024 में इनकी संख्या बढ़कर 17,405 हो गई है।

**शिक्षा में भी निकल रही हैं आगे–** शिक्षा क्षेत्र में भी सकारात्मक संकेत हैं। प्राथमिक और उच्च माध्यमिक स्तर पर लिंग समानता सूचकांक (जीपीआई) लगातार ऊंचा बना हुआ है, जो लड़कियों की मजबूत नामांकन दर को दर्शाता है। ऊपरी प्राथमिक और प्राथमिक स्तर पर थोड़ी घट-बढ़ जरूर रही, लेकिन समता के करीब बनी रही।

### लिंग आधारित मतदान का अंतर हुआ है कम

चुनावों में महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही है। 1952 में भारत में कुल 17.32 करोड़ मतदाता थे, जो 2024 में बढ़कर 97.8 करोड़ हो गए हैं। इस दौरान महिला मतदाताओं की संख्या में भी अच्छी खासी बढ़ोतरी हुई है। इससे लिंग आधारित मतदान का अंतर कम हुआ है।

# जोमैटो फूड डिलीवरी के सीओओ ने दिया इस्तीफा

## कहा- नए अवसर और जुनून को आगे बढ़ाने के लिए उठाया कदम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जोमैटो फूड डिलीवरी व्यवसाय के सीओओ रिंशुल चंद्रा ने इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने बताया कि उन्होंने नए अवसर और जुनून को आगे बढ़ाने का फैसला लेते हुए पांच अप्रैल को इस्तीफा दिया है।




जोमैटो के संस्थापक और सीईओ दीपिंदर गोयल को भेजे त्यागपत्र में चंद्रा ने लिखा कि मैं सात अप्रैल 2025 से प्रभावी इटरनल लिमिटेड के सीओओ फूड ऑर्डरिंग और डिलीवरी बिजनेस के पद से इस्तीफा दे रहा हूं। मैंने नए अवसरों और जुनून को आगे बढ़ाने का फैसला किया है जो मेरे विकसित व्यक्तिगत और पेशेवर लक्ष्यों के साथ जुड़े हैं।

### एआई के कारण जोमैटो ने 600 कर्मियों को निकाला

पिछले दिनों फूड डिलीवरी एप जोमैटो ने पिछले साल शुरू किए गए जोमैटो एसोसिएट एक्सेलरेटर प्रोग्राम के तहत करीब 600 कस्टमर सपोर्ट कर्मचारियों को निकाल दिया था। इन्हें एक साल के भीतर ही भर्ती किया गया था। कंपनी अपने कस्टमर सपोर्ट डिविजन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल बढ़ा रही है। छंटनी का असर गुरुग्राम और हैदराबाद के कर्मचारियों पर पड़ा है।

### मूल कंपनी का बदला गया था नाम

पिछले महीने जोमैटो ने अपनी मूल कंपनी का नाम बदलकर इटरनल लिमिटेड कर दिया था। इटरनल में चार वर्टिकल होंगे। इनका नाम है- फूड डिलीवरी बिजनेस जोमैटो, क्विक कॉमर्स यूनिट ब्लिंकिट , गोइंग-आउट वर्टिकल डिस्ट्रिक्ट और बिजनेस-टू-बिजनेस किराना सप्लाई कंपनी हाइपरप्योर। इटरनल नाम अपनाने के साथ कंपनी दूसरी बार खुद को रीब्रांड कर रही है। 2008 में जोमैटो की स्थापना फूडीबे के रूप में हुई थी और 2010 में इसका नाम बदलकर जोमैटो कर दिया गया था।

2022 में ब्लिंकिट (पहले ग्रोफर्स) के अधिग्रहण के बाद ही आंतरिक रूप से मूल कंपनी का नाम बदलकर इटरनल कर दिया गया था। इसके साथ ही एक संगठनात्मक पुनर्गठन किया गया। इसके तहत एक बड़ी कंपनी की छतरी के नीचे कई व्यवसाय आ गए, इनमें से हर कंपनी का अपना अलग सीईओ था।

# बेटा सताए तो बुढ़ापे में रिवर्स मॉर्गेज स्कीम बेहतर, अपने पास घर रहे और मिले हर महीने पैसा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रिवर्स मॉर्गेज उन वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष रूप से लाभदायक है, जिन्हें नियमित आय स्रोत की जरूरत है। खासकर बुढ़ापे में जब बेटा और बहू सताने लगें तो यह बहुत ही लाभदायक योजना है। इस योजना में कर्ज तब तक नहीं चुकाना होता, जब तक कि ग्राहक घर बेच नहीं देता या उससे निकल नहीं जाता या मौत नहीं हो जाती। इसमें नियमित रूप से किस्त की तरह पैसा मिलता है। यह योजना वरिष्ठ नागरिकों यानी 60 साल से ऊपर के मकान मालिकों के लिए है। अलग-अलग बैंकों की जरूरतें होती हैं जिन्हें ग्राहकों को आवेदन करने के लिए पूरा करना होता है।

जीवनसाथी के साथ आवेदन किया जाता है, तो जीवनसाथी की आयु कम से कम 55 वर्ष होनी चाहिए। अधिकतम आयु सीमा कोई नहीं है। संपत्ति पर बकाया लोन या अन्य वित्तीय दायित्व नहीं होना चाहिए। गिरवी रखी गई संपत्ति की आयु 20 वर्ष से अधिक नहीं हो। कम से कम तीन लाख और अधिकतम एक करोड़ का लोन ले सकते हैं।

संपत्ति पर लोन है तो अनापत्ति प्रमाण पत्र जरूरी है। प्रोसेसिंग फीस लोन का 0.50 फीसदी है। हालांकि, बैंक न्यूनतम फीस 2,000 रुपये और अधिकतम 20,000 रुपये तय करता है। बैंक ग्राहक की उम्र के आधार पर अधिकतम 15 साल तक का लोन देता है। वरिष्ठ नागरिक बिना किसी शुल्क या पेनाल्टी के रिवर्स मॉर्गेज लोन का प्रीपेमेंट कर सकते हैं।



**कई तरह का उठा सकते हैं फायदा–** रिवर्स मॉर्गेज भुगतान के साथ आप रोजमर्रा के घरेलू खर्चों, यात्रा लागतों और चिकित्सा बिलों के लिए पैसे का उपयोग कर सकते हैं। एकमुश्त भुगतान को छोड़कर पैसे का उपयोग पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

### कर लाभ

आयकर कानून-1961 की धारा 10(43) के तहत रिवर्स मॉर्गेज भुगतान को आय नहीं माना जाता है। इसलिए, कर भुगतान से छूट है। रिवर्स मॉर्गेज फंड से घर के नवीनीकरण पर खर्च की गई राशि कर कटौती के लिए पात्र हो सकती है।



## घर पर मिली हार के बाद काव्या मारन की सनराइजर्स हैदराबाद बदलेगी अपना स्टाइल? टीम के हेड कोच ने बताया लगातार 4 हार से क्या सीखा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सनराइजर्स हैदराबाद के लिए इस सीजन की शुरुआत अच्छी नहीं रही है। जिस टीम ने बीते साल विपक्षी टीमों में अपनी तूफानी बल्लेबाजी का खौफ पैदा किया वह टीम इस बार लगातार चार मैच हार चुकी है। पहले मैच में 286 जैसा लक्ष्य खड़ा करने वाली टीम अब बैकफुट पर आ चुकी है। टीम के हेड कोच ने स्थिति को बदलने के लिए अब अपना प्लान बदलने का फैसला किया है।

**इशान किशन ने कही थी बड़ी बात** - सीजन के पहले मैच में इशान किशन ने शतक लगाया था। इसके बाद इशान ने कहा था कि हैदराबाद के कैंप में केवल यही बात होती है कि हर गेंद को अटैकिंग अंदाज में ही खेलना है। हालांकि यह रणनीति इस सीजन में सफल होती नहीं दिख रही है।

**अंदाज बदलेगी सनराइजर्स हैदराबाद** - टीम के हेड कोच डेनियल विटोरी ने कहा, मुझे लगता है कि हम जानते हैं कि यह शैली काम करेगी, लेकिन हमें परिस्थितियों का सम्मान करना होगा, और हमें वास्तव में अच्छी तरह से आकलन करना होगा, और शायद यह कुछ ऐसा है जो हमने नहीं किया है। इसके अलावा, [हमें] यह भी सम्मान करना होगा कि अन्य टीमें कितनी अच्छी गेंदबाजी कर रही हैं, हमने अपने शीर्ष तीन खिलाड़ियों के लिए बहुत सारी योजनाएं बनाई हैं, लेकिन वे कई बार इसे लागू नहीं कर पाए हैं। विटोरी ने कप्तान पैट कमिंस को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि पैट ने अपने जीवन में कभी भी घबराहट महसूस की है, और मुझे लगता है कि मैं भी काफी हद तक ऐसा ही हूं। लेकिन हम लगातार चार मैच हारने के परिणामों को समझते हैं और यह सीज़न को कितना मुश्किल बनाता है। यह कठिन है क्योंकि जाहिर है कि आप पिछले साल [उपविजेता के रूप में समाप्त होने] और फिर बहुत अच्छी शुरुआत के बाद उच्च उम्मीदों के साथ सीज़न में आते हैं।

## आईपीएल 2025: सिराज के 100 विकेट पूरे, जहीर खान की बराबरी, तोड़ सकते हैं नेहरा का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में गुजरात टाइटंस के लिए खेल रहे गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने अपने आईपीएल करियर में 100 विकेट पूरे कर लिए। वह ऐसा करने वाले 12वें भारतीय तेज गेंदबाज हैं। इसी के साथ ही सिराज ने पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान के 102 विकेट की बराबरी कर ली है। सिराज ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी मिला। सिराज आगे इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखते हैं तो वह पूर्व भारतीय गेंदबाज और गुजरात टाइटंस के कोच आशीष नेहरा के 106 विकेट का रिकॉर्ड भी तोड़ देंगे। जहीर खान ने अपने आईपीएल करियर में कुल 100 मैच खेले और 102 विकेट लिए। वहीं, आशीष नेहरा ने आईपीएल करियर में 88 मैच खेले और 106 विकेट लिए। सिराज अगर आने वाले मैचों में चार विकेट लेते हैं तो वह नेहरा से आगे निकल जाएंगे। मोहम्मद सिराज ने 97 मैच में 102 विकेट लिए हैं।



पिछले सीजन में आरसीबी के प्रमुख गेंदबाज के तौर पर खेलने वाले सिराज इस साल गुजरात टाइटंस के लिए गेंदबाजी कर रहे हैं। सिराज ने रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 4 ओवर में 17 रन देकर चार विकेट झटके और सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया। सिराज की इस शानदार गेंदबाजी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज ज्यादा बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर पाए और गुजरात टाइटंस ने 7 विकेट से मैच जीत लिया। इस बेहतरीन गेंदबाजी की बदोलत सिराज आईपीएल 2025 के पर्पल कैप की रेस में दूसरे स्थान पर आ गए हैं। सिराज ने चार मैच की चार पारियों में 9 विकेट चटकाए। सर्वेश्रेष्ठ प्रदर्शन 17 रन देकर चार विकेट रहा है। उनसे ऊपर सीएसके के गेंदबाज नूर अहमद हैं। नूर ने 4 मैच की चार पारियों में 10 विकेट लिए।

सिराज जिस तरह से आईपीएल में गेंदबाजी कर रहे हैं उनके फैंस को उम्मीद है कि वह जल्द ही पर्पल कैप की रेस में पहले पायदान पर पहुंच जाएंगे। बता दें कि गुजरात टाइटंस को अपना अगला मैच 9 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलना है।

वर्ल्ड बॉक्सिंग कप

## मुक्केबाजी विश्व कप में भारत का अभियान समाप्त, भारतीय मुक्केबाजों ने जीते छह पदक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हितेश ने इस टूर्नामेंट में स्वर्ण अपने नाम किया और वह विश्व मुक्केबाजी कप में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बन गए। दरअसल, उनके प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के ओडेल कामारा चोटिल हो गए थे और शनिवार को 70 किग्रा वर्ग के फाइनल के लिए रिंग में नहीं उतर सके।

भारत का ब्राजील के फोड डू इगुआकू में आयोजित विश्व कप अभियान छह पदकों के साथ समाप्त हुआ। भारतीय मुक्केबाजों ने इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया जिसमें हितेश द्वारा जीता गया स्वर्ण पदक भी शामिल है। भारत विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित किसी शीर्ष स्तरीय अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पहली बार हिस्सा ले रहा था।

**विश्व मुक्केबाजी में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय बने हितेश** - हितेश ने इस टूर्नामेंट में स्वर्ण अपने नाम किया और वह विश्व मुक्केबाजी कप में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बन गए। दरअसल, उनके प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के ओडेल कामारा चोटिल हो गए थे और शनिवार को 70 किग्रा वर्ग के फाइनल के लिए रिंग में नहीं उतर सके। भारतीय मुक्केबाज अभिनाश जामवाल ने भी 65 किग्रा वर्ग के फाइनल में जगह बनाई, लेकिन स्थानीय दावेदार यूरी रेइस को कड़ी टक्कर देने के बावजूद उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

हितेश ने अच्छे प्रदर्शन का श्रेय टूर्नामेंट से पहले ब्राजील में आयोजित 10 दिवसीय तैयारी शिविर को दिया जिससे उन्हें और टीम को बहुत मदद मिली। हितेश ने कहा, शिविर ने मुझे कुछ रणनीतिक बारीकियां सीखने में मदद की जिससे मुझे प्रतियोगिता में बहुत मदद मिली। इस टूर्नामेंट ने हमें उच्चतम स्तर का अनुभव प्रदान किया और मुझे खुशी है कि मैं स्वर्ण पदक जीत सका।

**चार मुक्केबाजों ने जीते कांस्य पदक** - भारत के जादुमणि सिंह मंदेंगबाम (50 किग्रा), मनीष राठौड़ (55 किग्रा), सचिन (60 किग्रा) और विशाल (90 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते। भारत ने विश्व मुक्केबाजी कप में 10 सदस्यीय दल उतारा था जो पेरिस ओलंपिक के बाद टीम का पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट था। इस मजबूत प्रदर्शन से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा क्योंकि वे 2028 लॉस एंजिलिस खेलों से पहले ओलंपिक चक्र की तैयारी भी शुरू करेंगे।



## लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में आकर्षण का केंद्र होंगे जोकोविच, वॉ-बोरिस बेकर भी रहेंगे मौजूद

**मैड्रिड, एजेंसी।** महान क्रिकेटर स्टीव वॉ, छह बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन और जोकोविच के पूर्व कोच बोरिस बेकर, दिग्गज फुटबॉल काफू, लुई फिगो के अलाव महान जिम्नास्ट नादिया कोमानेची भी समारोह के दौरान मौजूद रहेंगे। महान टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच स्पेन की राजधानी में होने वाले लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में आकर्षण का केंद्र होंगे। खिलाड़ियों को दिए जाने वाले पुरस्कारों की यह 25वीं वर्षगांठ है। यह लगातार दूसरा साल है जब पुरस्कार समारोह का आयोजन मैड्रिड में हो रहा है। ये पुरस्कार 21 अप्रैल को प्रतिष्ठित पैलेसियो डी सिबेल्स में दिए जाएंगे। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और पांच बार के लॉरेस के साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी जोकोविच ने कहा, लॉरेस विश्व खेल पुरस्कार की 25वीं वर्षगांठ मनाने के लिए फिर से मैड्रिड आना रोमांचक है। मैंने पिछले साल मैड्रिड में अपना पांचवां लॉरेस खिताब जीतने की यादें संजोई हैं और सौभाग्यशाली हूं कि फिर इस समारोह के शामिल होने का मौका मिला है। महान क्रिकेटर स्टीव वॉ, छह बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन और जोकोविच के पूर्व कोच बोरिस बेकर, दिग्गज फुटबॉल काफू, लुई फिगो के अलाव महान जिम्नास्ट नादिया कोमानेची भी समारोह के दौरान मौजूद रहेंगे।

फुटबॉलः

## नवी मुंबई में दिग्गजों की टक्कर, रियल मैड्रिड ने बार्सिलोना को हराया, मोरिएंटेस और बैरल ने दागे गोल



**नवी मुंबई, एजेंसी।** रियल मैड्रिड लीजेंड्स ने रविवार को खेले गए 'लीजेंड्स फेसऑफ' मुकाबले में एफसी बार्सिलोना लीजेंड्स को 2-0 से हरा दिया। यह मैच दोनों दिग्गज स्पैनिश फुटबॉल क्लब के पूर्व दिग्गजों के बीच खेला गया। रियल मैड्रिड की कमान पुर्तगाल के पूर्व कप्तान लुई फिगो संभाल रहे थे, जबकि बार्सिलोना की कप्तानी स्पेन के दिग्गज डिफेंडर कार्लोस पुयोल कर रहे थे। इस मैच के लिए फुटबॉल के कई महान खिलाड़ी नवी मुंबई आए थे। मुकाबला डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला गया। इस मैच के लिए ब्राजील के महान फुटबॉलर रिवाल्डो, पुर्तगाल के पेपे और स्पेन के जावी जैसे फुटबॉलर भारत आए थे। फैंस उन्हें अपनी आंखों के सामने खेलता देख पाए। फिगो समेत कई फुटबॉलर्स ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें भी साझा की हैं। फिगो ने लिखा- मुंबई आना और कुछ पुराने दोस्तों के साथ फुटबॉल खेलकर अच्छा लगा। वहीं, रिवाल्डो ने भी मैच की तस्वीरें साझा की हैं। यह भारतीय फुटबॉल फैंस के लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। मैच की बात करें तो फिगो और माइकल ओवेन के बनाए मौकों को मोरिएंटेस ने गोल में बदल कर 14वें मिनट में रियल मैड्रिड की टीम का बढ़त दिला दी। मैच के शुरुआती हाफ में रियल मैड्रिड का दबदबा था तो वहीं दूसरे हाफ में एफसी बार्सिलोना लीजेंड्स ने मैड्रिड के डिफेंडर्स को भेदने के लिए कड़ी मेहनत की। स्टेडियम में मौजूद दर्शक शोर मचाकर फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

## अश्विन ने सोशल मीडिया पर आलोचना के बाद लिया बड़ा फैसला, सीएसके से किया किनारा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन के यूट्यूब चैनल पर कुछ मेहमानों द्वारा चेन्नई सुपर किंग्स टीम के कुछ खिलाड़ियों की आलोचना की गई थी। इस पर सोशल मीडिया पर आलोचनाओं के बाद अब अश्विन ने बड़ा फैसला लिया है और ष्टस्य के मैचों का पूर्वावलोकन या समीक्षा ना करने का फैसला लिया है। पिछले हफ्ते एक विवाद तब सामने आया जब दक्षिण अफ्रीका और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व डेटा विश्लेषक प्रसन्ना अगोरम, जो अक्सर चैनल पर दिखाई देते हैं, ने अश्विन और रवींद्र जडेजा के टीम का हिस्सा होने के बावजूद अफगानिस्तान के कलाई के स्पिनर नूर अहमद को चुनने के ष्टस्य के फैसले की निंदा की। अगोरम ने दावा किया कि अगर टीम ने तीसरे स्पिनर के बजाय किसी दूसरे बल्लेबाज को चुना होता तो शायद टीम बेहतर स्थिति में होती।

## कराटे वर्ल्ड कप रूस-2025 में बिहार की अनुष्का अभिषेक ने रचा इतिहास

### भारत को दिलाया सिल्वर मेडल

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** अनुष्का की इस ऐतिहासिक जीत पर इंडिया जेन टू शीन कराटे फेडरेशन की सेंडाई शिल्पी सोनम ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पूरे देश के लिए गर्व की बात है कि भारत की बेटियां आज विदेशी खेल मंचों पर भी परचम लहरा रही हैं।

रूस की राजधानी मॉस्को में आयोजित कराटे वर्ल्ड कप-2025 में भारत की ओर से हिस्सा ले रहीं बिहार के मुजफ्फरपुर की 13 वर्षीय अनुष्का अभिषेक ने शानदार प्रदर्शन कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। मास्को के विमपेल स्टेडियम में चार से आठ अप्रैल तक चले इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में अनुष्का ने अपनी प्रतिभा और साहस से सबका ध्यान खींचा।



**वर्ल्ड कप में दमदार प्रदर्शन, फाइनल में रूस से हारीं अनुष्का** - अनुष्का ने टूर्नामेंट में शुरुआत से ही शानदार खेल दिखाया। उन्होंने पहले ताजिकिस्तान, फिर उज्बेकिस्तान और इसके बाद अर्मेनिया की प्रतिभागियों को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में उन्होंने मॉरिशस की खिलाड़ी को हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां उनका मुकाबला मेजबान देश रूस की खिलाड़ी से हुआ। फाइनल में अनुष्का ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन अंत में महज तीन अंकों से हार गई और सिल्वर मेडल के साथ टूर्नामेंट का समापन किया। इस प्रदर्शन ने भारत का नाम अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर एक बार फिर रोशन कर दिया।

**बचपन से रहा खेल के प्रति जुनून** - मुजफ्फरपुर की रहने वाली अनुष्का अभिषेक की सफलता की कहानी जितनी प्रेरणादायक है, उतनी ही संघर्षपूर्ण भी रही है। आमतौर पर इस उम्र में बच्चे केवल पढ़ाई पर ध्यान देते हैं, लेकिन अनुष्का के माता-पिता ने उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ खेल के प्रति भी प्रोत्साहित किया। उनकी मेहनत और परिवार के सहयोग ने आज उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह मुकाम दिलाया। अनुष्का अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच शिहान ई. राहुल श्रीवास्तव को देती हैं, जिन्होंने हर कदम पर उन्हें मार्गदर्शन और समर्थन दिया। राहुल श्रीवास्तव पहले भी अनुष्का को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं।

पाकिस्तान के लिए एक और बुरी खबर

## न्यूजीलैंड से वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप के बाद लगा जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान अभी न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में 3-0 से हार से उभरा नहीं कि उसे एक और झटका लगा है। पाकिस्तान पर माउंट माउंगानुई के बे ओवल में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इससे पहले उसे दौरे के टी20 चरण में 4-1 से हार का सामना करना पड़ा था। यह पांच पुरुष वनडे मैचों में चौथी बार है जब मोहम्मद रिजवान की कप्तानी वाली पाकिस्तान टीम पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को कहा कि मैच रेफरी के एलीट पैनल के जेफ क्रो ने पाकिस्तान पर यह जुर्माना लगाया है। पाकिस्तान को निर्धारित समय में एक ओवर कम फेंकने का दोषी पाया गया था।



आईसीसी ने एक बयान में कहा, खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर उनके द्वारा निर्धारित समय में गेंदबाजी नहीं करने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

मैदानी अंपायर क्रिस ब्राउन और पॉल रीफेल के साथ-साथ तीसरे अंपायर माइकल गॉफ और चौथे अंपायर वेन नाइट्स द्वारा आरोप लगाए जाने के बाद रिजवान ने अपराध स्वीकार कर लिया। जिस मैच में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान पर एकदिवसीय श्रृंखला में जीत हासिल की उसमें माइकल ब्रेसवेल और राइस मारियू ने अर्धशतक जड़े जिससे ब्लैक कैप्स ने 42 ओवर में 264/8 रन बनाए। जवाब में तेज गेंदबाज बेन सियर्स ने लगातार दूसरी बार 5 विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 221 रन पर आउट कर दिया और 43 रन से मैच जीत लिया जबकि मेहमान टीम को मेजबान टीम से लगातार छठी बार पुरुष एकदिवसीय मैच में हार का सामना करना पड़ा।

## 11 साल की उम्र में 55 किलो वजन, वेट कम करने के लिए शुरू की बॉक्सिंग, हितेश ने लगा दी मेडलों की झड़ी

**चंडीगढ, एजेंसी।** हरियाणा के झज्जर के 20 साल के बॉक्सर हितेश गुलिया ने ब्राजील में पहली बार हुए वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में भारत के लिए 70 किग्रा भार वर्ग में पहला स्वर्ण पदक जीता है। हितेश का बचपन में ज्यादा वजन होने की वजह से बॉक्सिंग शुरू की थी। 14 अक्टूबर 2014 को झज्जर के जिला स्टेडियम में वजन कम करने की मंशा से बॉक्सिंग रिंग में उतरे 11 वर्षीय बच्चे ने विश्व पटल पर देश और हरियाणा का नाम रोशन कर दिया है। झज्जर के गांव जहांगीरपुर निवासी 20 वर्षीय हितेश गुलिया ने ब्राजील में पहली बार आयोजित वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में भारत के लिए 70 किग्रा भार वर्ग में पहला स्वर्ण पदक जीता है। 15 जनवरी 2022 को भारतीय नौसेना ज्वॉइन करने के बाद हितेश सर्विसेज की टीम के स्टार मुक्केबाज हैं। सेना में जाने से पहले हितेश के कोच रहे हितेश देसवाल ने बताया कि हितेश के पिता सत्यवान गुलिया पेशे से ठेकेदार हैं। हितेश अपने चार भाई बहनों में सबसे छोटे हैं। 11 वर्ष की उम्र में हितेश का वजन 55 किग्रा से ज्यादा था। इसी को कम करने की मंशा से पिता ने हितेश को उनकी निगरानी में बॉक्सिंग के रिंग में उतारा था। वर्ष 2014 में महर्षि दयानंद सरस्वती स्टेडियम झज्जर में हितेश ने मुक्केबाजी में अपना भविष्य संवारने के लिए कड़ी मेहनत शुरू कर दी।



**रिंग में अच्छे प्रदर्शन से माता-पिता का बढ़ा हौसला** - कोच हितेश देसवाल ने बताया कि हितेश के रिंग में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने से उसके माता-पिता को भी प्रोत्साहन मिला। हितेश स्कूल नेशनल चैंपियन और तीन बार स्टेट चैंपियन भी रहे। वर्ष 2022 में नौसेना में भर्ती होने के बाद ऑल इंडिया सर्विसेज प्रतियोगिता में भाग लेकर कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं व वर्ल्ड मिलिट्री गेम्स में पदक जीते हैं।



# दुआ के जन्म के बाद पहली बार एक साथ स्क्रीन पर दिखे दीपिका-रणवीर

बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा जोड़ी में से एक दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह अपनी बेटी दुआ के जन्म के बाद पहली बार स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आए। दीपिका और रणवीर एक एयर कंडीशनर के विज्ञापन में साथ नजर आए। विज्ञापन को शेयर करते हुए ब्रांड ने लिखा, गुड लुक्स, गुड लुक्स और गुड लुक्स। विज्ञापन में रणवीर कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि कैसे उनकी पार्टी में मेहमान दीपिका के खाने या कहानियों के बजाय उनके एयर कंडीशनर का आनंद ले रहे थे। जब दीपिका नाराज होती हैं तो रणवीर उन्हें यह कहकर मना लेते हैं कि उन्होंने वास्तव में उनके लिए ही एसी खरीदा था। दीपिका और रणवीर को आखिरी बार रोहित शेट्टी की पुलिस सिंघम अगेन में एक साथ देखा गया था। इस फिल्म में दीपिका ने शक्ति शेट्टी उर्फ ??लेडी सिंघम का किरदार निभाया था, जबकि रणवीर ने सिम्बा की अपनी भूमिका दोहराई थी। इस फिल्म में अजय देवगन, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, करीना कपूर, अर्जुन कपूर और जैकी श्रॉफ भी थे। इससे पहले इन दोनों को गोलियों की रासलीला राम-लीला (2013), बाजीराव मस्तानी (2015), पद्मावत (2018) और 83 (2021) में साथ देखा गया था।

# तारा सुतारिया ने सीफूड सैटरडे का लुत्फ उठाया



**बॉलीवुड** अभिनेत्री तारा सुतारिया ने अपने घर पर सीफूड सैटरडे का लुत्फ उठाया। सप्ताहांत के लिए मेन्यू में जेरेश्क बेरीज के साथ पुलाव के बिस्तर पर परोसा गया मेमना, बटरी गार्लिक क्रैब और प्रॉन कॉकटेल, स्ट्रॉबेरी, अखरोट, रॉकेट/अरुगुला सलाद के साथ हनी बाल्समिक ड्रेसिंग और चेरी टमाटर, नींबू, लहसुन, मसालेदार एंकोवी पेस्ट के साथ प्रॉन स्पेगेटी शामिल थे। तारा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, घर पर शनिवार को मैंने बहुत सारा बटरी गार्लिक क्रैब और प्रॉन कॉकटेल पकाया (तस्वीर में नहीं है क्योंकि हमने इसे किसी के फोटो खींचने से पहले ही खा लिया!) स्ट्रॉबेरी, अखरोट, रॉकेट/अरुगुला सलाद शहद बाल्समिक ड्रेसिंग के साथ और पिया ने चेरी टमाटर, नींबू, लहसुन, मसालेदार एंकोवी पेस्ट के साथ एक प्यारा प्रॉन स्पेगेटी बनाया! सीफूड और हमारे सबसे पुराने दोस्तों के साथ शानदार व्हाइट ग्लास... इससे ज्यादा और क्या चाहिए। अभिनेत्री ने कहा, आखिरी तस्वीर में मैंने पहली बार पकाए गए लैम का एक बेहतरीन लेग पीस दिखाया है। जेरेश्क बेरीज के साथ पुलाव की परत पर परोसा गया, यह लाजवाब था। इससे पहले, तारा ने खुशी के बारे में अपने विचार बताए। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक मजेदार वीडियो शेयर किया, जिसमें वह काले और सफेद धारीदार नाइट सूट में मस्ती करती नजर आ रही थीं। इस स्टनर ने 80 के दशक के सिंथ-पॉप ट्रैक पर शानदार लिप-सिंक किया। उनकी पोस्ट का शीर्षक था, अपने पुराने दोस्तों के साथ अपने पीजे में बैठकर 80 के दशक के अपने पसंदीदा गाने बजाने जैसा कुछ नहीं... बहुत ही आनंददायक!!!! (यदि आप इंट्रो पर लिप सिंक नहीं करते हैं तो हम दोस्त नहीं बन सकते!!!) अपने काम के बारे में बात करते हुए, तारा हाल ही में ईशान खट्टर के साथ रोमांटिक ट्रैक प्यार आता है में नजर आईं। स्नेहा शेट्टी कोहली द्वारा निर्देशित, इस मधुर गीत को श्रेया घोषाल ने रीतो रीबा के साथ मिलकर आवाज दी है। प्यार आता है की शूटिंग कश्मीर के पहलगाम में माइनस 10 डिग्री तापमान में की गई थी।




# क्यों संजय दत्त और मौनी रॉय की अगली फ़िल्म द भूतनी बॉक्स ऑफ़िस पर धमाल मचाएगी

मौनी रॉय ने खुद को एक ऐसी अभिनेत्री के रूप में स्थापित किया है जो कभी भी किसी ऐसे रोल के लिए मना नहीं करती जो उन्हें प्रदर्शन करने का पूरा मौक़ा देती हो। और उन्होंने अपनी बॉलीवुड डेब्यू गोल्ड और फिर ब्रह्मास्त्र में उन्होंने जो जुनून का नकारात्मक किरदार निभाकर खुद को साबित किया है। अब वह द भूतनी के साथ बड़े पर्दे पर वापसी के लिए तैयार, जिसमें वह मोहब्बत नाम की मुख्य भूमिका निभा रही हैं, मौनी इस फ़िल्म में संजय दत्त के साथ अपोजिट नज़र आएंगी, जो इस फ़िल्म में एक भूत भगाने वाले की भूमिका निभा रहे हैं। जो कोई यह सोच रहा है कि अभिनेत्री वही किरदार क्यों निभा रही हैं, जो वह पहले छोटे और बड़े पर्दे पर निभा चुकी हैं, तो हम आपको बताते हैं कि इस फिल्म का दर्शकों पर असर इसी कारण से होगा–मौनी और उनकी सुपरनेचुरल पात्रों पर पकड़, और जिस कुशलता से वह इन किरदारों को निभाती हैं, जिससे वे दर्शकों से जुड़ जाते हैं और साथ ही अपनी उपस्थिति से उन्हें आकर्षक भी बनाती हैं। नागिन सीजन 1 और 2 में इच्छाधारी नागिन शिवन्या और शिवांगी के किरदारों ने मौनी को प्रसिद्धि और पहचान के एक नए स्तर पर पहुंचा दिया। इसके बाद उन्होंने ब्रह्मास्त्र में खलनायिका जुनून का किरदार निभाया। अपनी आगामी रिलीज में भूत मोहब्बत के रूप में उनकी भूमिका उनके करियर का तीसरा सुपरनेचुरल किरदार है। मौनी ने यह साबित कर दिया है कि वह जो भी किरदार निभाती हैं, उसमें विविधता लाती हैं। उनके सुपरनेचुरल पात्रों में कभी भी समानता नहीं होती और हर बार कुछ न कुछ नया होता है! भूतनी ट्रेंडिंग हॉरर-रोम-कॉम जॉनर की फिल्मों की लंबी सूची में एक और फिल्म है! मौनी पहले ही बता चुकी हैं कि कैसे फैंटसी-काल्पनिक शैली पलायनवाद के रूप में काम करती है। यह बताने की ज़रूरत नहीं है कि इस फिल्म के पक्ष में एक बहुत बड़ा रिलेटैबिलिटी फैक्टर काम करेगा - भारत एक ऐसा देश है, जहाँ अद्भुत और रहस्यमयी पात्रों से जुड़ी लोककथाएँ प्रचुर मात्रा में हैं। और व्यक्तिगत विश्वासों से परे, हर कोई खुद को एक अच्छा फिक्शन पसंद करता है, है न? मौनी रॉय इस थ्रिलर में दिग्गज अभिनेता संजय दत्त के साथ सनी सिंह, पलक तिवारी, आसिफ खान और बेयूनिक के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नज़र आएंगी, जिसे इसके ट्रेलर लॉन्च के बाद से ही बेहतरीन समीक्षा मिली थी। द भूतनी 18 अप्रैल को रिलीज़ होगी। इस फिल्म के बाद, मौनी रॉय निर्देशक फारुक कबीर के साथ सलाकार में नज़र आएंगी। इस फिल्म में उनकी भूमिका बहुत ही आशाजनक होने का अनुमान लगाया जा रहा है जिसमें अभिनेत्री, एंटरप्रेन्योर और फैशनिस्टा को पहले कभी न देखे गए अवतार में देखा जाएगा!

# 'इंडियन आइडल 15' की ट्रॉफी मानसी घोष के नाम

## जीतने पर मिली चमचमाती कार




'इंडियन आइडल सीजन 15' की ट्रॉफी मानसी घोष ने उठा ली है। रविवार 6 अप्रैल को इसका फाइनल हुआ। प्रतियोगियों ने अपनी आखिरी परफॉर्मेंस दी। मानसी के जीत की घोषणा इंडियन आइडल के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर भी की गई।

### मानसी घोष को दी बधाई

इंडियन आइडल ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर विजेती की घोषणा करते हुए उन्हें बधाई दी। ट्वीट में लिखा, 'इंडियन आइडल सीजन 15 जीतने पर मानसी घोष को बहुत-बहुत बधाई! क्या आवाज है, क्या सफर है! वाकई काबिल-ए-तारीफ आपने हर प्रदर्शन को यादगार बनाया।'

सुभाजीत और स्नेहा शंकर को दी मात

मानसी ने अपनी भावनात्मक और दमदार गायकी के दम पर साथी फाइनलिस्ट सुभाजीत चक्रवर्ती और स्नेहा शंकर को हराया। उनके लगातार प्रदर्शन और दर्शकों से जुड़ने की क्षमता ने उन्हें शीर्ष स्थान हासिल करने में मदद की। शो जीतने पर उन्हें एक नई कार भी मिली।

### 'इंडियन आइडल सीजन 15' का सफर

'इंडियन आइडल सीजन 15' अक्टूबर 2024 में शुरू हुआ और पांच महीने तक चला। इस दौरान शो में कई प्रतियोगियों ने अपने सुरों के जादू बिखेरे। अंत में तीन प्रतियोगी फाइनल तक पहुंचे। अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत मानसी घोष ने शो अपने नाम किया।

### सोशल मीडिया यूजर्स ने क्या कहा?

मानसी की जीत पर सोशल मीडिया यूजर्स ने भी प्रतिक्रियाएं देनी शुरू कर दी हैं। एक यूजर ने लिखा, 'मानसी घोष कितनी शानदार गायिका हैं, वह सच्ची भारतीय रॉक स्टार हैं, उन्होंने अपने ही अंदाज में उनके सामने लिविंग लीजेंड सुखविंदर जी का गाना गाया और उन्हें अपने साथ गाने के लिए कहने पर मजबूर कर दिया, वाह, वह विजेता हैं।



# अमेरिकी इंटरनेट पर वायरल हो रहे ऋतिक

**बॉलीवुड** अभिनेता ऋतिक रोशन अमेरिकी इंटरनेट पर वायरल हो रहे हैं। एक यूजर की पोस्ट ने वहां कि सोशल मीडिया पर बहस छेड़ दी है। बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन हाल ही में अमेरिका के इंटरनेट पर वायरल हो गए। एक सोशल मीडिया पोस्ट ने अभिनेता को लेकर ट्विटर पर बहस शुरू कर दी। दरअसल, एक यूजर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया, जिसमें ऋतिक को 50 साल की उम्र में भी युवा दिखाया गया। इसके बाद से यह पोस्ट तेजी के साथ वायरल होने लगी।

वायरल पोस्ट में ऋतिक रोशन को एक बूढ़े अमेरिकी व्यक्ति के साथ दिखाया गया। दोनों में तुलना कि गई कि पुराने दौर के लोग 50 वर्ष में कैसे दिखते थे और अब के लोग 50 वर्ष में कैसे दिखते हैं। पोस्ट में लिखा है, '1985 में 50 वर्षीय बनाम 2025 में 50 वर्षीय।' यह पोस्ट तेजी से वायरल हो गई, जिसे 48,000 से ज्यादा लाइक और लगभग 6 मिलियन व्यू मिले।

**श्रीलीला को हाल ही भीड़ में किसी शख्स ने हाथ पकड़कर अपनी ओर खींच लिया, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। श्रीलीला एकदम सकपका गईं और उनके साथ कार्तिक आर्यन भी थे, पर ध्यान कहीं और था। श्रीलीला की टीम तुरंत एक्शन में आई और एक्ट्रेस को बचाया। फैंस वीडियो देख गुस्सा निकाल रहे हैं।**

# श्रीलीला के साथ भीड़ में हुई बदतमीजी



हाल ही श्रीलीला के साथ ऐसी हरकत हो गई, जिससे वह बुरी तरह सहम गईं। साथ में कार्तिक आर्यन भी, जो श्रीलीला के आगे चल रहे थे। पर उन्हें पता नहीं चला कि श्रीलीला के साथ क्या हुआ। लेकिन एक्ट्रेस की टीम तुरंत ही हरकत में आई और उन्हें बचाया। दरअसल श्रीलीला को हाल ही कुछ लोगों ने पकड़कर भीड़ के बीच खींच लिया। इसका वीडियो भी सामने आया है, जो वायरल हो रहा है। इसे देख फैंस भी डर गए और रिएक्ट कर रहे हैं। मालूम हो कि एक्ट्रेस श्रीलीला इस वक्त कार्तिक आर्यन के साथ एक फिल्म की शूटिंग कर रही हैं, जिसका अभी नाम तय नहीं किया गया है। इंस्टाग्राम पर पपाराजी ने वीडियो शेयर किया है, जिसमें श्रीलीला और कार्तिक आर्यन अपनी टीम के साथ चलते नजर आ रहे हैं। आसपास लोगों की भीड़ है। तभी भीड़ में से किसी ने श्रीलीला का हाथ पकड़कर अपनी ओर खींच लिया। पर जब यह घटना घटी, तब कार्तिक आर्यन का ध्यान कहीं और था। लेकिन इससे पहले कि मामला बिगड़ता, श्रीलीला की टीम ने उन्हें वापस खींच लिया और चारों ओर से घेर लिया। श्रीलीला काफी घबरा गई थीं, पर बाद में वह थोड़ा मुस्कुराई और सहमी नजर आईं। लोगों की इस हरकत पर फैंस का गुस्सा फूट पड़ा है। इस वीडियो पर एक फैन ने लिखा, बहुत डरावना है। ये किसी के लिए भी सेफ नहीं। एक और कमेंट है, एक्ट्रेसेस को सरेआम यूं मैनहैंडल किया जाना बंद होना चाहिए।

# कपिल शर्मा ने 'राम नवमी' पर शेयर किया 'किस किसको प्यार करूं 2' का नया पोस्टर



**अभिनेता-कॉमेडियन** कपिल शर्मा ने रविवार को अपनी आने वाली फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' का नया पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में कपिल शर्मा और उनकी दुल्हन बनी को-एक्टर मंडप में दिखाई दे रही हैं। दोनों अपने हाथ जोड़कर प्रार्थना करते नजर आ रहे हैं। अभिनेत्री का आधा चेहरा घूंघट से ढका हुआ है, जबकि कपिल ऊपर भगवान की ओर देख रहे हैं। ऐसा लगता है जैसे वह किसी मुश्किल स्थिति से बाहर निकलने के लिए भगवान से प्रार्थना कर रहे हों। पोस्टर में जहां कपिल के चेहरे पर तनाव दिख रहा है, वहीं अभिनेत्री के चेहरे की रेखाएं सुखद भावनाओं की ओर इशारा कर रही हैं। कपिल ने कैप्शन में लिखा, आप सभी को श्री राम नवमी की शुभकामनाएं। आखिरी बार कपिल शर्मा फिल्म 'क्रू' में कैमियो करते नजर आए थे। इस फिल्म में करीना कपूर खान, तब्बू और कृति सेनन भी थीं। 2015 में 'किस किसको प्यार करूं' का निर्देशन करने वाली निर्देशक जोड़ी अब्बास-मस्तान ने इस बार लेखक अनुकूल गोस्वामी को इसकी जिम्मेदारी सौंपी है। अनुकूल ने पहली फिल्म में लेखन क्रेडिट साझा किया था और द कपिल शर्मा शो में कपिल के साथ काम किया है। अब्बास-मस्तान, रतन जैन और गणेश जैन को निर्माता के रूप में क्रेडिट दिया गया है। पिछले साल दिसंबर में कपिल ने अपने स्ट्रीमिंग स्केच कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' पर निर्माता-निर्देशक एटली का अपमान करने के आरोपों का जवाब दिया था। शो के इस एपिसोड में एटली, बॉलीवुड स्टार वरुण धवन और अभिनेत्री वामिका गब्बी शामिल थे, जिसमें कपिल द्वारा एटली के लुक का कथित तौर पर मजाक उड़ाए जाने पर हंगामा हुआ था।

साभार एजेंसी